RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, बुधवार 20 दिसंबर 2023, वर्ष-9 अंक- 258 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

आईपीएल इतिहास में सबसे महंगे बिके स्टार्क, 24.75 करोड़ में केकेआर ने खरीदा

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 का मिनी ऑक्शन मंगलवार (20 दिसंबर) को दुबई में हुआ। इस ऑक्शन में खिलाड़ियों पर पैसों की बारिश हुई है। मिनी ऑक्शन के दौरान सबसे पहले बोली रोवमैन पॉवेल पर लगी। फिर हैरी ब्रूक और ट्रेविस हेड जैसे स्टार्स पर पैसों की बारिश हुई। इस ऑक्शन ने कई खिलाड़ियों को करोड़पति बनाया है। ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने। उन्हें 24.75 करोड़ रुपए में कोलकाता नाइट राइडर्स ने

खरीदा, उनके लिए गुजरात ने भी आखिर तक बोली लगाई। 7 अनकैप्ड प्लेयर करोड़पति बने। समीर रिजवी को चेन्नई सुपर किंग्स ने 8.40 करोड़ रुपए में खरीदा। शुभम दुबे 5.80 करोड़ रुपए में राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा बने। वहीं शाहरुख खान को 7.40 करोड़ रुपए में गुजरात ने खरीदा। विकेट कीपर कुमार कुशाग्र को 7.20 करोड़ रुपए में दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा। गेंदबाज यश दयाल को 5 करोड़ रुपए में बेंगलुरु ने खरीदा। ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस 20.50 करोड़ रुपए में बिके। उन्हें स्टार्क से डेढ़ घंटे पहले ही सनराइजर्स हैदराबाद ने खरीदा था। हर्षल पटेल इस ऑक्शन में सबसे महंगे भारतीय बने। उन्हें 11.75 करोड़ रुपए में पंजाब किंग्स ने खरीदा।

स्टार्क ने दो सीजन ही खेले आईपीएल

मिचेल स्टार्क ने सिर्फ आईपीएल में दो ही सीजन खेले हैं, आखिरी बार वो साल 2015 में आईपीएल खेले थे। इसके बाद से मिचेल स्टार्क कभी आईपीएल नहीं खेले और अब उन्होंने वर्ल्ड कप के बाद वापसी का ऐलान किया तो उन्होंने सारे ही रिकॉर्ड तोड़ दिए। मिचेल स्टार्क ने आईपीएल में 27 मैच खेले हैं, इनमें उन्होंने 34 विकेट लिए हैं।

कमिंस को शामिल करने की लगी होड़

मिचेल स्टार्क के साथ ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस भी करोड़ों में बिके हैं। उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद ने 20.50 करोड़ रुपये की भारी भरकम रकम में खरीदा है। 2 करोड़ की बेस प्राइस वाले कमिंस को खरीदने के लिए आरसीबी और एसआरएच के बीच बिडिंग वॉर देखने को मिला, अंत में एसआरएच ने बाजी मारते हुए उन्हें 20.50 करोड़ रुपये में खरीदा।

सोल्ड खिलाड़ियों की लिस्ट

1. रोवमैन पॉवेल (वेस्टइंडीज)- 7.40 करोड़, राजस्थान रॉयल्स
2. हैरी ब्रूक (इंग्लैंड)- 4 करोड़, दिल्ली कैपिटल्स
3. ट्रेविस हेड (ऑस्ट्रेलिया)- 6.80 करोड़, सनराइजर्स हैदराबाद
4. वानिंदु हसारंगा (श्रीलंका)- 1.50 करोड़, सनराइजर्स हैदराबाद
5. रचिन रवींद्र (न्यूजीलैंड)- 1.80 करोड़, चेन्नई सुपर किंग्स
6. शार्दुल ठाकुर (भारत)- 4 करोड़, चेन्नई सुपर किंग्स
7. अजमतुल्लाह उमरजई (अफगानिस्तान)- 50 लाख, गुजरात टाइटन्स
8. पैट कमिंस (ऑस्ट्रेलिया)- 20.50 करोड़, सनराइजर्स हैदराबाद
9. गेराल्ड कोएत्जी (साउथ अफ्रीका)- 5 करोड़, मुंबई इंडियंस
10. हर्षल पटेल (भारत)- 11.75 करोड़, पंजाब किंग्स
11. डेरिल मिचेल (न्यूजीलैंड)- 14 करोड़, चेन्नई सुपर किंग्स
12. क्रिस वोक्स (इंग्लैंड)- 4.20 करोड़, पंजाब किंग्स
13. ट्रिस्टन स्टब्स (साउथ अफ्रीका)- 50 लाख, दिल्ली कैपिटल्स
14. केएस भरत (भारत)- 50 लाख, कोलकाता नाइट राइडर्स
15. चेतन सकारिया (भारत)- 50 लाख, कोलकाता नाइट राइडर्स
16. अल्जारी जोसेफ (वेस्टइंडीज)- 11.50 करोड़, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
17. उमेश यादव (भारत)- 5.80 करोड़, गुजरात टाइटन्स
18. शिवम मावी (भारत)- 6.40 करोड़, लखनऊ सुपर जायंट्स
19. मिचेल स्टार्क ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सदन में महासंग्राम जारी फिर विपक्ष के 49 सांसद सस्पेंड

नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद के शीतकालीन सत्र के 12वें दिन यानी मंगलवार 19 दिसंबर को विपक्ष ने सांसदों के निलंबन को लेकर दोनों सदनों में हंगामा किया। विपक्षी सांसदों ने सदन के गेट और परिसर में नारेबाजी और प्रदर्शन किया। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही सुबह से 3 बार स्थगित की गई। इसके बाद लोकसभा से विपक्ष के 49 सांसदों को निलंबित कर दिया गया। इस तरह अब कुल 141 सांसद सदन की कार्यवाही में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। यही नहीं, लोकसभा की प्रश्नसूची से 27 सवाल भी हटा दिए गए हैं। ये सवाल निलंबित सांसदों की तरफ से पूछे गए थे। निलंबित टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने संसद के गेट पर सुबह राज्यसभा सभापति

अब लोस और राज में इतने विपक्षी सांसद बचे

लोकसभा में इस समय 538 सांसद हैं। इसमें एनडीए के 329 सांसद हैं। विपक्ष के 14 दिसंबर को 13, 18 दिसंबर को 45 और 19 दिसंबर को 49 सांसद निलंबित किए गए। अब तक लोकसभा से 107 सांसद सस्पेंड किए जा चुके हैं। लिहाजा सदन में अब विपक्ष के 102 सांसद बचे है। राज्यसभा में इस समय 245 सांसद हैं। भाजपा और सहयोगी दलों के 105 सांसद हैं। 34 विपक्षी सांसदों को निलंबित किया गया है। सस्पेंशन के बाद सदन में विपक्ष के 106 सांसद बचे।

जगदीप धनखड़ की मिमिक्री की। इस दौरान, राहुल गांधी समेत विपक्ष के कई नेता मौजूद थे। कई सांसद वीडियो बनाते नजर आए। इस पर राज्यसभा सभापति जगदीप ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सबसे ज्यादा 57 कांग्रेस के सांसद सस्पेंड

14 दिसंबर, 18 दिसंबर और 19 दिसंबर को कुल 141 सांसद सस्पेंड हुए। इनमें कांग्रेस के 57 (लोकसभा से 40, राज्यसभा से 17), एनसीपी के 4 (लोकसभा से 3, राज्यसभा से 1), डीएमके के 21 (लोकसभा से 16, राज्यसभा से 5), सीपीआई-एम के 5 (लोकसभा से 2, राज्यसभा से 3), सीपीआई के 3 (लोकसभा से 1, राज्यसभा से 2), जेडीयू के 14 (लोकसभा से 11, राज्यसभा से 3), नेशनल कॉन्फ्रेंस के 2 (लोकसभा से), तृणमूल कांग्रेस के 21 (लोकसभा से 13, राज्यसभा से 8), सपा के 4 (लोकसभा से 2, राज्यसभा से 2), बसपा का एक (लोकसभा से), आरजेडी के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नई सरकार का विधानसभा में पहला दिन, डॉ. रमन बने अध्यक्ष

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए डॉ. रमन सिंह। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने नव निर्वाचत विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को आसंदी तक लेकर पहुंचे। वहीं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और विपक्षी नेता महंत ने कहा आज जिस स्थान पर बैठे हो वह मेरा अतीत है। सदन को सुचारू रूप से चलाना अब आपकी जिम्मेदारी है। विधानसभा सत्र के दौरान नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नेता

प्रतिपक्ष चरण दास महंत, बृजमोहन अग्रवाल, अजय चंद्राकर और केदार कश्यप ने रमन सिंह को विधानसभा अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा और डिप्टी सीएम अरुण साव, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पुन्नूलाल मोहले, डिप्टी सीएम विजय शर्मा और विधायक भावना बोहरा ने समर्थन किया। विधायकों ने आज विधानसभा परिसर में पद एवं गोपनियता की शपथ ली। कुछ विधायकों ने हिन्दी, संस्कृत और छत्तीसगढ़ी में ली शपथ। रेणुका सिंह, श्यामबिहारी जायसवाल, भैयालाल रजवाड़े, भूलनसिंह मराबी, लक्ष्मी रजवाड़े, शकुंतला सिंह पोर्ते, उदेश्वरी पैकरा, प्रबोध मिंज, राजेश अग्रवाल, रामकुमार टोप्पो, रायमुनी भगत, गोमती साय, विद्यावती सिदार, ओपी चौधरी, उत्तरी गणपत जांगड़े, उमेश पटेल, लालजीत सिंह राठिया, फूलसिंह राठिया, लखनलाल देवांगन, प्रेमचंद पटेल।

■ पेज 3 व 10 भी देंखे।

आज बेबाक

राज्यसभा के सभापति एवं उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को उतारकर टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने राजनीतिक गिरावट की सारी सीमायें लांघ डाली है। उच्च सदन के सभापति का मजाक उड़ाकर उन्होंने जो सड़क छाप हरकत की वह बेहद शर्मनाक है। संसद परिसर में उनकी मिमिक्री के दौरान अन्य विपक्षी सांसद हंस रहे थे। वीडियो बना रहे थे। उपराष्ट्रपति का माखौल उड़ाना लोकतंत्र का मजाक उड़ाना है। जो कतई स्वीकार नहीं है। ऐसे बुड़बक नेता के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए ताकि भविष्य में फिर कोई माननीय से ऐसी वाहियात हरकत करने की जुर्रत न करें।

जीएसटी दूसरा संशोधन विधेयक 2023 लोकसभा में पारित

नई दिल्ली (वार्ता)। लोकसभा ने जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों की आयु एवं योग्यता में संशोधन के प्रावधान वाले केंद्रीय माल एवं सेवाकर (दूसरा संशोधन) विधेयक 2023 को मंगलवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया। यह विधेयक वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने सदन में 13 दिसम्बर को पेश किया था और इसे चर्चा तथा पारित कराने के लिए आज पेश किया गया। इस विधेयक में जीसटी अधिनियम 2017 में संशोधन करके इसके प्रावधानों को ट्रीब्यूनल सुधार अधिनियम 2021 के प्रावधानों के अनुरूप करना है। विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए श्रीमती सीतारमण ने कहा कि जीएसटी न्यायाधिकरण के गठन

से देश में उच्च न्यायालयों तथा उच्चतम न्यायालय में मामलों का बोझ कम होगा और जीएसटी से जुड़े मुद्दों पर न्याय के लिए लोगों को लम्बे समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसका मुख्यालय दिल्ली में होगा और राज्यों में एक या दो पीठ होगी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आडवाणी, जोशी को मिला अयोध्या आने का निमंत्रण

नई दिल्ली (वार्ता)। अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को श्री राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और डॉ मुरली मनोहर जोशी को आमंत्रित किया गया है। विश्व हिन्दू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने दोनों वरिष्ठ नेताओं से भेंट करके उन्हें अयोध्या आने का निमंत्रण दिया। दोनों नेताओं ने कार्यक्रम में आने का पूरा प्रयास करने की बात कही है। आलोक कुमार ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन के पुरोधा आदरणीय लाल कृष्ण आडवाणी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

संसद की घटना पर विपक्षी दलों के बयान खतरनाक : पीएम मोदी

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा के सदन में दो युवकों के कूदने की घटना पर विपक्ष के बयानों को इस घटना जितना ही खतरनाक और लोकतंत्र विरोधी करार दिया है और कहा है कि आगामी आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों की संख्या से पूरा सदन भर जाएगा और विपक्ष का संख्या क्या होगी, सबको अंदाजा है। भाजपा संसदीय दल की वर्ष 2023 की अंतिम बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने यहां संवाददाताओं को बताया कि

प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक में सभी भाजपा सांसदों को संबोधित करते हुए कहा कि यह वर्ष 2023 की अंतिम संसदीय दल बैठक है। उन्होंने कहा कि वह वर्ष 2014 से यदि दिल्ली में रहे हैं तो एक भी संसदीय दल की बैठक से अनुपस्थित नहीं रहे। इसका कारण यह है कि उनके मन में कार्यकर्ता का भाव अब भी जीवित है। विचार के लिए जीना और उसी के लिए कार्य करने से उन्हें सुखानुभूति होती है। जोशी ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विपक्षी के इंडी गठबंधन की आज होने वाली बैठक का उल्लेख करते हुए कहा कि 'आज गठबंधन कुछ लोग मिल रहे हैं, इनका मकसद सरकार को उखाड़ फेंकना है जबकि हम सब जो यहां बैठे हैं, हमारा विचार भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए काम करना है। हम भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए जीयेंगे।'

ममता ने पीएम कैंडिडेट के लिए खड़गे का नाम सुझाया

नई दिल्ली (एजेंसी)। विपक्षी गठबंधन के नेताओं की चौथी बैठक मंगलवार को दिल्ली के अशोका होटल में हुई। इसमें पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने पीएम चेहरे के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम का सुझाव रखा। अरविंद केजरीवाल ने इसका समर्थन किया। पत्रकारों के सवाल के जवाब में खड़गे ने कहा- पहले हम सभी को लोगों को जीतकर आना है, पहले इस पर विचार करना होगा। इस पर काम करेंगे। अगर हमारे पास सांसद नहीं होंगे तो पीएम फेस के बारे में बात करके हम क्या करेंगे। बैठक में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जाति जनगणना पर कांग्रेस में ही रार, पार्टी नेता हुए दो फाड़

■ सीएम बनाम डिप्टी सीएम में ठन गई

नई दिल्ली(ए.)। आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस एक तरफ जाति जनगणना के मुद्दे को जोर-शोर से उठा रही है, तो दूसरी तरफउसी की सरकार में शामिल मंत्री (कैबिनेट) जाति जनगणना के मुद्दे पर दो फाड़ नजर आ रहे हैं। कर्नाटक में जाति जनगणना के समर्थक और विरोधी कांग्रेसी नेता और मंत्री अपनी-अपनी ताकत का इजहार करने वाले हैं। इस मुद्दे पर समर्थक और विरोधी के बीच बंटे जाति समूहों के नेता इस महीने एक बड़े शक्ति प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं। इससे कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस के लिए राजनीतिक संकट पैदा हो गया है। बता दें कि कर्नाटक में जाति जनगणना हो चुकी है लेकिन उसकी रिपोर्ट अब तक जारी नहीं हो सकी है। इस पर विवाद है। प्रभावशाली कांग्रेस विधायक शमनूर शिवशंकरप्पा के नेतृत्व में वीरशैव महासभा ने जाति जनगणना रिपोर्ट जारी करने का विरोध किया है। वह मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और पार्टी को एक राजनीतिक संदेश भेजने के लिए 24 दिसंबर को दावणगेरे में बड़ी रैली करने की योजना बना रहे हैं। अगर सरकार जाति जनगणना की रिपोर्ट स्वीकार करती है तो राज्य में वीरशैव समुदाय अलग-थलग पड़ सकता है।

सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार

राज्य के स्थायी पिछड़ा वर्ग आयोग ने जाति जनगणना या सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार कर ली है और इसे प्रस्तुत करने के लिए सीएम के संकेत का इंतजार कर रहा है। राज्य में लिंगायत और वीरशैव सबसे बड़ा और राजनीतिक रूप से प्रभावशाली जाति समूह है। ऐसा कहा जाता है कि उन्होंने 10 मई के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का समर्थन किया था जिससे उसे भारी जीत हासिल करने में मदद मिली। दूसरे सबसे बड़े समुदाय वोक्कालिगा ने पहले ही सीएम को याचिका दायर कर रिपोर्ट को स्वीकार न करने का आग्रह किया है। हस्ताक्षरकर्ताओं में डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार और कृषि मंत्री एन चेलुवरायस्वामी के अलावा कांग्रेस के कुछ और विधायक भी शामिल हैं।

दूसरी तरफ मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का खेमा

दूसरी तरफ मुख्यमंत्री सिद्धारमैया खेमे से जुड़े ओबीसी नेताओं का एक समूह है, जो 30 दिसंबर को पड़ोसी चित्रदुर्ग में एक जवाबी प्रदर्शन की योजना बना रहा है। दावा किया जा रहा है कि चित्रदुर्ग में दावणगेरे की तुलना में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। चूंकि सिद्धारमैया अल्पसंख्यकों, पिछड़े वर्गों और दलितों (अहिंदा) के भी समर्थक हैं, इसलिए उनका अनुमान है कि ये जाति समूह कुल मिलाकर आकार में लिंगायतों से कहीं बड़ी है।

सिद्धारमैया के लिए तुरूप का पत्ता

सूत्रों ने कहा कि सीएम उस अहिंदा सम्मेलन के समर्थक हैं जिसकी उनके समर्थक और रिपोर्ट को सार्वजनिक करने के समर्थक योजना बना रहे हैं। माना जा रहा है कि रिपोर्ट को स्वीकार करने और इसे सार्वजनिक डोमेन में रखने से सीएम सिद्धारमैया की स्थिति मजबूत हो सकेगी और सत्ता पर भी पकड़ मजबूत हो सकेगी क्योंकि सत्ता पर मजबूत पकड़ रखने वाली दो जाति समूहों की आबादी कम होने से उनकी स्थिति कमजोर हो जाएगी। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, स्वयं पिछड़े समुदाय के सदस्य सिद्धारमैया इस रिपोर्ट को ओबीसी समूहों के चैंपियन के रूप में अपनी छवि को आगे बढ़ाने और आगामी लोकसभा चुनावों में ओबीसी मतदाताओं को कांग्रेस का समर्थन करने के अवसर के रूप में देखते हैं।

विवाद की क्या वजह?

दरअसल, विवाद की वजह वे अटकलें हैं, जिसमें दावा किया जा रहा है कि राज्य में कराए गए 2015 के जाति सर्वे में लिंगायत और वोक्कालिगा की आबादी क्रमशः 17 और 14 फीसदी से घटकर 10 फीसदी हो गई है। इस बीच, सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि रिपोर्ट के प्रकाशित होने से पहले ही अटकलों के आधार पर इसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठाना सही नहीं होगा। रिपोर्ट को सार्वजनिक डोमेन में रखने के पक्ष में बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह सवाल कि रिपोर्ट को स्वीकार किया जाना चाहिए या नहीं, औपचारिक रूप से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही उठेगा।

कर्नाटक से आगे निकला बिहार–बता दें कि कर्नाटक मॉडल पर ही बिहार में कराई गई जाति जनगणना की रिपोर्ट ना सिर्फ सार्वजनिक हो चुकी है बल्कि उसके आंकड़ों के आधार पर विधान मंडल ने नई आरक्षण नीति भी पारित कर दी है और वह लागू हो चुका है। बिहार में सर्वेक्षण से पता चला कि वहां ओबीसी और अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) की आबादी 63त्न से अधिक है।

सपा से ज्यादा सीटों के लिए कांग्रेस निकाल रही काट

नई दिल्ली। विपक्ष के इंडिया गठबंधन की आज चौथी मीटिंग होने वाली है। इस मीटिंग से पहले ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी ने बंगाल में कांग्रेस को महज 2 सीटें देने के संकेत दिए हैं। वहीं सपा भी कई बार यह दोहरा चुकी है कि जिसकी जहां ज्यादा ताकत है, उसे वहां अधिक मौके मिलने चाहिए। ऐसे में यूपी में सपा से गठबंधन होने पर कांग्रेस को कितनी लोकसभा सीटें चुनाव लड़ने के लिए मिलेंगी, यह बड़ा सवाल है। सोमवार को ऐसे ही तमाम सवालों को लेकर यूपी कांग्रेस के नेताओं की राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे से दिल्ली में मीटिंग हुई। इस मीटिंग में यूपी कांग्रेस के ज्यादातर नेताओं और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की सलाह थी कि सपा से ही गठबंधन किया जाए। कुछ नेताओं ने तो बसपा का साथ लेने की भी बात कही, लेकिन मायावती के एकला चलो वाले रुख को देखते हुए उस पर चर्चा नहीं हुई। इस बीच सपा से गठबंधन की स्थिति में कई नेताओं ने सवाल उठाया कि यह समझौता सम्मानजनक होना चाहिए और हमें सीटों को लेकर समझौते से बचना होगा। दरअसल कांग्रेस नेताओं को अखिलेश यादव का रुख देखते हुए लग रहा है कि वह कांग्रेस को रायबरेली और अमेठी के अलावा अन्य सीटें देने में आनाकानी कर सकते हैं। ऐसे में कांग्रेस पहले ही सपा पर दबाव बनाने की कोशिश में है।

मुस्लिम वोटों का दम दिखा कांग्रेस मांगेगी मुरादाबाद जैसी सीटें

इसके अलावा कांग्रेस का कहना है कि उसके साथ मुस्लिम वर्ग एकमुश्त होकर आ रहा है। इसलिए सपा को उन सीटों पर भी बड़ा दिल दिखाना चाहिए, जहां मुस्लिम आबादी की बहुलता है। इन सीटों में मुरादाबाद, सहारनपुर आती हैं। इसके अलावा पूर्वांचल में मऊ और गाजीपुर जैसी सीटों पर भी कांग्रेस दावा ठोक सकती है।

राहुल, खरगे और प्रियंका का भी यूपी से लड़ने का प्लान

कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि पार्टी 2004 और 2009 में जीती हुई सीटों पर दावा कर सकती है। कांग्रेस मानती है कि कुछ शहरी सीटें जैसे कानपुर, प्रयागराज, फूलपुर आदि में उसकी अच्छी पकड़ रही है। ऐसे में यहां सपा को त्याग करना चाहिए। इस मीटिंग में एक और रणनीति पर चर्चा हुई है। वह यह कि सोनिया गांधी तो रायबरेली से चुनाव लड़ती ही हैं। उनके अलावा अमेठी से राहुल गांधी मैदान में उतरें और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी यूपी की ही किसी सीट से चुनावी समर में जाएं। प्रियंका गांधी वाड्रा को भी यूपी की किसी सीट से चुनाव लड़ाने की बात मीटिंग में कही गई। खुद कांग्रेस के यूपी अध्यक्ष अजय राय ने यह सुझाव दिया।

■ न्यूज गैलरी

श्रीनगर, पहलगाम के तापमान में गिरावट

श्रीनगर(वार्ता)। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में मंगलवार को न्यूनतम तापमान शून्य से कम 3.7 डिग्री सेल्सियस और पहलगाम में शून्य से कम 6.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम की सबसे ठंडी रात रही। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में सोमवार को पर्यटक स्थल के लिए तापमान सामान्य से 2.5 डिग्री सेल्सियस कम था जबकि मंगलवार को यहां का तापमान शून्य से कम 5.1 डिग्री सेल्सियस, पुलवामा में शून्य से कम 5.5 डिग्री सेल्सियस, शोपियां में शून्य से कम 6.8 डिग्री सेल्सियस और कुलगाम में शून्य से कम 3.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुलमर्ग में आज तापमान शून्य से कम 6.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो सामान्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस कम है। दक्षिण कश्मीर में श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर काजीगुंड में तापमान एक दिन पहले दर्ज किए गए 0.8 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले आज शून्य से कम 4.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि कोकरनाग में पिछली रात दर्ज किए गए 1.1 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले शून्य से कम 3.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। कुपवाड़ा में पिछली रात दर्ज किए गए 2.2 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले आज तापमान शून्य से कम 3.1 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.4 डिग्री सेल्सियस कम रहा।

चीन के झिंजियांग में भूकंप के तेज झटके

बीजिंग(वार्ता)। पश्चिमोत्तर चीन के झिंजियांग में मंगलवार को भूकंप को तेज झटके महसूस किए गए हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। झिंजियांग उइगुर स्वायत्त क्षेत्र में किज़िलसु किर्गिज़ के एटक्स शहर में मंगलवार को स्थानीय समय के अनुसार पूर्वाह्न 9:46 बजे महसूस किए गए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.5 आंकी गयी। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) ने बताया कि भूकंप का केंद्र धरती की सतह से 10 किलोमीटर की गहराई में 40.02 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 77.86 डिग्री पूर्वी देशांतर में था। काशगर प्रान्त में अटक्स और बाचू काउंटी के कई निवासियों ने एजेंसी को बताया कि उन्हें भूकंप का झटका महसूस हुआ था, लेकिन ज़ोर से नहीं। क्षेत्रीय भूकंप ब्यूरो के अनुसार भूकंप का केंद्र लगभग 1,400 मीटर की ऊंचाई पर एक पहाड़ी क्षेत्र में था, जो शहरी क्षेत्रों से बहुत दूर है। भूकंप के केंद्र स्थल से निकटतम गाँव 38 किमी दूर है। प्रीफेक्चर के अग्निशमन विभाग ने भूकंप के केंद्र वाले क्षेत्र में नौ गाड़ियां आवंटित की हैं।

मध्य प्रदेश विधानसभा में नेहरू की तस्वीर हटाकर अंबेडकर की तस्वीर लगाए जाने का मामला गरमाया

भोपाल(ए)। मध्य प्रदेश विधानसभा में स्पीकर की कुर्सी के पीछे लगी देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर के स्थान पर संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर लगाए जाने के मामले ने सियासी रंग ले लिया है। कांग्रेस इस पर सवाल उठा रही है, वहीं भाजपा के नेताओं ने कहा है कि आखिर ऐसा करने में बुराई क्या है। राज्य विधानसभा में स्पीकर की कुर्सी के पीछे एक तरफ जहां महात्मा गांधी तो दूसरी ओर प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू की तस्वीर लगी हुई थी। मगर अब नेहरू की जगह अंबेडकर की तस्वीर लग गई है। इस मामले पर कांग्रेस ने एतराज जताया है। साथ ही नेहरू की तस्वीर लगाए जाने की मांग की है। कांग्रेस के मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष अब्बास हफीज ने कहा है कि नेहरू की तस्वीर हटाना द्वेषपूर्ण भावना है। देश के पहले प्रधानमंत्री को बार-बार अपमानित किया जा रहा है। यह बीजेपी की आदत बन चुकी है। इतिहास से नाम हटाने के प्रयास किया जा रहे है। अंबेडकर और नेहरू जी की लड़ाई बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं जो तस्वीर 50 साल से विधानसभा में गरिमा पूर्ण तरीके से लगी हुई थी, उसे हटाकर डॉ अंबेडकर की तस्वीर लगाई गई है। इससे जाहिर होता है कि भाजपा विवाद चाहती है। कांग्रेस ने कहा कि भाजपा को साफ करना चाहिए कि आखिर तस्वीर हटाने का मकसद उसका क्या है। वहीं भाजपा के विधायक रामेश्वर शर्मा, गोविंद राजपूत और कृष्णा गौर ने डॉ अंबेडकर की तस्वीर लगाए जाने का स्वागत किया और कहा कि कांग्रेस बताए कि उसे आखिर तस्वीर लगाए जाने पर आपत्ति क्यों हैं। बताया गया है कि यह तस्वीर वर्ष 1997-98 से पुराने विधानसभा भवन मिंटो हॉल से लाकर इस विधानसभा के नए भवन में लगाई गई थी।

अलवर में ट्राला और बोलेरो में टक्कर, 4 की मौत

अलवर(वार्ता)। राजस्थान के अलवर में जिंदोली सुरंग के पास ट्राला एवं बोलेरो के आपस में टकरा जाने पर आज सुबह विद्युत विभाग के एक सहायक अभियंता सहित 4 लोगों की मौत हो गई जबकि दो घायल हो गए। बोलेरो गाड़ी में बिजली विभाग के ये लोग अलवर से जिंदोली की तरफ जा रहे थे। तभी सामने से आ रहे सीमेंट से भरे ट्रोले और बोलेरो आपस में टकरा गये। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन टकराने के बाद जिंदोली सुरंग के बगल में करीब तीस फीट गहरी खाई में जा गिरे। हादसे में सहायक अभियंता एस के अरोड़ा, टेक्नीशियन नटवर, रविंद्र शर्मा एवं ड्राईवर बाबूलाल की मृत्यु हो गई जबकि कनिष्ठ अभियंता राजेश गुर्जर एवं मैकेनिक मगन चंद मीना घायल हो गए।

ज्ञानवापी मामले में मुस्लिम पक्ष को झटका हाईकोर्ट से सभी पांच याचिकाएं खारिज

प्रयागराज(ए)। वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ-ज्ञानवापी भूमि स्वामित्व विवाद मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मंगलवार को बड़ा आदेश दिया है। ज्ञानवापी मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट से मुस्लिम पक्ष को बड़ा झटका लगा है। ज्ञानवापी परिसर का समग्र सर्वेक्षण कराने के निर्देश को चुनौती देने वाली सभी पांच याचिकाएं कोर्ट ने मंगलवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने सुनवाई के दौरान कहा कि वर्ष 1991 में वाराणसी की अदालत में दायर मूल वाद पोषणीय (सुनवाई योग्य) है और यह पूजा स्थल अधिनियम, 1991 से निषिद्ध नहीं है। कोर्ट ने कहा कि मुकदमा देश के दो प्रमुख समुदायों को प्रभावित करता है। हाईकोर्ट ने कहा कि हम वाराणसी जिला ट्रायल कोर्ट को छह महीने में मुकदमे का फैसला करने का निर्देश देते हैं। एक वकील ने बताया कि यह याचिकाएं ज्ञानवापी मस्जिद का प्रबंधन करने वाली अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी और उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड द्वारा दायर की गई थीं। इन याचिकाओं में वाराणसी की अदालत के आठ अप्रैल 2021 को दी गई उस व्यवस्था को भी चुनौती दी गई थी, जिसमें ज्ञानवापी मस्जिद का सर्वेक्षण कराने का निर्देश दिया गया था। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने सिविल वाद की पोषणीयता पर मुस्लिम पक्ष की आपत्ति को आधारहीन करार देते हुए कहा कि परिसर का सर्वे कराने के आदेश में कोई कानूनी खामी नहीं है। कोर्ट ने सभी अंतरिम आदेश भी समाप्त कर दिए हैं। ज्ञानवापी प्रकरण में इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने कहा कि यह फैसला ऐतिहासिक है क्योंकि सभी पक्षों को यह कहा गया है कि मामले को 6 महीने में निस्तारित किया जाए और याचिकाओं को खारिज किया है।

हिंदू समूहों ने कर्नाटक धार्मिक मेले में मुस्लिम विक्रेताओं पर की प्रतिबंध लगाने की मांग

विजयपुरा(ए)। हिंदू समूहों और श्री राम सेना के सदस्यों ने मंगलवार को कर्नाटक के विजयपुरा जिले में प्रसिद्ध ऐतिहासिक श्री सिद्धेश्वर संक्रमण धार्मिक मेले में मुस्लिम विक्रेताओं के व्यवसाय करने पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। समूहों ने मुस्लिम विक्रेताओं को अनुमति दिए जाने पर विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी। इस धार्मिक मेले का इतिहास सौ साल से अधिक पुराना है और यह मकर संक्रांति के दौरान आयोजित किया जाता है। मेले की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इसमें उत्तरी कर्नाटक और महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं। इससे पहले दिन में, हिंदू कार्यकर्ता मंदिर के सामने एकत्र हुए। उन्होंने कहा कि वे इस मुद्दे पर भाजपा विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल को एक ज्ञापन सौंपेंगे।

गौरी खान को ईडी ने भेजा नोटिस

नई दिल्ली। एक्टर शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान को प्रवर्तन निदेशायल ने नोटिस भेजा है। गौरी लखनऊ की रियल स्टेट कंपनी तुलसियानी ग्रुप की ब्रांड एंबेसडर हैं। कंपनी पर निवेशकों और बैंक का तीस करोड़ रुपये ठगने का आरोप है। कंपनी के जांच के दायरे में बॉलीवुड अभिनेता की पत्नी भी आ रही है। फिल्म निर्माता और इंटीरियर डिजाइनर गौरी खान को तुलसियानी ग्रुप ने 2015 में अपना ब्रांड एंबेस्डर बनाया था। कंपनी का प्रोजेक्ट लखनऊ के सुशांत गोल्फसिटी में है। इस प्रोजेक्ट में एक मकान मुंबई निवासी किरीट जसवंत शाह ने 85 लाख रुपये में 2018 में खरीदा था।किरीट शाह ने आरोप लगाया कि उसको ना फ्लैट दिया ना ही पैसे लौटाए गए।

चाय बनाने को लेकर हुआ विवाद, पति ने तलवार से काट दी पत्नी की गर्दन, हुआ फरार

गाजियाबाद (ए)। गाजियाबाद के भोजपुर थाना इलाके में मंगलवार सुबह एक पति-पत्नी के बीच चाय बनाने को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद के चलते पति ने घर में रखी धारदार तलवार से पत्नी की गर्दन पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। उसके बाद वह फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी पति की तलाश कर रही है। गाजियाबाद के थाना भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव फ़जलगढ़ में मंगलवार सुबह करीब 6 बजे धर्मवीर नाम के एक व्यक्ति का अपनी पत्नी सुंदरी (50) से सुबह सुबह चाय बनाने को लेकर विवाद हो गया।

लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी को मिला अयोध्या का न्योता

नयी दिल्ली(वार्ता)। अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को श्री राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और डॉ मुरली मनोहर जोशी को आमंत्रित किया गया है। विश्व हिन्दू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने दोनों वरिष्ठ नेताओं से भेंट करके उन्हें अयोध्या आने का निमंत्रण दिया। दोनों नेताओं ने कार्यक्रम में आने का पूरा प्रयास करने की बात कही है। श्री आलोक कुमार ने आज यहां कहा राम मंदिर आंदोलन के पुरोधा आदरणीय लाल कृष्ण आडवाणी जी और आदरणीय डॉ मुरली मनोहर जोशी जी को अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया। रामजी के आंदोलन के बारे में बात हुई। दोनों वरिष्ठों ने कहा कि वह आने का पूरा प्रयास करेंगे।

जमू में रोहिंग्याओं को आश्रय देने वाले मददगारों के खिलाफ कार्रवाई

जम्मू(ए)। जम्मू पुलिस ने एक बड़े अभियान के तहत कई छापे मारकर जम्मू में रोहिंग्याओं को आश्रय देने वाले मददगारों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के एक बयान में कहा गया, आज, उन सभी लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई, जो देश के गैर-नागरिकों, रोहिंग्याओं को आश्रय प्रदान करने और सरकारी लाभ दिलाने में मददगार रहे हैं। इन एफआईआर में बाहरी देश विदेशियों के लोगों (रोहिंग्या) को शरण देने का आरोप पाया गया है। पुलिस ने कहा कि मजिस्ट्रेटों की मौजूदगी में जम्मू जिले के विभिन्न स्थानों पर जहां गैर नागरिकों को ठहराया जाता है और सुविधा देने वालों के आवासीय स्थानों पर भी तलाशी ली गई।

पुलिस ने कहा, तलाशी के दौरान अवैध रूप से हासिल किए गए भारतीय दस्तावेज जैसे पैन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक दस्तावेज और अन्य आपत्तिजनक चीजें जब्त की गई।

मामले की जांच शुरू हो गई है और अन्य विवरण बाद में साझा किए जाएंगे। भविष्य में ऐसे सभी डिफॉल्टरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

तमिलनाडु में एक दिन में सालभर की बारिश, 800 ट्रेन यात्री बाढ़ के कारण आज भी स्कूल-बैंक बंद

चेन्नई(ए.)। हिन्द महासागर में केप कोमरिन के पास उठे चक्रवात की वजह से तमिलनाडु के दक्षिणी जिलों में रविवार से ही मूसलाधार बारिश हो रही है। इससे राज्य के कई इलाकों में बाढ़ आ गई है। बाढ़ के कारण तमिलनाडु के तूतूकुड़ी जिले के श्रीवैकुंटम में लगभग 800 रेल यात्री फंसे हुए हैं। मंदिर नगरी तिरुचेंदूर से चेन्नई जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन के यात्री श्रीवैकुंटम में कल से ही फंसे हुए हैं, जो बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र है। तूतूकुड़ी में अब तक 525 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई है। भारी बारिश और बाढ़ की वजह से श्रीवैकुंठम में रेल लाइन के नीचे से मिट्टी का कटाव हो गया है। इससे सीमेंट स्लैब से जुड़ी लोहे की पटरियाँ लटकी हुई हैं। एक अधिकारी ने कहा कि फंसे यात्रियों को निकालने के लिए सभी प्रयास जारी हैं और एनडीआरएफ अधिकारियों ने मोर्चा संभाल लिया है। तिरुचेंदूर-चेन्नई एग्मोर एक्सप्रेस 17 दिसंबर को रात 8: 25 पर तिरुचेंदूर से चेन्नई के लिए रवाना हुई थी। भारी बारिश और बाढ़ की के कारण ट्रेन को तिरुचेंदूर से लगभग 32 किलोमीटर दूर श्रीवैकुंटम रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया था। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर 800 यात्री फंसे हुए हैं और उनमें से लगभग 500 श्रीवैकुंटम रेलवे स्टेशन पर और लगभग 300 नजदीकी स्कूलों में ठहरे हुए हैं। दक्षिणी रेलवे ने तिरुनेलवेली-तिरुचेंदूर खंड पर श्रीवैकुंटम और सेदुंगनल्लूर के बीच रेल यातायात निलंबन की घोषणा की, क्योंकि बाढ़ में पटरियां पूरी तरह डूबी हुई हैं। इधर मौसम विभाग ने अगले 24 से 48 घंटों तक भारी बारिश की संभावना जताई है। बारिश और बाढ़ को देखते हुए दक्षिण रेलवे ने 15 ट्रेनों को कैंसल कर दिया है, जबकि कई गाड़ियों के रूट में बदलाव किया है। चक्रवात की वजह से उड़ानों पर भी बुरा असर पड़ा है। दक्षिणी जिलों में आज स्कूल-कॉलेज और बैंकों को बंद कर दिया गया है। तिरुनेवेली, तूतीकोरिन, तेनकासी और कन्याकुमारी में सबसे ज्यादा हालात खराब हुए हैं। बाढ़ की वजह से इन जिलों में अब तक 7500 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। बाढ़ के हालात को देखते हुए राज्य सरकार ने दक्षिणी जिलों में राज्य आपदा राहत बल और राष्ट्रीय आपदा राहत बल के 250 से ज्यादा जवानों को तैनात किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार को कहा कि दक्षिणी तमिलनाडु के 39 क्षेत्रों में अत्यंत भारी बारिश दर्ज की गई है।

भारत में दोबारा पैर पसार रहा कोरोना वायरस

नई दिल्ली(ए.)। दुनियाभर में कोरोनावायरस एक बार फिर अपने पैर पसार रहा है। भारत में रविवार को कोविड के 300 से ज्यादा नए केस सामने आए वहीं, संक्रमण के चलते 5 लोगों की मौत हुई। सोमवार को देश में कोरोना संक्रमण के 260 नए मामले सामने आए। हाल ही में सामने आया कोरोना का नया वेरिएंट भी चिंता का विषय बना हुआ है। एक्सपर्ट का कहना है कि छ्वह्.1 स्ट्रेन पहले के वेरिएंट्स से कहीं ज्यादा खतरनाक हो सकता है। भारत में केरल से छ्वह्.1 वेरिएंट का पहला मामला सामने आया है।

पड़ोसी राज्य केरल में एक बार फिर से कोविड के मामलों में बढ़ोत्तरी के साथ ही वायरस के एक सब वेरिएंट का पता चलने के बाद कर्नाटक सरकार ने 60 साल की उम्र से ज्यादा के लोगों और अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए भी फेस मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया है। इसके अलावा, बुखार, सर्दी और खांसी के लक्षणों वाले व्यक्तियों को भी अनिवार्य रूप से मास्क पहनना आवश्यक है। कर्नाटक में सरकार एलर्ट

स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडुराव ने सोमवार को मडिकेरी में वायरस के प्रति सबसे संवेदनशील लोगों की सुरक्षा के राज्य के प्रयासों के तहत इसकी घोषणा की। केरल से लौटने वाले सबरीमाला तीर्थयात्रियों पर संभावित प्रतिबंधों के संबंध में मंत्री ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में आंदोलनों या सभाओं पर कोई प्रतिबंध नहीं है। हालांकि, उन्होंने कहा कि चामराजनगर, कोडागु और दक्षिण कन्नड़ सहित केरल की सीमा से लगे जिलों में निगरानी जारी रहेगी। पर्यटकों और श्रद्धालुओं, खासकर राज्य से सबरीमाला जाने वाले लोगों को सावधान किया गया है।

स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया करेंगे समीक्षा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया कुछ राज्यों में कोविड-19 सहित सांस संबंधी बीमारी के मामलों में वृद्धि के मद्देनजर स्वास्थ्य सुविधाओं और सेवाओं की तैयारियों की 20 दिसंबर को समीक्षा करेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि मांडविया सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों और अतिरिक्त मुख्य प्रमुख सचिवों और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ डिजिटली समीक्षा बैठक करेंगे।

न्यूज गैलरी

पाररास समपार फाटक बालोद गेट मरम्मत के लिए बंद

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर रेल मंडल के बालोद - कुसुमकसा स्टेशनों के मध्य स्थित समपार फाटक क्रमांक 929/13-14 (पाररास) फाटक गेट पर रेलवे के मरम्मत का कार्य दिनांक 19 दिसंबर दिन मंगलवार को समय 21:00 बजे से दिनांक 20 दिसंबर दिन बुधवार को समय 09:00 बजे तक समपार फाटक पर सड़क आवागमन बंद रहेगा । समपार फाटक की मरम्मत करना रेल यातायात व यात्रियों की संरक्षा की दृष्टि से अति आवश्यक हैं । रेल प्रशासन सभी से सहयोग की आशा करता है ।

निर्धारित जगह के अलावा कहीं और मांस-मटन की दुकान खुली तो कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में खुले में मांस-मटन बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की तैयारी की जा रही है। रायपुर नगर निगम द्वारा चेतावनी दी गई है कि निर्धारित जगहों के अलावा कहीं मांस मटन बेचने पर आज से कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी दुकानदारों को मांस-मटन को ढककर रखने की भी चेतावनी दी गई है। आज से दो दिन मांस मटन की दुकानें बंद भी रहेंगे। निगम प्रशासन की ओर से कहा गया है कि शिकायत मिल रही है कि मांस-मटन का विक्रय कहीं भी किया जा रहा है। जिससे आसपास के क्षेत्र में गंदगी फैल जाती है और वातावरण भी दूषित हो रहा है। मांस-मटन का विक्रय के लिए शहर में जगह निर्धारित की गई है। निर्धारित जगह के अलावा कहीं भी इसे बेचते पाए जाने पर आज से उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

अवैध शराब बेचते महिला सहित तीन गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते एक महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 138 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 3350 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मौदहापारा पुलिस ने रजबंधा मैदान के पास अवैध शराब बेचते आरोपी शशांत पाण्डे 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 18 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 250 रुपए जब्त किया है। इसी तरह देवेन्द्र नगर पुलिस ने समलेश्वरी नगर में दबिश देकर अवैध शराब बेचते आरोपी दीपक सेंद्रे 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 30 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 300 रुपए जब्त किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने ग्राम छेरीखेड़ी में दबिश देकर अवैध शराब बेचते आरोपी महिला रानी मनहरे 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 90 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 2800 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

कॉर्पोरेट ऑफिस से साढ़े 3 लाख रुपए पार

रायपुर/नवप्रदेश। तेलीबांधा स्थित शुभम कॉर्पोरेट में काम करने वाला सहकर्मी ने ऑफिस के आलमारी से नकदी 3 लाख 50 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजेश कुमार पाठक 56 वर्ष मधुबन कालोनी अमलीडीह का रहने वाला है। प्रार्थी तेलीबांधा स्थित शुभम कार्पोरेट ऑफिस में काम करता है। बताया जाता है कि आरोपी घनश्याम प्रधान भी प्रार्थी के साथ उसी ऑफिस में काम करता है। जहां काम करने के दौरान आरोपी ने ऑफिस के आलमारी से 24 अक्टूर से 31 अक्टूबर 2023 के मध्य 3 लाख 50 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

बाइक सवार युवक की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम किरना में ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक प्रमोद वर्मा 27 वर्ष अपनी बाइक से कहीं जा रहा था। जिससे ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 4 एनडी 6105 के चालक रामजी साहू ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार प्रमोद की मौत हो गई। मामले में नेवरा पुलिस ने ट्रैक्टर जब्त कर चालक के खिलाफ कार्रवाई की है।

पूजा की थाल लेकर विधानसभा पहुंचे रिकेश, आरती उतारी, नारियल फोड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विस के षष्ठम सत्र में नवनिर्वाचित विधायकों का अलग अंदाज़ दिखा। किसी ने माथा टेका तो कोई पैदल चलकर पहुंचा वैशाली नगर से विधायक रिकेश सेन तो सीधे पूजा की थाली लेकर पहुंचे, उन्होने विधानसभा द्वार पर आरती उतारी फिर नारियल फोड़ा और साष्टांग दण्डवत किया। वहीं भटगांव विधानसभा से विधायक लक्ष्मी राजवाड़े ने विधानसभा प्रवेश के दौरान द्वार पर माथा टेका। अपने क्षेत्र में भवन होने के कारण विधायक अनुज शर्मा पैदल चलकर शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने पहुंचे। छत्तीसगढ़ी राजभाषा मंच के संरक्षक नंदकिशोर शुक्ल ने छत्तीसगढ़ी भाषा को मान दिलाने के लिए मांग की है कि नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ी में शपथ ली।

विधायक लक्ष्मी राजवाड़े ने द्वार पर टेका माथा

सूरजपुर जिला के भटगांव विधानसभा से विधायक लक्ष्मी राजवाड़े ने विधानसभा प्रवेश के दौरान द्वार पर माथा टेक कर प्रवेश किया और अपनी संस्कृति का परिचय दिया। तो वहीं धरसीवां विधायक अनुज शर्मा पैदल चलकर विधानसभा पहुंचे।

पैदल चलकर विधानसभा पहुंचे अनुज शर्मा

छत्तीसगढ़ का विधानसभा भवन धरसीवां विधानसभा क्षेत्र में स्थित है। अपने क्षेत्र में भवन होने के कारण विधायक अनुज शर्मा पैदल चलकर शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने पहुंचे।

स्पीकर निर्वाचित होने के बाद माननीयों की टिप्पणी और कटाक्ष से गूंजा सदन

सत्तापक्ष ने अध्यक्ष से कहा सत्तापक्ष, विपक्ष और निष्पक्ष अध्यक्ष की गौरवशाली परंपरा बरक़रार है

रायपुर/नवप्रदेश। हास परिहास के बीच छत्तीसगढ़ का षष्ठम विधानसभा का शीतकालीन सत्र मंगलवार को पहला दिन था। डॉ रमन सिंह के स्पीकर निर्वाचित होने के बाद माननीयों की टिप्पणी और कटाक्ष से सदन गूंज उठा। सत्तापक्ष ने अध्यक्ष से कहा सत्तापक्ष, विपक्ष और निष्पक्ष अध्यक्ष की गौरवशाली परंपरा बरक़रार है। सदन की परंपरा अनुसार प्रोटेम स्पीकर रामविचार नेताम ने सभी सदस्यों का स्वागत किया और फिर विधायकों के शपथ ग्रहण के साथ सदन की कार्यवाही बुधवार सुबह तक के लिए स्थगित कर दी गई है। इस बीच सदन मे विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के निर्वाचन के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के वरिष्ठ सदस्यों के बीच हास-परिहास का दौर भी चलता रहा।

बड़े ही खुशनुमा माहौल में कई दफे सदन में ठहाके भी लगे। सदन मे विधानसभा अध्यक्ष के निर्वाचन पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के उद्बोधन के समय भी जब बघेल ने कहा- मै तो ज़ब चुना गया तो लगा मै और डॉ साहब ही पूर्व मुख्यमंत्री होंगे ! पर यंहा तो दो दो उपमुख्यमंत्री भी बना दिए,, सब की भूमिका बदलती है।

- **बृजमोहन-** अचानक खडे हो कर श्री बघेल को कटाक्ष किये और बोले- ये सब छोड़ियेज्उधर इधर की बात ना कर ये बतायें कि कारवा क्यों लुटा? यह सुनते ही पूरा सदन ठहाकों से गूंज उठा।
- **जवाब में पूर्व मुख्यमंत्री श्री ने कहा-** अभी ये बताने के लिए बहुत समय मिलेगा। तभी सत्तापक्ष से किसी विधायक ने कहा-हम तो 15 थे आप लोग 35 पर आ गए। तो भूपेश बघेल ने फिर पलटवार करते हुए मुस्कुराकर कहा ङ्क वही बोल रहा हूं, आप लोग 15 थे, फिर भी आप लोगो को हम से ज्यादा समय बोलने के लिए सदन में मिला।

हम लोग महंत जी को बोलते थे ये लोग कम है फिर भी ज्यादा समय बोलते है। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत जी मेरे बाजु मे बैठे है हमारे अध्यक्ष जी ने आप लोगो को समय दिया।

आप लोग 15 थे फिर 14 हुए फिर 13 हुए फिर भी समय ज्यादा मिला, अध्यक्ष के कमरे मे हम महंत जी को बोलते थे बीजेपी की तरफ इशारा करते हुएज्इन लोगो को ज्यादा मौका मिलता है। उद्बोधन के अंत में भूपेश बोले डॉ रमन सिंह अब अध्यक्ष हैं सदन के उनसे गुजारिश है वो विपक्ष को पर्याप्त समय देंगे।

विशेष आमंत्रित अतिथि दीर्घा में बैठे दिखे ये

स्पीकर डॉ रमन सिंह की पत्नी, पुत्र और पुत्र वधु भी विधानसभा अध्यक्ष पद पर असिन होने के समय सदन में मौजद थीं। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय और गौरी शंकर अग्रवाल भी शपथ सत्र की कार्रवाई के दौरान दीर्घा में मौजूद थे।

नक्सली के स्मारक को किया ध्वस्त

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश के परिपालन में पुलिस एवं सुरक्षा बलों द्वारा राज्य में नक्सलियों के विरूद्ध कार्रवाई तेज कर दी गई है। नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत बस्तर अंचल के सुदूर इलाकों में एरिया डामिनेशन और काम्बिंग शुरू कर दी गई है। बड़े पैमाने पर सर्चिंग की जा रही है। इसी सिलसिले में सुकमा जिले के सलातोंग गांव के मध्य नक्सलियों द्वारा बनाया गया विशालकाय स्मारक पुलिस के जवानों की मौजूदगी में ध्वस्त कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के निर्देशन में एएसपी नक्सल ऑपरेशन प्रभात कुमार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस जवान सलातोंग गांव पहुंचे और गांव के बीच बने नक्सली स्मारक को जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त कर दिया। पूरे जिले में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है।

स्मोक अटैक का असर, दर्शक दीर्घा में एंट्री नहीं, सशस्त्र PSO भी बाहर

छत्तीसगढ़ विधानसभा की सुरक्षा में 600 जवान तैनात, ङ्कढ्ढक्क सुरक्षा में तैनात हथियारबंद क्कस्ह्र भी विधानसभा के बाहर

रायपुर/नवप्रदेश। स्मोक अटैक के बाद छत्तीसगढ़ विधानसभा की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र में दो बड़े बदलाव दिखे। पहला संसद में स्मोक अटैक के बाद सुरक्षा में 600 जवान तैनात किये गए हैं तो सुरक्षा के मद्देनज़र ङ्कढ्ढक्क सुरक्षा में तैनात सशस्त्र क्कस्ह्र को भी विधानसभा से बाहर रखा गया। वहीँ विधानसभा सुरक्षा में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का ही परिणाम था कि विधानसभा में पास लेकर भी दर्शक दीर्घा में एंट्री नहीं दी गई। जिन्हें मिली वो भी संख्यात्मक रूप से पूर्व की तरह कमतर थे। पहली बार होगा जब आम लोग अधिकृत पास के बाद भी दर्शक दीर्घा या अन्य जगहों पर नहीं जा सकेंगे। उन्हें रेस्ट रूम में बैठना होगा, जहां स्क्रीन लगाई जाएगी। इसी तरह विधानसभा सत्र के दौरान भवन के अंदर की तुलना में परिसर के लॉन में ज्यादा भीड़ थी। इनमें नेताओं, विधायकों और बीजेपी-कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के पास दर्शक दीर्घा का पास था। लेकिन वो सभी विधानसभा की दर्शक दीर्घा तक पहुंच ही नहीं पाए और मजबूरन उन्हें परिसर स्थित लॉन गार्डन में धुप सेंकना पड़ा।

सड़क निर्माण में अनियमितता देखकर भड़के फौजी से नेता बने विधायक रामकुमार टोप्पो

सीतापुर/नवप्रदेश। सीतापुर विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक (स्र्) पूर्व सैनिक रामकुमार टोप्पो मैनपाट पहुंचे। यहां उन्होंने पीएमजीएसवाई योजना के तहत निर्माणाधीन कार्निवाल पहुंच मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीसी रोड की गुणवत्ता और अधिकारियों की गैर मौजूदगी देखकर विधायक बिफर उठे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फोन पर जमकर फटकार लगाई और तत्काल काम रोकने के निर्देश दिए।

मिलीभगत से हो रहा सड़क निर्माण

गुणवत्ता को लेकर विधायक की सख्ती देख घटिया निर्माण काम को अंजाम देने वाले ठेकेदार और अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। विदित हो कि चुनाव जीतने के बाद जनसंपर्क अभियान के तहत दौरे पर निकले विधायक रामकुमार टोप्पो मैनपाट पहुंचे। जहां वे प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत लगभग 50 लाख की लागत से कमलेश्वरपुर से कार्निवाल पहुंच मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीसी रोड निर्माण कार्य का स्तर काफी घटिया पाया गया। ठेकेदार द्वारा निर्धारित मापदंडों की अनदेखी कर सीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा था। निर्माण कार्य के दौरान निगरानी के लिए मौके पर विभाग का एक भी अधिकारी मौजूद नहीं था। जिससे सीसी रोड निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी ली जा सके। पीएमजीएसवाई के अधिकारियों की मिलीभगत से ठेकेदार घटिया सड़क निर्माण कार्य को अंजाम दे रहा था।

सुपलगा में निर्माणाधीन पुल का किया निरीक्षण

सीसी रोड निर्माण कार्य के निरीक्षण के बाद विधायक रामकुमार टोप्पो ग्राम सुपलगा पहुँचे। जहाँ उन्होंने निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुल निर्माण कार्य में लगे अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि, निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इसलिए आप सभी निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। यहाँ के बाद विधायक वन विभाग द्वारा सुपलगा में कराए जा रहे सड़क निर्माण का औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने निरीक्षण के दौरान रेंजर से निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान विधायक ने कहा कि, मापदंड के अनुसार सड़क का निर्माण हो। ताकि भविष्य में इसकी उपयोगिता साबित हो सके। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मैनपाट रजनीश पांडेय संजय भगत रवि भोय समेत संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

मौके से ही अफसरों को लगाया फोन

विधायक ने मौके से ही फोन लगा अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। विधायक ने अधिकारियों की क्लास लेते हुए इस्टीमेट और मेजरमेंट लेकर बुलाया है। ताकि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का पालन सुनिश्चित करते हुए सड़क का निर्माण कराया जा सके।

दूरस्थ क्षेत्रों के गांवों में सड़क नहीं, मरीजों को एंबुलेंस तक खाट पर लाते हैं ग्रामीण

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ को अलग राज्य बने 23 साल हो गए हैं। सरकारें विकास के दावे तो करती हैं लेकिन आज भी दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में आवागमन के लिए सड़क न होने से परेशानी बनी रहती है। ऐसी स्थिति में मरीज को एंबुलेंस तक ग्रामीण खाट में ले जाने के लिए विवश हैं। ऐसा ही एक मामला गर्भवती महिला को खाट में लिटाकर अस्पताल ले जाने का सामने आया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है।

यह पूरा मामला सरगुजा जिले के ग्राम रनपुर कला का है। गांव रनपुर में एक महिला को प्रसव पीड़ा होने पर डायल 112 को फोन किया गया था। सड़क नहीं होने के कारण करीब डेढ़ किलोमीटर दूर डायल 112 रुका था, परिजनों ने डेढ़ किलोमीटर खाट में ढोकर गर्ववती महिला को 12 तक पहुंचाया।

कांग्रेस ने लोस चुनाव के लिए बनाई राष्ट्रीय गठबंधन समिति

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए पांच सदस्यीय राष्ट्रीय गठबंधन समिति का गठन किया है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने मंगलवार को बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आम चुनाव के मद्देनजर इस समिति का गठन किया है। वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक को समिति का संयोजक बनाया गया है। उन्होंने बताया कि श्री वासनिक के संयोजन वाली इस समिति में पार्टी के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बेघल, पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शी तथा मोहन प्रकाश को शामिल किया गया है।

महिला बंदियों और उनके बच्चों तक पहुंचे खुशी : गौतम भादुड़ी

रायपुर/नवप्रदेश। छ.ग.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर एवं खुशी फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 17 व 18 दिसम्बर 2023 को केन्द्रीय जेल, रायपुर में निरूद्ध महिला बंदियों एवं उनके बच्चों के उत्थान के संबंध में आयोजित उक्त दो दिवसीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी, न्यायमूर्ति, छग उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, छ0ग0राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर, अतिथि डॉ. व्ही.सी. विवेकानंदन, कुलपति, हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, नवा रायपुर एवं अध्यक्षता हमीदा सिद्दीकी, संस्थापक, खुशी फाउन्डेशन के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। उक्त समापन सत्र के अवसर पर-माननीय न्यायमूर्ति के अलावा प्रमुख रूप से अब्दुल ज़ाहिद कुरैशी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रायपुर, हेमंत सराफ प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, रायपुर, आनंद प्रकाश वारियाल, सदस्य सचिव, छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर, दिग्विजय सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रायपुर, गिरिश कुमार मंडावी, उप सचिव, छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर, प्रवीण मिश्रा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायपुर, एस.एस. तिग्गा, जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल, रायपुर एवं मधु सिंह, जेल अधीक्षिका, केन्द्रीय जेल महिला प्रकोष्ठ, रायपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन खुशी फाउन्डेशन की ओर से श्रीमती केसर सिद्दीकी द्वारा किया गया एवं उनके द्वारा उक्त कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य न्यायाधीशगण, पुलिस विभाग, पैरालीगल वॉलेन्टियर्स एवं महिला बंदियों व प्राधिकरण परिवार के साथ खुशी फाउन्डेशन के सदस्यगण का अभिनंदन किया गया। उक्त कार्यक्रम में विधि छात्रों के द्वारा साइबर क्राइम पर एक

नुक्कड़ नाटक कर कल होने वाले ओ.टी.पी. शेयर कर बैंक खाता फ्रॉड केस, मोबाइल हैक, स्कैम, फोटो वायरल सोशल मीडिया में हाने एवं ए.आई का दुरूपयोग से रोकने संबंधी नाटक कर अपना ध्यान आकृष्ट किया गया एवं इससे बचने के तरीके बताये गये। किसी भी प्रकार के प्रलोभन से बचने हेतु जागरूक किया गया। केन्द्रीय जेल महिला प्रकोष्ठ में निरूद्ध महिला बंदियों के छोटे-छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

महिला बंदियों ने भी सांस्कृतिक प्रस्तुत की, जिस पर माननीय न्यायमूर्ति द्वारा उनको सम्मान भी प्रदान किया गया।

माननीय श्री न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी द्वारा बताया गया जो साइबर क्राइम पर जो नुक्कड़ नाटक पेश किया है उसके माध्यम से हम ही नहीं पूरा प्रदेश और देश जागरूक होगा क्योंकि छोटे छोटे प्रलोभनों में आकर कोई भी व्यक्ति साइबर क्राइम का शिकार हो सकता है। इसीलिए साइबर क्राइम से बचने के लिए उक्त क्राइम की जानकारी रखते हुए सतर्क रहें। खुशी प्रोजेक्ट क्या है, आपको लग रहा होगा इससे किसी को कुछ मिलना नहीं है। परन्तु किसी को खुशी बांटकर अगर संतुष्टि मिले तो बहुत सुकून मिला है। आपसे कोई ऐसी घटना हो गई होगी, जिसके कारण आज यहां जेल के अंदर हैं और आपको कुछ समय यहां बिताना है। परन्तु यह आखिरी पड़ाव नहीं है ना ही जिंदगी का अंत है। मैनें महसूस किया है कि अपराध कभी कभी परिस्थितिवश हो जाता है। परंतु न्यायपालिका एवं सामाजिक संस्थाओं का आपके प्रति उत्तरदायित्व समाप्त नहीं होता है और हम सब मिलकर आपके समग्र विकास एवं मूलधारा में लाने के लिए कार्य करते रहेंगे।

माननीय न्यायमूर्ति ने कहा कि हम हमेशा आपके साथ हैं और उस साथ का ही परिणाम है कि आपके लिए राज्य एवं जिला व तालुका स्तर पर प्राधिकरण कार्य कर रहा है जिससे आपकी कानूनी समस्याओं का निःशुल्क सेवाओं के माध्यम से निराकरण किया जा सके और आपको कानूनी राहत प्राधिकरणों के माध्यम से जिला स्तर से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक प्राप्त हो सके।

संपादकीय

इंडिया गठबंधन में नेतृत्व को लेकर खींचतान

नौगठित आएनडीआईए में नेतृत्व को लेकर खिंचतान मची हुई है। इसकी चौथी बैठक शुरू होने से पहले ही इस गठबंधन में शामिल दलों के बीच मतभेद उभरने लगे हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को गठबंधन का संयोजक बनाने और उन्हें गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री पद का चेहरा बनाने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। बिहार की राजधानी पटना में ऐसे पोस्टर बैनर लग गए हैं। जिसमें जदयू और राजद के नेताओं ने नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री का चेहरा बनाने की पुरजोर मांग की है। जदयू के नेता केसी त्यागी ने बयान दिया है कि आईएनडीआईए ने एक साल बरबाद कर दिया है। हम अभी तक आपसी मदभेद नहीं सुलझा पा रहे हैं और उधर भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए बूथ स्तर पर अपनी तैयारी शुरू कर दी है। केसी त्यागी ने नीतीश कुमार को स्वच्छ छवि वाला निर्विवाद नेता बताते हुए कहा है कि यदि भाजपा को लोकसभा चुनाव में हराना है तो विपक्ष की ओर से नीतीश कुमार को ही पीएम का चेहरा बनाना चाहिए। शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट के नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने भी बयान दिया है कि गठबंधन का संयोजक बनाना जरूरी है। कुल मिलाकर आएनडीआईए में नेतृत्व को लेकर रस्सा कसी चल रही है। आम आदमी पार्टी के संयोजक और नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी प्रधानमंत्री का चेहरा बनने की होड़ में शामिल हैं वे अपनी खिचड़ी अलग ही पका रहें हैं। आएनडीआईए में सीटों के बंटवारे को लेकर भी घमासान मचा हुआ है। टीएमसी सुप्रीमो और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अभी से स्पष्ट कर दिया है कि वे बंगाल में कांग्रेस को सिर्फ दो सीटें ही देंगी। गठबंधन में वामपंथी पार्टियां भी शामिल हैं लेकिन उनके लिए ममता बनर्जी ने एक भी सीट देने की घोषणा नहीं की है। इस तरह बंगाल में लोकसभा सीटों के बटवारे को लेकर पेंच फंस सकता है। आम आदमी पार्टी ने नई दिल्ली और पंजाब की सभी लोकसभा सीटें लड़ने का ऐलान कर दिया है। ऐसे में इन दोनों ही राज्यों में कांग्रेस को कोई सीट न मिलने से विवाद की स्थिति बननी तय है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश में भी मामला उलझ गया है। उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव उत्तरप्रदेश में कांग्रेस के लिए कितनी सीटें छोड़ने के लिए सहमत होंगे यह कह पाना मुहाल है। गौरतलब है कि तीन राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान मध्यप्रदेश में कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी को एक भी सीट नहीं दी थी। इसे लेकर कांग्रेस नेता कमलनाथ और अखिलेश यादव के बीच तल्खी बढ़ गई थी। उस समय अखिलेश यादव ने कहा था कि कांग्रेस ने उनके साथ जो किया है उसके लिए लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के साथ भी वैसा ही व्यवहार किया जायेगा। अखिलेश यादव के रूख को देखते हुए ऐसा नहीं लगता कि वे उत्तरप्रदेश में कांग्रेस को ज्यादा सीटें देने के लिए सहमत होंगे। बिहार में भी कमोबेश ऐसी ही स्थिति है। वहां भी राष्ट्रीय जनता दल और जदयू के बीच ही ज्यादा से ज्यादा सीटें बटेंगी। इनमें से कितनी सीटें कांग्रेस के हिस्से में आएंगी इस बारे में कुछ भी नहीं कहा जा सकता। बहरहाल आएनडीआईए में शामिल सभी नेता एकजुटता की बातें तो जरूर कर रहें हैं लेकिन उनके बीच सीटों के बंटवारे को लेकर तथा प्रधानमंत्री के चेहरे को लेकर जिस तरह तलवारें खिंची हुई है। उसे देखते हुए यही कहा जा सकता है कि आएनडीआईए में कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। उसमें शामिल दलों के नेता अपनी अपनी ढपली पर अपना अपना राग अलाप रहें हैं। बेहतर होगा कि तीन माह बाद होने जा रहे लोकसभा चुनाव को देखकर गठबंधन के नेता जल्द से जल्द आपसी मतभेद दूर करें और आएनडीआईए का किसी को संयोजक बनायें। अच्छा यह भी होगा कि इस गठबंधन की ओर से किसी नेता को प्रधानमंत्री पद का चेहरा भी घोषित किया जाए।

सौम्यता सहजता के प्रतीक नए विधानसभा अध्यक्ष

चन्द्रशेखर गंगराड़े
पूर्व प्रमुख सचिव
छ.ग. विधानसभा

डॉ. रमन सिंह

चन्द्र शेखर गंगराड़े

छठवीं विधान सभा के आम निर्वाचन उपरांत विधान सभा का गठन 4 दिसंबर, 2023 को हो गया और इसी के साथ छत्तीसगढ़ की छठवीं विधान सभा का सफर आरंभ हो गया है.

दिनांक 13 दिसंबर, 2023 को माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री के रूप में श्री अरूण साव एवं श्री विजय शर्मा जी की शपथ के साथ ही, छत्तीसगढ़ विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे, इस पर मुहर तो उसी दिन लग गई थी जब मुख्यमंत्री के रूप में श्री विष्णुदेव साय के नाम पर केंद्रीय हाईकमान ने मोहर लगाई थी. दिनांक 17 दिसंबर, 2023 को माननीय डॉ. रमन सिंह ने छठवीं विधान सभा के अध्यक्ष के रूप में अपना नामांकन प्रस्तुत किया और दिनांक 19/12/2023 को विधान सभा के अध्यक्ष के रूप में सर्वानुमति से निर्वाचित हो गये है.डॉ रमन सिंह जी के अध्यक्ष पद पर निर्वाचन की सबसे उल्लेखनीय बात यह है कि उनके नाम के प्रस्तावक और समर्थकों में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ. चरण दास महंत एवं निवर्तमान मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल भी शामिल थे और वे नामांकन के समय उपस्थित भी थे. यह संसदीय लोकतंत्र का एक उत्कृष्ट एवं नायाब उदाहरण है. चुनाव की कड़वाहट को भूलकर विपक्ष ने भी अध्यक्ष के निर्वाचन में सकारात्मक पहल कर अध्यक्ष का निर्वाचन सर्वसम्मति से हो यह सुनिश्चित किया.

छठवीं विधान सभा का प्रथम सत्र 19 दिसंबर, 2023 से प्रारंभ हुआ और प्रथम दिन ही माननीय सदस्यों को शपथ दिलाने के उपरांत, माननीय अध्यक्ष के निर्वाचन की कार्यवाही पूर्ण हुई.

15 अक्टूबर, 1952 को जन्मे डॉ. रमन सिंह प्रतिभा के धनी है लेकिन उनकी सादगी, सौम्यता, सहजता, सुलभता, सरलता,उदारता उनके ऐसे गुण हैं जिन्होंने उनको राजनीति में ऊँचाईयों पर पहुंचाया. प्रथम बार जब वे वर्ष 1990 में विधायक के रूप में अविभाजित मध्यप्रदेश की नवम् विधान सभा के लिए निर्वाचित हुए थे तब उन्होंने एक विद्यार्थी की तरह विधान सभा की प्रक्रिया की बारीकियों को समझा और सीखा और उनकी इसी अध्यनशीलता के कारण जब वे वर्ष 1999 में लोकसभा के लिए पहली बार निर्वाचित हुए तो पहली बार में ही, उन्हें भारत सरकार में राज्य मंत्री नियुक्त किया गया और वाणिज्य एवं उद्योग विभाग का कार्यभार उन्होंने संभाला. तत्पश्चात् जब वर्ष 2003 में छत्तीसगढ़ की द्वितीय विधान सभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को बहुमत प्राप्त हुआ तो उनकी इसी सादगी, सौम्यता और कार्य के प्रति लगन, निष्ठा के कारण ही पार्टी द्वारा उन्हें छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनाया गया और इन्हीं नैसर्गिक गुणों के कारण लगातार तीन बार उनके नेतृत्व में प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी.

डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री के रूप में जितनी सौम्यता और शालीनता के साथ पक्ष के विधायकों को सुनते थे, उतने ही शांत मन के साथ विपक्ष की आवाज को भी सुनते थे और कितनी ही विकट परिस्थिति रही हो, उन्होंने धैर्य के साथ सभी सदस्यों की बातों को न केवल सुना बल्कि आवश्यकता पढ़ने पर आक्रामक अंदाज में तथ्यों के साथ अपनी बात भी रखी।

आज जब सादगी, सौम्यता, सहजता सुलभता विनम्रता की प्रतिमूर्ति को विधान सभा के सर्वोच्च पद पर बैठाया गया है तो निश्चित रूप से उनके नेतृत्व में संसदीय गरिमा में और अभिवृद्धि होगी और छत्तीसगढ़ विधान सभा, अपनी पहचान के अनुरूप छठवीं विधान सभा के इस सफर में नई ऊँचाईयों को भी प्राप्त करेगी.उन्होंने अध्यक्ष पद पर निर्वाचन के उपरांत आपने पहले ही संबोधन में इस बात को व्यक्त भी किया कि वे इस विधानसभा के अभिभावक एवं मुखिया के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए विधानसभा की परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे

डॉ. रमन सिंह बहुत ही शांत और सरल स्वभाव के हैं. सभी सदस्यों की बात शांतिपूर्वक सुनना उनका स्वभाव है.और उनका यही गुण अध्यक्ष पद के दायित्वों के निर्वहन में कारगर साबित होगा और जिस प्रकार उन्होंने मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश को विकास की राह दिखाई वैसे ही छत्तीसगढ़ विधानसभा की गरिमा को भी ऊँचाइयों पर ले जाएँगे ऐसा विश्वास हैं।

भारत-अमेरिका के बीच रिश्तों की समीक्षा करने का वक़्त

नीरज मनजीत

अमेरिकी प्रशासन चाहता था कि भारत नाटो प्लस में शामिल हो जाए, पर भारत ने यह प्रस्ताव भी ठुकरा दिया। कहीं न कहीं ये सारी बातें अमेरिकी अपेक्षाओं के अनुकूल नहीं थीं। हम यह नहीं मान रहे हैं कि पन्नू मामले को उछालकर अमेरिका भारत पर दबाव डालकर अपनी तरफ़और ज़्यादा खींचने की कोशिश कर रहा है। लेकिन इतना जरूर कहना होगा कि अमेरिका और भारत मिलकर अपने रिश्तों की पुनर्समीक्षा करें और कहीं गड़बड़ है तो संजीदगी से उसे दूर करें। भारत को पूरी गंभीरता से अमेरिका की वाजिब इच्छाओं की क़द्र करते हुए यह देखना होगा कि कहीं दो महान लोकतांत्रिक देशों का अहम एक दूसरे से टकराने न लगे। अमेरिका को भी भारत की निरपेक्ष आध्यात्मिक दृष्टि का सम्मान करना चाहिए और ग़ैरवाजिब दबाव बनाने के बजाए भारतीय राजनयिकों से स्पष्ट बातचीत करके मसले सुलझाने चाहिए। गुरपतवंत सिंह पन्नू अमेरिका में बैठकर भारत की संसद पर हमला करने और भारत में हिंसक गड़बड़ी फैलाने की धमकी दे रहा है, यह तो बाइडेन प्रशासन के लिए भारी शर्म की बात होनी चाहिए। बेहतर होगा कि अमेरिकी प्रशासन पन्नू के ख़िलाफ़एक्शन लेकर भारत को भरोसे में ले।

क्या भारत और अमेरिका के दोस्ताना रिश्ते मुश्किल दौर से गुज़र रहे हैं? वैश्विक कूटनीति के ताक़तवर हलकों में यह सवाल शिद्दत से पूछा जा रहा है। हालाँकि दोनों देशों के प्रवक्ताओं की ओर से यह ज़ाहिर किया जा रहा है कि मसला कुछ भी नहीं है, सब कुछ मीठा-मीठा ही है। मगर बारीक़ी से गौर करें तो रिश्तों में कुछ ख़राश नज़र आ जाती है। मसला नवंबर माह में शुरू हुआ, जब अमेरिकी प्रशासन के न्याय विभाग ने यह गंभीर आरोप लगाया कि भारत सरकार का कोई खुफ़िया अधिकारी अमेरिका के एक वकील गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साज़िश रच रहा है। इसके पहले अमेरिका के एक अखबार 'फाइनैंशियल टाइम्स' ने भी इस बात का खुलासा किया था। इस खुफ़िया अधिकारी का नाम नहीं बताया गया है। इल्ज़ाम लगाया गया कि इस अधिकारी ने निखिल गुप्ता नाम के एक ड्रग पैडलर को पन्नू को जान से मारने का कॉन्ट्रैक्ट दिया। निखिल गुप्ता ने इस काम की सुपारी अमेरिका के एक शख़्स को सौंप दी। बाद में पता चला कि वह शख़्स सीआईए का एक एजेंट है। दरअसल सीआईए को पन्नू की हत्या की साज़िश की भनक लग गई थी, इसलिए उन्होंने अपने एक एजेंट को निखिल के पीछे लगा दिया और वह सीआईए के जाल में फँस गया।

अमेरिका के कहने पर निखिल को चेकोस्लोवाकिया में गिरफ़्तार किया गया और प्राग की जेल में डाल दिया गया। अमेरिकी अधिकारी फ़िलहाल निखिल का प्रत्यर्पण करवा कर अमेरिका लाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि उससे पूछताछ कर मामले को उजागर किया जा सके। इधर निखिल के रिश्तेदारों ने भारत के सुप्रीम कोर्ट में वाद दाख़िल करके उसे बेगुनाह बताया है और उसे चेकोस्लोवाकिया सरकार से अपील कर भारत लाने की मांग की है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि चूँकि उसे चेकोस्लोवाकिया के कानूनों के तहत पकड़ा गया है, इसलिए उसकी रिहाई की लड़ाई चेक अदालतों में ही लड़ी जा सकती है। अमेरिकी न्याय विभाग का कहना है कि राष्ट्रपति जो बाइडेन पीएम नरेन्द्र मोदी को भी इस पूरे मामले की जानकारी देकर शिकायत कर चुके हैं। कुल मिलाकर पन्नू को लेकर मसला बेहद संगीन बन गया है और दो महान देशों के रिश्तों पर इसका असर पड़ सकता है। इस मामले को और ज़्यादा बारीक़ी से समझने के लिए हमें गुरपतवंत सिंह पन्नू के बारे में जानना होगा। पन्नू मूल से से पंजाब के अमृतसर जिले के खनवाला गाँव का रहने वाला है। नब्बे के दशक में उसने पंजाब यूनिवर्सिटी से कानून की डिग्री ली और अमेरिका चला गया। वहाँ उसने अमेरिका की नागरिकता लेकर फाइनेंस में एमबीए किया और न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी से दोबारा वकालत की डिग्री लेकर प्रैक्टिस शुरू कर दी। 2007 में उसने एक अलगाववादी संगठन 'सिख फ़ॉर जस्टिस' की स्थापना की और पंजाब के अलगाववादी लोगों को पृथक खालिस्तान की माँग करने के लिए भड़काने लगा। 2020 में भारत सरकार ने उसे भगोड़ा आतंकवादी घोषित कर दिया। फ़िलहाल उसके ख़िलाफ़राजद्रोह के तीन मामलों सहित 22 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। आए दिनों वह भड़काऊ बयान देकर सिखों को उकसाता रहता है। कुछ दिनों पहले उसने 13 दिसंबर को भारतीय संसद पर हमला करने की धमकी दी थी। इससे पहले वह 19 नवंबर को वर्ल्डकप फाइनल के दौरान स्टेडियम में भी गड़बड़ी फैलाने की धमकी दी थी। किसान आंदोलन के दौरान उपद्रवियों ने लाल किले पर खालिस्तानी झंडा फहराया था, उसमें भी पन्नू का हाथ था। बताया जाता है कि भारत में गड़बड़ी फैलाने के लिए पन्नू को पाकिस्तानी आर्मी और आईएसआई से फंडिंग की जा रही है। इस पूरे एपिसोड को समझने के बाद सवाल यह पैदा होता है कि भारत से रिश्ते बिगाड़ने की हद तक जाकर अमेरिका एक अलगाववादी आतंकवादी शख़्स से जुड़े मामले को इतना तूल क्यों दे रहा है? वैसे भारत ने एक जाँच एजेंसी गठित करके अमेरिका को भरोसे में लिया है। अमेरिका ने भी इस क़दम का स्वागत किया है, मगर यह मसला इतने भर से ख़त्म नहीं हो जाता। वैश्विक बिरादरी में जो संशय के बादल मँडराने लगे हैं, उन्हें छंटने में काफी वक़्त लगेगा। भारत और अमेरिका के बीच के मीठे रिश्ते दोनों देशों के लिए इस सदी की सबसे बड़ी ऐतिहासिक उपलब्धि है। इसकी शुरुआत पिछली सदी के आख़िरी दशक में नरसिम्हाराव के कार्यकाल में ही शुरू हो गई थी। अटलबिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह ने इसे आगे बढ़ाया और पीएम नरेन्द्र मोदी ने तो इन रिश्तों को शिखर पर बिठा दिया। दोनों देशों के अंदर में महान लोकतांत्रिक व्यवस्था का स्वाभिमान और दर्प होना नितांत स्वाभाविक बात है। यह दर्प और स्वाभिमान कहीं अहंकार के दायरे में जाकर एक-दूसरे से टकराने न लगे, संजीदगी से इसका ख़्याल रखना दोनों देशों की जिम्मेदारी है। लगता है फ़िलहाल ये रिश्ते जिस विलोम ठहराव पर हैं, उसकी वजह यही मसला है।

रिश्तों की पार्टनरशिप में अमेरिका को संभवतः भारत से कुछ ज़्यादा अपेक्षाएँ हैं। पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक कूटनीति के इलाके में भारत के कुछ क़दमों से इन अपेक्षाओं को कुछ धक्का लगा है। ख़ासकर रूस यूक्रेन युद्ध के बाद जब अमेरिका और नाटो देशों ने रूस के ख़िलाफ़कई प्रतिबंध लगा दिए थे। ये सारे देश चाहते थे कि रूस के विरुद्ध उठाए गए क़दमों का भारत समर्थन करे, मगर भारत ने अपनी तटस्थता की नीति के तहत ऐसा नहीं किया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में दो बार रूस के ख़िलाफ़निंदा प्रस्ताव लाया गया। इसमें सौ से ज़्यादा देशों ने अमेरिका और नाटो देशों के पक्ष में वोट दिया। भारत ने इसमें वोटिंग नहीं की। यह बात भी संभवतः अमेरिकी प्रशासन के कुछ लोगों को नागवार गुजरी है। दूसरी वजह है रूस पर जब कड़ी आर्थिक बंदिशें लगाई गईं, तो भारत ने रूस से सस्ते दामों पर कच्चा तेल खरीदना जारी रखा और उसे अपनी रेफाइनरियों में शोधित करके कुछ यूरोपीय देशों को बेचकर मुनाफ़ा भी कमाया।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1780 ब्रिटेन ने हॉलैंड पर युद्ध की घोषणा की। 1808 लंदन में मूल कोवेन्ट गार्डन थिएटर आग से जलकर नष्ट हो गया। 1820 अमेरिकी राज्य मिसौरी में 21 और 50 वर्ष के बीच अविवाहित पुरुषों पर 1 का कर (टैक्स) लगाया। 2008 में आज ही के दिन स्टेट बैंक ऑफ़इंडिया ने जमा कर्ज़ पर ब्याज दरें घटाईं थीं। 2002 में 20 दिसंबर के दिन ही दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया मुद्दे पर संयुक्त राज्य अमेरिका से सहयोग मांगा था। 1999 में आज ही के दिन अंतरिक्ष यान 'डिस्कवरी' हबल टेलीस्कोप की मरम्मत के लिए रवाना किया था। 1993 में आज ही के दिन भारत और यूरोपीय संघ के बीच ब्रसेल्स में सहयोग समझौते पर साइन किए गए थे।1990 में 20 दिसंबर के दिन ही भारत और पाकिस्तान एक दूसरे पर परमाणु हमले न करने पर सहमत हुए थे।1988 में आज ही के दिन संसद ने 62वें संविधान संशोधन के माध्यम से मतदान करने की आयु 21 से घटाकर 18 साल करने संबंधी विधेयक को मंजूरी दी थी। 1963 में आज ही के दिन जर्मनी में बर्लिन की दीवार को पहली बार पश्चिमी बर्लिनवासियों के लिए खोला गया था।

QUIZ TIME

1) गाँधीजी दक्षिण अफ्रीका में कितने वर्ष रहे थे?

2) अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन दिवस कब मनाया जाता है?

3) विश्व का सबसे व्यस्त समुद्री मार्ग कौन-सा है?

4) बीसीसीआई ने हाल ही में किस पूर्व क्रिकेटर की जर्सी को रिटायर करने का फैसला किया है?

5) मिस इंडिया यूएसए 2023 का खिताब किसने जीता?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 21 वर्ष (2) 7 दिसंबर (3) उत्तरी अटलांटिक महासागर (4) एमएस धोनी (5) रिजुल मैनी

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -278

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे
1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 277 का हल

दि	क्र	त		आ	सा	न		आ
ल		मी		खि		सी	ख	ना
	म	ज	बू	र		ह		जा
स	र्द			का		त	रा	ना
र				र	वि		ह	
प	ह	ना	ना		ना	रा	ज	
ट			क	शि	श		नी	ला
	र			का		रा		य
खा	ति	र	दा	री		त	क्ष	क

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:14, सूर्यास्त : 05:33, चन्द्रोदय : 12:10, चन्द्रास्त : 24:12, अयन : दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : हेमन्त, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : मार्गशीर्ष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : अष्टमी, नक्षत्र : उत्तराभाद्रपद, योग : व्यतीपात, प्रथम करण : वणिज (13:06 तक), द्वितीय करण : विष्टि (24:08 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : धनु, चंद्र : मीन, मंगल : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध : धनु (अस्त, पूर्व, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : तुला (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:53 से 12:34, अमृत काल : 16:29 से 17:59, त्रिपुष्कर योग : 07:07 से 13:06, सर्वार्थसिद्धि योग : 24:02 से 31:08, विजय मुहूर्त : 13:56 से 14:37, गोधूलि मुहूर्त : 17:17 से 17:45, सायाह्न सन्ध्या : 17:20 से 18:43, निशिता मुहूर्त : 23:46 से 24:42, राहुकाल : 13:30 से 15:00, राहुवास : पश्चिम, यमगण्ड : 09:41 से 10:57, दुर्मुहूर्त : 09:10 से 09:51, होमाहुति : शुक्र, दिशाशूल : उत्तर, नक्षत्र शूल : दक्षिण।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य
वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर
देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपको सावधानी से प्रत्येक कार्य देखभाल कर करने की सलाह है।

वृषः आज के दिन आपको आकस्मिक लाभ के योग बन रहे हैं। परिवार का कोई सदस्य अनैतिक मांग को लेकर परेशान कर सकता है।

मिथुनः आज का दिन वैसे तो आपके लिए कार्य सफलता वाला है लेकिन आज किसी कारण से शंकालु प्रवृत्ति रहेगी।

कर्कः आज का दिन आपके लिए सामान्य फलदायक रहेगा। दिन के आरंभ से ही सोची गई योजनाओं में विपरीत प्रतिक्रिया देखने को मिलेगी।

सिंहः आज दिन भर कोई ना कोई शारीरिक कष्ट बना रहेगा। सेहत को लेकर पूर्व में बरती लापरवाही भी शारीरिक शीतलता का कारण बनेगी।

कन्याः आज का दिन वैसे तो आपके अनुकूल ही रहेगा लेकिन जल्दबाजी में अथवा किसी से प्रतिस्पर्धा के चलते स्वयं को श्रेष्ठ दिखाने की होड़ में हास्य के पात्र तो बनेंगे ही थोड़ी बहुत हानि भी करवाएंगे।

तुलाः आज का दिन आपको मिला जुला फल प्रदान करेगा। दिन के आरंभ में कोई छोटी बड़ी हानि की संभावना बनेगी।

वृश्चिकः आज के दिन आपके स्वभाव एवं व्यवहार में काफी परिवर्तन देखने को मिलेगा।

धनुः आज के दिन आपको घर एवं कार्यक्षेत्र पर प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। दिन के आरंभिक भाग में सेहत में भी थोड़ी बहुत नरमी रहेगी जिसके चलते दैनिक कार्य में विलंब होगा।

मकरः आज का दिन आपको किसी न किसी रूप में आर्थिक लाभ कराएगा। लेकिन आज इसके लिए बेवजह की सरदर्दी भी मोल लेनी पड़ेगी।

कुंभः आज का दिन आपके लिए विविध उलझन से भरा रहेगा। प्रातः काल से ही मन में निराशाजनक विचार आएंगे।

मीनः आज के दिन आपके व्यक्तित्व में विकास होगा। समाज के वरिष्ठ व्यक्तियों से नए अनुभव सीखने को मिलेंगे।

न्यूज गैलरी

शातिर नाबालिग चोरों का गैंग पकड़ाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। जांजगीर चांपा व बिलासपुर में घूम-घूम कर चोरी करने वाले 4 आदतन नाबालिग चोर व एक महिला को एसीसीयू ने जांच के बाद अभिरक्षा में लिया है। अभिरक्षा में आए 4 नाबालिगों ने बिलासपुर के अलावा जांजगीर चांपा में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। नाबालिगों की निशानदेही पर पुलिस ने एक महिला रिश्तेदार को गिरफ्तार किया है जो चोरी का माल खपाने का काम कर रही थी। महिला से पुलिस ने 4 लाख के गहने बरामद कर आगे की कार्रवाई कर रही है।चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एसीसीयू प्रभारी कृष्णा साहू ने बताया सकरी व सिविल लाइन में हुई चोरी की जांच के दौरान दोनों किशोर का पता चला। संदेह के आधार पर दोनों किशोरों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो सकरी के साथ जांजगीर चांपा में हुई 3 चोरियों का भी खुलासा हो गया। चोरी के सामान के विषय में पूछताछ के दौरान चारों किशोरों ने बताया कि चोरी के गहने को वह अपनी महिला रिश्तेदार सरिता पति अमरदीप यादव (35) निवासी गोकुलधाम घुरू सकरी के पास रखादिया करते थे। सरिता यादव चोरी के गहनों को ठिकाने लगा कर रुपए बांट लिया करती थी। पुलिस ने महिला के पास से चोरी गए 2 लाख कीमती गहने व अन्य सामान कुल कीमत लगभग 4 लाख का माल बरामद कर आगे की कार्रवाई कर रही है। बिलासपुर व जांजगीर चांपा में चोरी की वारदात को अंजाम देने के दौरान जो किशोरों की कुछ फुटेज पुलिस के हाथ लग गई थी।

निर्वाचन व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत करने आज प्रत्याशियों का प्रशिक्षण

बिलासपुर। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत चुनाव लढ़ने वाले प्रत्याशियों के लिए निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने के विषय में आवश्यक प्रशिक्षण का आयोजन 20 दिसम्बर को कलेक्ट्रेट परिसर के मंथन सभा कक्ष में किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने सभी अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण में उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा है। चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को निर्वाचन परिणाम आने के 30 दिन के अंदर जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपने चुनाव संबंधित व्ययों का लेखा प्रस्तुत करना होता है। प्रत्याशियों द्वारा आमतौर पर शपथ पत्र एवं फॉर्म में विभिन्न प्रकार की त्रुटियां की जाती हैं। त्रुटि रहित निर्वाचन व्यय प्रस्तुत किये जाने के उद्देश्य से 20 दिसम्बर को प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। कोटा, तखतपुर एवं बिल्हा विधानसभा का प्रशिक्षण दोपहर 1 से 2 बजे तक और बिलासपुर, बेलतरा, मस्तुरी विधानसभा के प्रत्याशियों के लिए प्रशिक्षण दोपहर 2ः15 से 3ः15 तक आयोजित है। इस प्रशिक्षण में निर्वाचन व्यय संबंधी लेखा सही रूप से जमा करने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी जायेगी। निर्वाचन व्यय लेखा दाखिल न करने, अपूर्ण रूप से दाखिल करने, निर्धारित तरीके से दाखिल न करने अथवा सही लेखा न दर्शाने के परिणामों के बारे में भी निर्वाचन आयोग के प्रावधानों के विषय में अभ्यर्थियों को जानकारी दी जायेगी।

मछुआ समाज का सामान्य ज्ञान स्पर्धा और मैराथन दौड़ 25 दिसंबर को

बिलासपुर। बिलासा सेवा समिति केवट समाज बिलासपुर द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ मछुआ समाज का सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं मैराथन दौड़ आयोजन 25 दिसंबर सोमवार 2023 को स्थान बंगाली स्कूल में रेलवे परिक्षेत्र तोरवा थाना के सामने होगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज के विद्यार्थियों को शिक्षा व खेल के प्रति प्रोत्साहित व जागरुकता संदेश देना है। समिति के अध्यक्ष दीप कैवर्त व सदस्य काशी कैवर्त ने संयुक्त रूप से बताया कि 25 दिसंबर सोमवार को सुबह 6 बजे से मैराथन दौड़ (5 किलोमीटर) बंगाली स्कूल तोरवा थाना के सामने से प्रारंभ होकर रुट इंटरसिटी होटल रोड- जगमल चौक- गांधी चौक- टैगोर चौक - तारबहार इंदिरा गांधी चौक- बड़े गिरजा चौक- तितली चौक वापस बंगाली स्कूल में मिलेगा। इस मैराथन दौड़ में क्रमशः पुरुष व महिला वर्ग के लिए अलग-अलग पुरस्कार विजेता को मिलेगा।

नाबालिग से अप्राकृतिक कृत्य करने का आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। आरोपी कृष्णा गंधर्व उर्फ गोलू गंधर्व पिता स्व. बेचन गंधर्व उम्र 27 साल को बीती रात थाना आकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराया कि मै काम करके घर रात 10 बजे वापस आया तो इसकी पत्नी ने बतायी कि हमारा लडका गोलू गंधर्व के घर बर्थडे पार्टी मे गया था तो 8 बजे गोलू गंधर्व ने हमारे लडका के साथ टायलेट जाने के बहाने ले जाकर पाईप लाइन के आड मे गलत काम किया है तो प्रार्थी अपने बेटे से पूछा तो बताया कि गोलू गंधर्व ने मेरे साथ गलत काम किया तब आरोपी के घर जाकर उनके बड़े भाई सन्टी और मन्टी को बोला कि तुम्हारा भाई मेरे बेटे के साथ गलत काम किया है उनको समझा देना फिर गोलू गंधर्व रात करीबन 10 बजे घर पे आकर लाठी लेकर गाली गलौच किया है की प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर सूचना तत्काल पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह (भापुसे), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदया ग्रामीण अर्चना झा एवं उप पुलिस अधीक्षक उदयन बेहार मुख्यालय जिला बिलासपुर महोदय को देने पश्चात दिशा निर्देश प्राप्त कर आरोपी के घर रॉक दर्रीपारा में जाकर दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, आरोपी को दिनॉक 19.12.2023 को माननीय न्यायालय बिलासपुर में पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक नरेश कुमार चौहान, प्रधान आरक्षक 195 उमाशंकर राठौर आर 1105 धर्मेंद सूर्यवंशी की विशेष भुमिका रही।

सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 20 तक

बिलासपुर। सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 6वीं एवं 9वीं में प्रवेश हेतु अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा अब 28 जनवरी को आयोजित की जायेगी। जिसके लिए ऑनलाईन आवेदन फार्म भरने की अंतिम तिथि 20 दिसम्बर 2023 तक है।

झगड़ने वाले शिक्षक हटेंगे, मानसिक रोगियों का होगा सर्वे

शिविरों में बैंकों के कमजोर प्रदर्शन पर कलेक्टर नाराज

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण ने विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में बैंकों के कमजोर प्रदर्शन पर गहरी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने आगे की शिविरों के लिए बैंक प्रबंधन को अपने कार्य में सुधार एवं प्रगति लाने की सख्त हिदायत दी है। श्री शरण आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक टीएल बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मिल रहे आवेदनों एवं इनके निराकरण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने दो टूक कहा है कि केवल आवेदन संकलन के लिए ये शिविर नहीं लगाये जा रहे हैं। वास्तवविक रूप से पात्र हितग्राहियों को केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का प्रत्यक्ष रूप से लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित किया जाये। कलेक्टर ने स्कूल स्टॉफ के आपसी झगड़ों की वजह से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने की शिकायतों पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने ऐसे कलहप्रिय शिक्षकों एवं स्टॉफ के अन्यत्र हटाए जाने को लेकर डीईओ से प्रस्ताव भी मंगाए हैं। कलेक्टर श्री शरण ने बैठक में राज्य सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप जिले में मानसिक रोगियों का सर्वेक्षण शुरू करने को कहा है। ताकि उनका समुचित इलाज एवं व्यवस्थान किया जा सके। उन्होंने कहा कि शहर में आमतौर पर मानसिक रोगियों के मिलने की ज्यादा संभावना होती है। शरण ने एनजीओ के सहयोग लेकर इनका सर्वेक्षण कार्य को पूर्ण करने को कहा है। उन्होंने सेन्दरी स्थित मानसिक चिकित्सालय की क्षमता एवं गतिविधियों की भी जानकारी ली। कोनी में निमार्णाधीन सिम्स सुपर स्पेशियालिटी अस्पताल के जल्दी निर्माण को लेकर भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों के बच्चों को भी चिरायु योजना के तहत स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा। इसकी तैयारी अभी से कर लिया जाये। कलेक्टर ने एयरपोर्ट में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों में भी तेजी लाने को कहा है। बंद चखना सेन्टर फिर से खुलने नहीं चाहिए। अधिकारी गण एवं पुलिस लगातार इन पर निगाह बनाये रखें। उन्होंने धान बेचने के लिए पंजीकृत किसानों का त्रुटिवश शून्य रकबा अथवा रकबा संशोधन के काम बचे हैं तो इसे शीघ्र निपटाएं। उन्होंने राजस्व विवाद मुक्त एवं कुपोषण मुक्त गांव बनाने के लिए कार्य-योजना बनाकर काम करने को कहा है।

बच्चों में कुपोषण दूर करने विभाग समन्वय से करें काम- कलेक्टर

कलेक्टर अवनीश शरण ने आज विभागवार समीक्षा के क्रम में स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के कामकाज की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि कुपोषण का कुचक्र एक बच्चे के संपूर्ण जीवन को बुरी तरह प्रभावित करता है। इसे दूर करने महिला बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग समन्वित प्रयास एवं सहभागिता से कार्य करें ताकि हमारा जिला कुपोषण मुक्त हो सके। जिला अस्पताल के पोषण पुनर्वास केन्द्र को 30 बिस्तर का बनाने प्रस्ताव तैयार करने कहा। आंगनबाड़ी केन्द्रों में कम्यूनिटी किचन गार्डन बनाने के निर्देश दिए। कुपोषण दूर करने के लिए संबंधित ग्राम पंचायतों की सहभागिता सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को जिला स्वास्थ्य समिति की नियमित बैठक कराने के निर्देश दिए। जिले के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने कहा। संस्थागत प्रसव की कम दर पर असंतोष जताते हुए इसे बढ़ावा देने के निर्देश दिए। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में जांच के दौरान मिल रहे सिकल सेल एनीमिया, बीपी और शुगर के मरीजों को दवा एवं पर्याप्त उपचार के निर्देश दिए। जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने सबसे पहले स्वास्थ्य विभाग के कामकाज की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए इसका प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए। मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु का अंकेक्षण उचित रूप से करने के निर्देश दिए। सिकलसेल एनीमिया मिशन उन्मूलन की समीक्षा करते हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में जांच के दौरान मिल रहे मरीजों को पर्याप्त उपचार मुहैया कराने कहा। टीबी उन्मूलन के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। आयुष्मान आरोग्य मंदिर की ब्रांडिग का कार्य 22 दिसम्बर तक हर हाल में पूरा करने कहा। महिला एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए आंगन बाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों पर जल्द भर्ती करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाल संप्रेक्षण गृह की जानकारी ली और नियमित निरीक्षण के निर्देश अधिकारियों को दिए। भवनविहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों की समीक्षा की । जिले में कुपोषण की जानकारी लेते हुए अब तक किए गए प्रयासों की समीक्षा की। कुपोषित बच्चों और गर्भवती महिलाओं को सही पोषणयुक्त भोजन देने पर जोर दिया। उन्हें आंगनबाड़ी केन्द्रों तक लाने सामुदायिक जागरूकता के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। पोषण ट्रैकर मानिटरिंग एप्प के जरिए कुपोषित बच्चों की सतत निगरानी करने कहा। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश शुक्ला, सिविल सर्जन श्री अनिल गुप्ता, डीपीएम प्यूली मजूमदार, महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री तारकेश्वर सिन्हा सहित दोनों विभाग के अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे।

ब्राह्मण युवा आयाम के परिचय महासम्मेलन में 33 जोड़े तय

बिलासपुर/नवप्रदेश। ब्राह्मण युवा आयाम द्वारा समस्त ब्राह्मण युवक युवती वैवाहिक परिचय महासम्मेलन एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन सिद्धि मुस्कान भवन अशोक नगर सरकंडा में आयोजित किया गया जिसमे अतिथि जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा, वरिष्ठ पत्रकार ज्ञान अवस्थी, समाजसेवी गौरव तिवारी, शिल्पी तिवारी, समाज सेवी अशोक तिवारी थे।

ब्राह्मण युवा आयाम के संस्थापक एवं अध्यक्ष ज्योतिन्द्र उपाध्याय ने बताया कि ब्राह्मण युवा आयाम द्वारा युवक-युवती वैवाहिक परिचय महासम्मेलन का इस बार छठवाँ वर्ष था इस वर्ष 38 जोड़ो में सहमति बनी और 400 से ज्यादा पंजीयन प्राप्त हुआ हमारे द्वारा प्रदेश स्तरीय आयोजन किया जाता है लेकिन छत्तीसगढ़ के अलावा 12 से 15 राज्य और विदेशों से भी पंजीयन आये जिससे हमारा कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय स्तर का हो गया हमे गर्व है कि इस आयोजन को करने का सौभाग्य हमे मिलता है और हमारी बात विदेशो तक पहुँचती है इस वर्ष कार्यक्रम में जर्मनी,पेरिस, लंदन, जम्मू एवं कश्मीर, छत्तीसगढ़, जम्मू एवं कश्मीर, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्, कर्णाटक, पंजाब, आंध्रप्रदेश, उड़ीसा, झारखण्ड, बिहार, उत्तराखंड, दिल्ली, पश्चिम बंगाल आदि राज्यो से आए ब्राह्मण परिवारों की उपस्थिति में ब्राह्मण महासम्मेलन संपन्न हुआ । कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सस्मिता शर्मा एवं रविन्द्र उपाध्याय द्वारा किया गया। इस पुरे कार्यक्रम में ब्राह्मण युवा आयाम के पं. रविन्द्र उपाध्याय, सत्येन्द्र शर्मा, श्यामलाल दुबे श्यामू, रतिन्द्र उपाध्याय, सौरभ तिवारी,डॉ क्रांति शास्त्री आदि शामिल थे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा से जुड़ रहे लोग, योजनाओं का मिल रहा है लाभ

बिलासपुर/ नवप्रदेश। भारत सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों एवं योजनाओं को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए शुरू किए गए विकसित भारत संकल्प यात्रा से लगातार लोग जुड़ते जा रहे हैं। यात्रा के तहत लगाए जा रहे शिविर में रोजाना हजारों की संख्या में हितग्राही योजनाओं का लाभ पाने पहुंच रहे है। यात्रा के तीसरे दिन बिलासपुर में आयोजित पंडित लालबहादुर शास्त्री स्कूल और घोड़ादाना स्कूल में आयोजित शिविर में 6640 लोग शामिल हुए। शिविर में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 322, आयुष्मान कार्ड के लिए 364, आधार कार्ड के लिए 200 प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लिए 553,पीएम आवास के लिए आज 1575 लोगो ने आवेदन दिया । शिविर में 1481 लोगो ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया इसके अलावा अन्य योजनाओं के लिए भी हितग्राही आवेदन देने पहुंचे और स्टालों का भ्रमण किए।

विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित 26 हितग्राहियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपना अनुभव साझा किया। शिविर में विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान भारत, नल-जल मिशन, पीएम आवास योजना, स्टार्टप योजना, मुद्रा लोन योजना, पीएम स्वनिधि योजना जैसी केन्द्रीय योजनाओं की जानकारी दी गई व लाभ लेने के लिए आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कराई गई। शिविर में आए हितग्राहियों ने बताया कि यहां आने से उन्हे शासन की बहुत सी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी मिली है, जिसका लाभ अब उन्हे मिलेगा। शिविर में उपस्थित जनसमूह को भारत को पूर्ण रूप से विकसित बनाए जाने को लेकर शपथ भी दिलाया गया।

दुर्घटना रोकने दिखाई तत्परता, रेलवे ने सम्मानित कर बढ़ाया हौसला

बिलासपुर। रेल प्रशासन ने पांच कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनका हौसला बढ़ाया। इन कर्मचारियों की तत्परता के कारण रेल मंडल में दुर्घटना होने से बच गई। डीआरएम के हाथों जब यह कर्मचारी पुरस्कृत हुए तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। संरक्षित रेल परिचालन रेलवे प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। संरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से संरक्षा से संबंधित विभिन्न जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।

इसके साथ ही मंडल क्षेत्राधिकार के अंतर्गत ड्यूटी के दौरान सजगता एवं सतर्कता के साथ उत्कृष्ट संरक्षित कार्य करते हुए संरक्षा सुनिश्चित करने में सराहनीय योगदान देने वाले संरक्षा प्रहरियों को प्रोत्साहित करने के लिए संरक्षा पुरस्कार भी देने की परंपरा है। इस बार पांच कर्मचारियों को इस पुरस्कार से नवाजा गया है। जिन कर्मचारियों को सम्मानित किया गया, उनमें पहला नाम पाइंटमैन ओमहरि का शामिल है। विगत दिनों वह ड्यूटी के दौरान हिमगीर स्टेशन से गुजरती एक मालगाड़ी के एक वैगन में हाट एक्सल देखा। इसकी सूचना स्टेशन प्रबंधक को देकर मालगाड़ी रूकवाई। इसके बाद हाट एक्सल को ठीक किया गया। इसी तरह एक अन्य मामले में लोको पायलट उसलापुर प्रेमचंद व सहायक लोको पायलट उसलापुर पवन कुमार झा ने मालगाड़ी में ड्यूटी के दौरान भनवारटंक-खोगसरा के मध्य रेल लाइन पर बोल्डर गिरा देखा। इससे वह कुछ पल के लिए घबरा गए। लेकिन, उन्होंने संयम नहीं खोया और बोल्डर से पहले मालगाड़ी रोक दी। इसके बाद तत्काल स्टेशन प्रबंधक को जानकारी दी। बोल्डर हटने के बाद मालगाड़ी गंतव्य के लिए रवाना हुई। वहीं, तीसरे मामले में लोको पायलट बिलासपुर होम सिंह साहू व सहायक लोको पायलट बिलासपुर धर्मेन्द्र कुमार ने राबर्ट्सन-खरसिया सेक्शन में असामान्य परिस्थिति को भांपते हुए ट्रेन को नियंत्रित किया। इसके बाद सूचना नियंत्रक कक्ष को देकर गाड़ी की संरक्षा सुनिश्चित की। इस प्रकार इन कर्मचारियों की सतर्कता व उत्कृष्ट संरक्षा कार्य से संभावित दुर्घटना टल गई। इन्हीं कार्यों के लिए सोमवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पांडेय ने इन सभी संरक्षा प्रहरियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। मंडल रेल प्रबंधक ने इनकी उत्कृष्ट, सराहनीय व संरक्षित भरे कार्य की प्रशंसा की गई और कहा कि इसी उत्साह के साथ भविष्य में कार्य करते रहे। इस तरह के कार्यों के बदले जब सम्मानित किया जाता है तो दूसरे कर्मचारियों को भी प्रोत्साहन मिलता है।

26 को राजकिशोर नगर में कराटे बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा

बिलासपुर/नवप्रदेश। बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा का आगामी 26/ 12/ 23 दिन मंगलवार को सामुदायिक भवन शनि मंदिर राजकिशोर नगर में कराटे बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा का आयोजन होने जा रहा है। जिसकी तैयारी के लिए बिलासपुर कराटे एकेडमी के लगभग 25 से 30 बच्चे सुबह शाम कड़ी मेहनत कर पसीना बहा रहे हैं इस परीक्षा में शहर जिला के 100 बच्चे भाग लेने एवं परीक्षा उत्तीर्णकर अलगी बेल्ट एवं प्रमाण पत्र प्राप्त करेंगे इस बेल्ट परीक्षा की तैयारी की समीक्षा कराते एसोसिएशन औफ़ छत्तीसगढ़ के महासचिव अविनाश शेट्टी एवं एवं कराटे एसोसिएशन ऑफ़ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष सुशील चंद्रा के अलावा मुख्य कोच के रूप में अशोक वर्मा प्रतीक सोनी आदि मौजूद थे।

फैसला — जगदलपुर नगर निगम करें कार चालक को 10 हजार की क्षतिपूर्ति

हाईकोर्ट ने याद दिलाया कर्तव्य, व्यवस्था दुरुस्त रखना निगम की जिम्मेदारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्थायी लोक अदालत के फैसले को चुनौती देते हुए जगदलपुर नगर-निगम ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका में लोक अदालत द्वारा किए गए जुर्माने पर रोक लगाने की मांग की है। मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है।

नगर निगम जगदलपुर के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि शहरी सीमा के भीतर लगे हुए बैरियर को हटाने के बाद कर्मचारियों की लापरवाही के कारण वहां ठूंठ रह गया था। इसी ठूंठ में आवेदनकर्ता का चार पहिया वाहन फंसा और वाहन का गेयर बाक्स क्षतिग्रस्त हो गया। निगम की लापरवाही के चलते हुए नुकसान की भरपाई को लेकर वाहन चालक ने स्थायी लोक अदालत के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया था। प्रकरण की सुनवाई के दौरान स्थायी लोक अदालत ने निगम की लापरवाही मानते हुए आवेदनकर्ता को बतौर क्षतिपूर्ति 10 हजार का भुगतान करने का निर्देश दिया है। इसे जगदलपुर नगर निगम ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। निगम की लापरवाही का खामियाजा जनता क्यों भुगते

मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पूछा कि स्थायी लोक अदालत ने कितना जुर्माना किया। अधिवक्ता ने बताया 10 हजार रुपए। कोर्ट ने पूछा फिर दिक्कत क्या है। कोर्ट ने यह भी कहा कि शहर की व्यवस्था को दुरुस्त रखने की जिम्मेदारी नगर निगम की है। निगम से लोगों को अपेक्षाएं भी रहती है। लापरवाही का खामियाजा लोग भुगतेंगे तो शिकायत तो होगी ही। कोर्ट ने माना है कि निगम की उपेक्षा से कोई घटना होती है तो इस के लिए निगम ही जिम्मेदार होगा। कोर्ट ने कहा कि अगर हम स्थायी लोक अदालत के फैसले को सही ठहराते हुए आपकी याचिका खारिज कर देते हैं तब ऐसी स्थिति में जुर्माने की राशि अदाएगी बीमा कंपनी के खाते में जाएगी। साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा कि जुर्माने की राशि बहुत ज्यादा तो नहीं है। इस पर निगम के अधिवक्ता ने कहा कि स्थायी लोक अदालत के फैसले के बाद निगम ने जुर्माने की राशि का भुगतान कर दिया तो यह परंपरा ही बन जाएगी।

वंदे मातरम् मित्रमंडल ने किया विधायक सुशांत शुक्ला का सम्मान

बिलासपुर। वन्दे मातरम् मित्र मंडल की 123 वीं बैठक क्रिस्टल विला गार्डन मोपका में संपन्न हुई। बैठक में बेलतरा के नव निर्वाचित विधायक सुशांत शुक्ला का पुष्पहार एवं शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। क्रिस्टल विला कॉलोनी के साथ राम कृष्ण नगर,रवि हाइट्स सहित मोपका, राजकिशोर नगर एवं शहर के अनेक मुहल्ले/कॉलोनी के लोग बड़ी संख्या में बैठक में उपस्थित थे।सभी ने नव निर्वाचित विधायक का सम्मान किया।जिसमें प्रमुख रूप से उदय शंकर ,अशोक दीक्षित, राम आशीष द्विवेदी, असीम मिश्रा, राजेश जायसवाल, सुमित अवस्थी, गौ करण साहू, प्रकाश सिंह, रमेश द्विवेदी, राघवेंद्र शुक्ला, संजय नायक, विजय जैन, कल्पना गुप्ता, कमलेश शर्मा, बलराम विश्वकर्मा, धीरज जायसवाल, अनिल प्रसाद,कैलाश वर्मा, बी आर शर्मा, वीर कुमार जैन, कृष्णा नंद त्रिपाठी, प्रह्लाद दुसेजा, डॉ एस के दत्ता,विजय मोहन शर्मा, बाल गोविंद अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, पालेश्वर सिंह, सतेन्द्र जैन, पूर्व महापौर उमाशंकर जायसवाल,के के दुवे, प्रमोद थवाईत,मुरली रावलानी, राकेश श्री वास्तव, मूल चंद खूंटे, सुधांशु दीक्षित बी एस राव,विजय मोहन शर्मा, महेन्द्र सोनी ,मयंक पांडे, सहित सैकड़ों लोगों ने पुष्पहार एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। वंदे मातरम् मित्र मंडल के संयोजक महेन्द्र जैन, एस एन तिवारी, अरविंद गर्ग,श्याम जी भाई पटेल, मनहरन लाल वर्मा ,शिव कुमार वर्मा पृथ्वी सहगल ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। मुख्य अथिति सुशांत शुक्ला ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि मैं अपने स्वागत कराने नहीं आया हूं अपितु आप सभी का आभार प्रकट करने एवं धन्यवाद देने आया हूं।

न्यूज गैलरी

अक्षत कलश की भव्य शोभायात्रा

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। अक्षत कलश की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसका जगह जगह पूजन एवं स्वागत किया गया।जिसमें भारी संख्या में श्रीराम के भक्तगढ़ उपस्थित थे। आगे भजन कीर्तन की टोली पीछे कलश धारण किए हुए मातृशक्तियां एवं हाथ में ध्वज लिए राम भक्तों की टोली चल रही थी। इस शोभायात्रा के संयोजक श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान के समिति के सदस्यों ने बताया की कलश के अभिमंत्रित अक्षत को और राम मंदिर के चित्र को लेकर 1 जनवरी से लेकर 15 जनवरी तक हर घर प्राण प्रतिष्ठा की निमंत्रण देने जायेंगे, इस शोभायात्रा में समिति के मनोज साहू, लोकेश साहू, कुल्दीपक साहू,पवन साहू,पिंटू साहू,श्याम साहू, टूके साहू, ओमप्रकाश साहू, पंकज दास, धरमलाल साहू,पुनिराम कर्ष, गिरजा साहू, तेरस साहू, हड़बड़ीया कहार, खिकराम साहू, एवं अन्य सदस्य और श्रद्धालु उपस्थित थे।

कांकेर मेले के लिए राजमहल में हुई बैठक

कांकेर/नवप्रदेश। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कांकेर मेले के लिए 18 दिसंबर को राजमहल में राज परिवार के सदस्यों सहित सभी प्रमुख मंदिरों के पुजारी गायता सिरहा के अलावा शहर के गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में आवश्यक बैठक आहूत की गई। इसके अलावा मुख्यालय का वार्षिक मेला 7 जनवरी से 10 जनवरी 2024 को यानी तीन दिवस तक मेले का आयोजन किया। बैठक में मुख्य रूप से राजा आदित्य प्रताप देव बब्बू दुबे वरिष्ठ पत्रकार अनुराग उपाध्याय सहित आसपास मंदिरों के पुजारी गयाता मौजूद थे।

राजधानी में आदिवासी समाज के विधायकों का हुआ सम्मान

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। रायपुर में आदिवासी समाज के मुख्यमंत्री के आतिथ्य में निर्वाचित विधायकों का सम्मान समारोह एवं आम सभा आयोजित किया गया। इसमें भाजपा विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी,बलरामपुर विधायक रामविचार नेताम एवं केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम का सम्मान किया गया।

■ **बीजापुर/नवप्रदेश।** कलेक्टर राजेंद्र कुमार कटारा ने जिला मुख्यालय के कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की जानकारी लेते हुए सभी ग्राम पंचायत में नियमित कार्यक्रम करने का निर्देश दिए।

सौर सुजला योजना से गौतम को मिली लहलहाती फसलें

कांकेर/नवप्रदेश। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत जिले के भानुप्रतापपुर विकासखंड के गाँव हाटकर्रा में गत दिवस आयोजित कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों ने अपनी बात रखी।

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम कंचनपुर-स और पंचधार पहुंची

बिलाईगढ/नवप्रदेश। केन्द्र सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लक्ष्य के साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा चल रहा है। यह यात्रा बरमकेला विकासखण्ड के कंचनपुर-स एवं पंचधार में पहुंची। इसके अंतर्गत मोबाईल वैन के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में केन्द्र शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही संबंधित विभागों द्वारा शिविर लगाकर चिन्हांकित हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है एवं हितग्राहियों से मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत योजनाओं के संबंध में फीडबैक भी लिया जा रहा है। संकल्प यात्रा कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित शिविर में कुल 608 लोगों ने अपनी जाँच करवाई और शिविर का लाभ लिया, इसी कड़ी में कृषि विभाग से संबंधित किसान क्रेडिट कार्ड एवं अन्य योजनाओं से संबंधित 14 आवेदन, प्रधानमंत्री आवास योजना के 45 आवेदन एवं स्वच्छ भारत योजना के तहत शौचालय के लिए 5 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर दोनों पंचायतों के मंडल अध्यक्ष, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे।इस दौरान सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएँ जैसे - स्वच्छ भारत मिशन, आवश्यक वित्त पोषण सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएँ, स्वच्छ पेयजल सुविधा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदि जैसी बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करने के लिए तथा प्रमुख योजनाओं-मिशन के माध्यम से संतृप्ति के लिए सभी लक्षित और पात्र लाभार्थियों के लिए आवश्यक सेवाएँ सुलभ बनाने हेतु जागरूकता सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुँच को सुगम बनाया जा सके।

सांसद ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मेडिकल कॉलेज की मांग की

कवर्धा/नवप्रदेश। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय ने दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाक़ात की। सांसद पांडेय ने कबीरधाम जिले में मेडिकल कॉलेज की शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को पत्र सौंपकर आग्रह किया। मंत्री ने शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। सांसद संतोष पांडेय ने मंत्री को दिए पत्र में उल्लेख किया कि कबीरधाम जिला आदिवासी बाहुल्य जिला है। जिले के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहद आवश्यकता है। मेडिकल कॉलेज जिलेवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग है। मेडिकल कॉलेज के अभाव में जिले के मरीजों को राजधानी रायपुर या फिर अन्य दूरस्थ स्थित बड़े शहरों में इलाज हेतु जाना पड़ता है। कवर्धा से राजधानी रायपुर सहित बिलासपुर, राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई शहर की दूरी करीब सवा सौ किलोमीटर है। जबकि कबीरधाम जिले के वनांचल क्षेत्र बार्डर की दूरी जिला मुख्यालय से करीब 80 किमी है। वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का बेहतर लाभ नही मिल पाता। इसके चलते उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिले में मेडिकल कॉलेज खुल जाने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा। साथ ही जिले का विकास भी होगा। सांसद पांडेय ने गत वर्ष लोकसभा में जिले में स्वास्थ्य से संबंधित होने वाली परेशानियों का मुद्दा उठाते हुए जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने की मांग की थी। साथ ही तत्कालीन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन से मुलाक़ात कर उन्हें इस बाबत पत्र भी सौंपा था। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए 60 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार व 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा दिया जाना है।

अवैध खाद से भरा ट्रक जब्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। सिटी कोतवाली पुलिस ने ट्रक में अवैध रूप से अमानक खाद डीएपी परिवहन करने की सूचना पर कार्रवाई की है। जबलपुर - रायपुर नेशनल हाईवे में ट्रक को पुलिस ने अवैध खाद समेत जब्त किया है। जिसे सिटी कोतवाली थाने में सुरक्षित रखा गया है। वहीं ट्रक में लोड किये गए दो अलग-अलग किस्म के डीएपी खाद की बेमेतरा कृषि विभाग ने सैंपल लिया है।

मामला बीती रात का हैः जहां जबलपुर की ओर से आ रही ट्रक में अमानक खाद के अवैध रूप से परिवहन की सूचना सिटी कोतवाली थाने को मिली। जिसके बाद पुलिस ने नवागढ़ तिराहा में घेराबंदी करके ट्रक को सिटी कोतवाली ले आई है. जिसमें 600 बोरी डीएपी खाद है। जो अलग-अलग 2 कंपनियों की बताई जा रही है। वहीं एक खाद काले रंग की है और दूसरी खाद सफेद रंग की है। बेमेतरा सिटी कोतवाली पुलिस ने डीएपी की गुणवत्ता की जांच के लिए कृषि विभाग को जांच के लिए बुलाया है. जहां कृषि विभाग के अधिकारियों ने थाना पहुंचकर डीएपी के सैम्पल लिए हैं। अब आगे दोनों खाद के सैम्पल की जांच होगी. जिसके बाद आगे का कार्रवाई की जाएगी।

जैविक खाद के रूप में हुई है बिलिंगः बेमेतरा पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक में 600 बोरी डीएपी है। जो अलग-अलग कंपनियों के हैं। लेकिन बिल में डीएपी का उल्लेख न कर जैविक खाद लिखकर भेजा गया है. जिससे खाद के अमानक होने की आशंका जताई जा रही है। मामले को लेकर बेमेतरा एसडीओपी ने कहा वाहन में अमानक खाद की सूचना पर ट्रक थाने में रखा गया है. जिसमें 600 बोरी डीएपी है. जो करीब 4 से 5 लाख रुपए के आसपास की बताई जा रही है.- मनोज कुमार तिर्की,एसडीओपी कृषि विभाग ने लिया सैंपलः कृषि विभाग ने खाद का सैम्पल लिया है. लैब से रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

उदंती टाइगर रिजर्व में 200 ट्रैप कैमरे लगाए गए

■ **कैमरे में 3 दिनों में तेंदुआ, भालू, जंगली सूअर की तस्वीरें कैद**

गरियाबंद/नवप्रदेश। उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व एक ओर जहां राजकीय पशु वनभैंसा के नाम से जाना जाता है। वन्य प्राणियों की गतिविधियों पर नजर रखने वन विभाग द्वारा ट्रैप कैमरे लगाए जा रहे हैं। पिछले तीन दिनों के भीतर तेंदुआ,भालू, जंगली सूअर, लकड़बघ्घा, मोर, हिरण, खरगोश जैसे वन्य प्राणियों की सैकड़ों तस्वीरें कैमरों में कैद हुई है।

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के कोर और बफर जोन में कैमरे लगाये जाने के पीछे वन विभाग का उद्देश्य है कि वन्य प्राणियों के जहां एक ओर फोटो के माध्यम से उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाए। वहीं इससे यह भी पता चले कि जंगल के भीतर कौन -कौन से वन्य प्राणी हैं। पिछले कई वर्षों से ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं। इसमें कई दुर्लभ वन्य प्राणियों की तस्वीरें कैद हुई हैं। तकनीकी तौर पर काफी उन्नत कैमरे लगाए गए हैं। जो रात में भी काफी अच्छी फोटो ले सकें। उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि 250 कैमरे जंगल में लगाये जायेंगे। इस संबंध में बताया कि टाईगर रिजर्व के जंगल क्षेत्र में हर वर्ष ट्रैप कैमरे लगाए जाते हैं। परंतु बारिश में इसे निकाल दिया जाता है। अब फिर से लगाए जा रहे हैं। 200 कैमरे लग चुके हैं। कुल 250 कैमरा लगाये जायेंगे और कैमरा लगाने के लिए पिछले दिनों विभाग के स्थानीय अधिकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया है।

लंबित आवेदनों पर संबंधित अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश

■ **राजस्व प्रकरणों के सुस्त निपटारे पर कलेक्टर सख्त**

बलौदाबाजार -भाटापारा/नवप्रदेश। अविवादित राजस्व प्रकरण जैसे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन का निराकरण समय-सीमा के बाद भी नहीं होने पर कलेक्टर चंदन कुमार ने सख्ती दिखाते हुए राजस्व न्यायालयवार लंबित आवेदन के आधार पर सम्बंधित एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं आरआई को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित समय-सीमा की बैठक में राजस्व प्रकरणों की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि राजस्व प्रकरणों में अविवादित बंटवारा व सीमांकन के कार्य सबसे आसान व जल्द निराकृत हो सकने वाले प्रकरण है लेकिन ऐसे प्रकरण भी समय-सीमा के बाहर लंबित रहना कार्य के प्रति उदासीनता को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि राजस्व के सभी प्रकरणों को सबसे पहले सम्बंधित न्यायलय में दर्ज करें। प्रकरण दर्ज करने के बाद ही कार्यवाही प्रारम्भ करें। उन्होंने बिना अनुमति के भूमि उपयोग में परिवर्तन के मामलों की नियमितता के लिए अभियान चलाकर राशि जमा कराने के निर्देश दिए। इसी तरह बटांकन के लिए शेष रकबों का भी अभियान चलाकर रिकार्ड दुरुस्तीकरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रकरण के सबंध में बिना खात्मा रिपोर्ट के भी प्रकरण का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने भू भाटक की वसूली, अभिलेख शुद्धता, डिजिटल हस्ताक्षर, विवादित एवं अविवादित बंटवारा, सीमांकन में तेजी लाने प्रतिदिन पटवारियों से रिपोर्ट लेने कहा।

कलेक्टर ने किया धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने सारंगढ़ विकासखंड के धान खरीदी केंद्र कोतरी और हरदी का आकस्मिक निरीक्षण किया। डॉ सिद्दीकी ने धान को छूकर धान की जानकारी ली। इसके साथ ही साथ नमी मापक यंत्र से बोरों के धान की नमी जांच की। कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों के सहायक प्रबंधकों को कहा कि शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार धान खरीदी कार्य करें। इस अवसर पर एसडीएम मोनिका वर्मा, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव,सहकारिता विभाग के सहायक पंजीयक व्यास नारायण साहू, अपेक्स बैंक के अधिकारी, खाद्य निरीक्षक, ईश्वर साहू सहित किसान उपस्थित थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

सोल्ड खिलाड़ियों ...

(ऑस्ट्रेलिया)- 24.75 करोड़, कोलकाता नाइट राइडर्स 20. जयदेव उनादकट (भारत)- 1.6 करोड़, सनराइजर्स हैदराबाद 21. दिलशान मदुशंका (श्रीलंका)- 4.60 करोड़, मुंबई इंडियंस 22. शुभम दुबे (भारत)- 5.80 करोड़, राजस्थान रॉयल्स 23. समीर रिजवी (भारत)- 8.40 करोड़, चेन्नई सुपर किंग्स 24. अंगकृष रघुवंशी (भारत)- 20 लाख, कोलकाता नाइट राइडर्स 25. अर्शिन कुलकर्णी (भारत)- 20 लाख, लखनऊ सुपर जायंट्स 26. शाहरुख खान (भारत)- 7.40 करोड़, गुजरात टाइटन्स 27. रमनदीप सिंह (भारत)- 20 लाख, कोलकाता नाइट राइडर्स 28. टॉम कोहलर कैडमोर (इंग्लैंड)- 40 लाख, राजस्थान रॉयल्स 29. रिकी भुई (भारत)- 20 लाख, दिल्ली कैपिटल्स

30. कुमार कुशाग्र (भारत)- 7.20 करोड़, दिल्ली कैपिटल्स 31. यश दयाल (भारत)- 5 करोड़, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 32. सुशांत मिश्रा (भारत)- 2.20 करोड़, गुजरात टाइटन्स 33. आकाश सिंह (भारत)- 20 लाख, सनराइजर्स हैदराबाद 34. कार्तिक त्यागी (भारत)- 60 लाख, गुजरात टाइटन्स 35. रसिक सलाम डार (भारत)- 20 लाख, दिल्ली कैपिटल्स

सदन में महासंग्राम...

धनखड़ ने टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी के मिमिक्री वाले वीडियो को लेकर सदन में नाराजगी जताई। उन्होंने सदन में कहा कि एक सांसद ने टीवी पर गिरावट की हद पार कर दी। उन्होंने कहा कि हद होती है। चैनल के सामने सदन की मर्यादा को तार-तार किया गया है। भगवान इन्हें सद्बुद्धि दे।

पहली बार इतने सांसद सस्पेंड हुए : सोमवार यानी 18 दिसंबर को कुल 78 सांसदों (लोकसभा-33, राज्यसभा-45) को निलंबित किया गया था। आजादी के बाद पहली बार एक ही दिन में इतने सांसद निलंबित किए गए हैं। इससे पहले 1989 में राजीव सरकार में 63 सांसद निलंबित किए गए थे। पिछले हफ्ते भी 14 सांसदों को निलंबित किया गया था।

सबसे ज्यादा 57 ...

2 (राज्यसभा से), इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के तीन (लोकसभा से), आप का एक (लोकसभा से), केरला कांग्रेस का एक (राज्यसभा से), झामुमो का एक (राज्यसभा से), वीसीके का एक (लोकसभा से) और आरएसपी का एक (लोकसभा से) सांसद हैं।

जीएसटी दूसरा संशोधन...

ताकि स्थानीय स्तर करदाताओं को सुविधा मिल सके।

आडवाणी, जोशी को ...

जी और आदरणीय डॉ मुरली मनोहर जोशी जी को अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया।

ममता ने पीएम कैंडिडेट के ...

पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सपा नेता अखिलेश यादव, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, फ ारूक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती और आरएलडी से जयंत चौधरी समेत 28 दलों के नेता मौजूद रहे।

स्वच्छता पखवाड़ा महिला कृषकों ने ली शपथ

कांकेर/नवप्रदेश। स्वच्छता पखवाड़ा ''स्वच्छता ही सेवा'' कार्यक्रम अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर में आज स्वच्छता की शपथ ली गई। केन्द्र के अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्राम सिंगारभाठ तथा पथर्री की महिला कृषक सम्मिलित हुईं। स्वच्छता शपथ लेने के पश्चात् प्रक्षेत्र की साफ-सफाई की गई तथा स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

ठेकेदार कर रहा बिना अनुमति अवैध उत्खनन

सुकमा/नवप्रदेश। गादीरास तहसील क्षेत्र अंतर्गत मलगेर नदी गादीरास व चिन्नपारा में पेटी ठेकेदार के द्वारा सारे नियमों को दरकिनार करते हुए दोनों स्थल पर पुल निर्माण किया जा रहा है।

पेटी ठेकेदार के द्वारा गादीरास और चिन्नपारा में दो पुल का निर्माण किया जा रहा है। इन दोनों पुल के साइड में मिट्टी फीलिंग करने के लिए खनिज विभाग की अनुमति के बगैर ही सरकारी भूमि से खनन कर मिट्टी निकाल रहे हैं। इस संबंध में खनिज विभाग से भी अनुमति नहीं ली है। यह नियम विरुद्ध है। पेटी ठेकेदार की मनमानी से विभागीय अधिकारी भी नतमस्तक हैं। निर्माण एजेंसी अधिकारी यहां निरीक्षण करने भी नहीं आते। इसके कारण पुल निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है। तकनीकी, विभागीय अधिकारी महीने में एक या दो बार ही निर्माण स्थल को देखने पहुंचते हैं। सिर्फ खानापूर्ति कर चल देते हैं। यहां का कामकाज पूरी तरह से गुणवत्ता एवं मानक स्तर के विपरीत किया जा रहा है।

मुरुम के नाम पर मिट्टी की फीलिंग

मलगेर नदी पर बन रहे इन दोनों पुल की स्थिति देखने पर स्थिति साफ होती है कि मुरूम की जगह दोनों साइड में मिट्टी की फीलिंग की जा रही है। जो कि नदी का कटाव क्षेत्र है। ऐसे में मुरुम या हेडमेटल से पुल के दोनों साइड फीलिंग करना था।

ट्रैक्टर से मुरुम एवं रेत परिवहन करने पर तत्काल कार्रवाई की जाती है। लेकिन बड़े ठेकेदार खुले आम नियमों के विरुद्ध अवैध उत्खनन कर परिवहन कर रहे हैं।

मूलभूत सेवाओं से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता से करें हल

■ **अवैध धान परिवहन करने वाले व्यक्तियों के ऊपर कड़ी कार्रवाई करें**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक कलेक्टर विनीत नंदनवार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सबसे पहले विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा करते हुये कलेक्टर ने कहा कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के आयोजन के दौरान मूलभूत सेवाएं प्रदाता प्रकरण जैसे पेन्शन योजना, आयुष्मान कार्ड, राजस्व प्रकरण अंतर्गत बी-1 का वाचन, जाति प्रमाण पत्र प्रदाय को प्राथमिकता देकर पुख्ता निराकरण करें। शासन की मंशानुसार इन योजनाओं को ग्राम पंचायत स्तर पर संतृप्तीकरण करके समाधान किया जाना है। इसी प्रकार आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जो शिविर लगाये जायेंगे। उसके लिए पूर्व से ही लोगों में प्रचार प्रसार करवा कर चिन्हांकित करने, आवश्यक दस्तावेजों की उपलब्धता को सुनिश्चित करने साथ ही इस कार्य हेतु आवश्यक स्टाफ और मैदानी कर्मचारियों को सक्रिय करना सुनिश्चित करें। कुल मिलाकर विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आम जनता को केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं के अंतर्गत आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट योजना, जल-जीवन मिशन, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के आदि योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुँचाने के अलावा सभी हितग्राहियों को इन योजनाओं से लाभान्वित किया जाना ''मिशन मोड'' में किये जायेंगे।

कलेक्टर ने इसके साथ ही कार्यक्रम के आयोजन स्थल में आम नागरिकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने हेतु जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कार्यक्रम स्थल में उज्वला योजना अंतर्गत घरेलू गैस सिलेंडर प्रदान करने तथा आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत स्मार्ट कार्ड बनाने तथा शासन की अन्य योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित कराने हेतु आवेदन भराने की व्यवस्था करने को कहा।

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./202312140400019/अ-6/2023-24

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण रमेश मोटवानी पिता स्व. लक्ष्मण दास मोटवानी निवासी म.नं. 8/139 मांझापारा कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर व अन्य 01 के व्दारा मोहल्ला भोईपारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 17ए, प्लाट नं. 21 क्षेत्रफल 256 वर्गमीटर वार्षिक भू-भाटक 42.84 रु. पक्का कच्चा मकान मय फेसिंग श्रीमती कलावती बाई पति भोलाराम निवासी कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को विक्रय मूल्य 22,93,000.00 रु. (बाईस लाख तिरानबे हजार रू.) में क्रय कर दिनांक 02.06.2023 को उप पंजीयक कार्यालय कांकेर में पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुये विक्रेता का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर ता का नाम दर्ज किये जाने छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पेश किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो इस न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के साथ प्रकरण में सुनवाई दिनांक 10/01/2024 तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। उक्त नियत दिनांक के पश्चात् दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

सील

नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./202312140400016/अ-6/2023-24

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विनोद प्रसाद तिवारी पिता सूरज प्रसाद तिवारी निवासी म.नं. 189, अन्नपूर्णापारा कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर के व्दारा मोहल्ला माहुरबंदपारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 10 डी, प्लाट नं. 65/4 क्षेत्रफल 223 वर्ग मीटर वार्षिक भूमि किराया रु. रिक्ति धनेश्वर चौधरी पी.ओ. रामसुन्दर चौधरी जाति केंवट निवासी कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को विक्रय मूल्य 17,00,000.00 रु. (सत्रह लाख रू.) में क्रय कर दिनांक 03.11.2023 को उप पंजीयक कार्यालय कांकेर में पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुये विक्रेता का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर क्रेता का नाम दर्ज किये जाने छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत् आवेदन पेश किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो इस न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के साथ प्रकरण में सुनवाई दिनांक 10/01/2024 तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। उक्त नियत दिनांक के पश्चात् दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

सील

नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे , स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 07752-468654, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

राहगीर कहते हैं..., सड़कों ने बदली सरकार!

एक घंटे में पूरी हो रही है 30 किलोमीटर की दूरी, जान का भी खतरा, 100 फीट गहरी नदी के पुल पर रेलिंग तक नहीं

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सड़क की इन तस्वीरों को देखकर आप अनुमान लगा सकते हैं कि आगे कोई गहरी नदी हो सकती है। इस नदी पर बने पुल से लोगों को सावधानी के साथ गुजरना होता होगा। ऐसी कल्पना आम आदमी तो कर ही सकता है , लेकिन सड़कों पर लोगों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार शासन-प्रशासन के अधिकारियों के लिए यह कल्पना से बाहर की बात हो जाए तो देख-जानकर हैरान होने के अलावा आदमी कर भी क्या सकता है ? यह स्टेट हाइवे की सड़क है , जो छत्तीसगढ़ को झारखंड से जोड़ती है। अंतरराज्यीय सड़कों का सरकारें विशेष ध्यान रखती हैं, ताकि सड़कों से गुजरते हुए लोग राज्य की अच्छी छवि लेकर जाएं। ऊपर जो तस्वीर है वह सरगुजा संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर से करीब 30 किलोमीटर दूर अम्बिकापुर - रामानुजगंज रोड की है। यहीं गागर नदी पर पुल है। गागर नदी काफी गहरी है और पहाड़ी नदी होने के कारण बारिश के दिनों में बाढ़ के पानी का बहाव काफी तेज होता है। तस्वीर उसी पुल के ऊपरी हिस्से की है।

कुछ साल पहले इसी तेज बहाव के कारण पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। बाढ़ का पानी पुल के दोनों ओर की रेलिंग तक बहा ले गया था। बरसों बाद भी पुल पर सुरक्षा के लिए रेलिंग लगाने की जरूरत अधिकारियों ने नहीं समझी। यही नहीं, पुल के स्लैब पर बड़े - बड़े गड्ढे हो गए हैं। पुल से गुजरते हुए किसी ने इन गड्ढों का ध्यान नहीं रखा तो 100 फीट गहरी नदी में गिरने का खतरा भी हो सकता है। सड़कों की हालत संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर से संभाग के दूसरे जिले बलरामपुर तक एक जैसी है। दोपहिया वाहन चालकों से सफर करने वालों से सड़क की हालत पर सवाल करें तो उनकी जबान से गाल अपशब्द निकलने लगते हैं । वे कहते हैं कि आना-जाना उनकी मजबूरी है इसलिए जान का जोखिम उठाकर ऐसी सड़क पर चल रहे हैं। हमारी जान की सरकार की कोई कीमत नहीं है वरना सड़क की हालत ऐसी नहीं होती , पुल बिना रेलिंग के नहीं होता। संभाग मुख्यालय से इस पुल तक करीब 30 किलोमीटर की दूरी तय करने में एक घंटे से अधिक का समय लग रहा है क्योंकि सड़क ख़राब है। अन्तर्राज्यीय मार्ग होने से सड़क पर गाड़ियों का दबाव हमेशा बना रहता है। सड़क की हालत पर पूर्ववर्ती सरकार के मंत्री डा.प्रेमसाय सिंह टेकाम के सामने भी उनकू निर्वाचन क्षेत्र के लोगों ने सवाल किया था। बड़े हल्के अंदाज में लेते हुए उन्होंने कह दिया था कि सड़कें खराब हैं तो लोग आराम से चल रहे हैं , सड़कों पर दुर्घटनाएं नहीं हो रही हैं। उनके इस हल्के अंदाज ने उन्हें कहां पहुंचा दिया , वे सोच सकते हैं।

इस दुर्दशा का दोषी कौन

विधानसभा चुनावों में जिन्हें सत्ता में रहते हुए हार का सामना करना पड़ा वे तो जान ही गए एक होंगे कि जनता ने उन्हें दोषी माना है। सरगुजा ने पिछले चुनाव में कांग्रेस को सभी 14 सीटें दी थी। जनता को उम्मीद थी कि सरकार में सरगुजा से चुने गए उनके प्रतिनिधियों की भूमिका होगी और पूरे संभाग में विकास के कार्य तेजी से होंगे। ऐसा कुछ हुआ नहीं और जनता ने 14 सीटें कांग्रेस से छीनकर भाजपा को दे दी। भाजपा नेता इस जनादेश का मर्म अभी से जान गए होंगे। अगर उन्होंने ने भी जानकर भी कांग्रेस नेताओं की तरह अनजान बनकर रह गए तो उनका भी यही हश्र हो सकता है।

अब नई सरकार से उम्मीद

छत्तीसगढ़ में नई सरकार आ गई है। कहा जाता है कि किसी सरकार का काम सड़कों पर ही दिखाई देता है। यदि सड़कें अच्छी हैं तो मान लिया जाता है है कि सरकार का बाकी काम भी टू ही चल रहा होगा। अगर सड़कें ही खराब हों तो मान लिया जाता है कि सरकार बस चल रही है। सरगुजा के लिए सुखद संयोग है कि राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हैं , जो इसी संभाग से हैं। सरकार का काम दिखाना है तो उन्हें संभाग की सड़कों से ही काम शुरू करना होगा। एक बार अपने सरकार के किसी जिम्मेदार अधिकारी को अम्बिकापुर से रामानुजगंज का सड़क मार्ग की यात्रा पर भेजकर उनका अनुभव पूछ सकते हैं। आम आदमी के अनुभूत का पता चल जाएगा।

न्यूज गैलरी

कलेक्टर के निर्देश पर शहरी व्यवस्था सुधारने के प्रयास तेज

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देश पर शहरी व्यवस्था सुदृढ़ीकरण हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। शहरी क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई के साथ ही सुगम यातायात एवं नागरिकों की सुविधा के लिए भी आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। नगर निगम के अमले ने निरीक्षण कर मंगलवार सुबह गांधी चौक के सोनी मोहल्ले में प्लाट नम्बर 19/2 में तालाब की भूमि के पास शासकीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया। राजस्व एवं नगर निगम की संयुक्त टीम ने साथ मिलकर अवैध कब्जा हटवाया। उक्त भूमि से आम मोहल्लेवासियों द्वारा तालाब तक निस्तार के रूप में उपयोग किया जाता था। कार्यवाही से खुश मोहल्लेवासियो द्वारा जिला प्रशासन का धन्यवाद दिया गया। एसडीएम अम्बिकापुर एवं तहसीलदार के मार्गदर्शन में राजस्व निरीक्षकों एवं हल्का पटवारी की संयुक्त टीम मंगलवार को ग्राम फुन्दूरडिहारी पहुंची। उन्होंने यहां स्थित शासकीय नजूल भूमि भू-खण्ड क्रमांक 20, 322, 19/1 रकबा 0.186, 0.211, 0.097 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन किया।

स्वच्छता, शिक्षा और ठंड से बचाव की व्यवस्था पर बच्चों से लिया फीडबैक

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। बीते दिनों देर रात को कलेक्टर कुंदन कुमार ने शहर में स्थित छात्रावासों का औचक निरीक्षण किया था जिसके बाद कलेक्टर ने सभी एसडीएम सहित जिला अधिकारियों को भी शाम में आश्रम छात्रावासों के निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इस कड़ी में जिला अधिकारी आश्रम और छात्रावासों में बालक-बालिकाओं हेतु आवश्यक व्यवस्था सहित सुरक्षा मानकों के जांच निरीक्षण पर पहुंच रहे हैं। जिला प्रशासन की टीम द्वारा औचक निरीक्षण में आश्रम-छात्रावास में अधीक्षक-अधीक्षिका की उपस्थिति की जांच की गई। छात्रावासों में गार्ड की उपस्थिति की जांच के साथ निगरानी रखने तथा बाहरी व्यक्ति का प्रवेश वर्जित करने कहा गया, इसके साथ ही बालिका छात्रावासों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था किए जाने निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही भोजन की गुणवत्ता, शैक्षणिक स्तर, शौचालय की स्थिति, परिसर में पर्याप्त रोशनी, शयनकक्ष की व्यवस्था, स्वच्छता सहित अन्य व्यवस्थाओं की जांच कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को 16 लाख सहायता

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर ने प्राकृतिक आपदा में मृतकों के निकटतम वारिसों के लिए 16 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। ग्राम चिरंगा के निवासी देवमुन कंवर की मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस सुमित्रा, तहसील मैनपाट के ग्राम बरिमा के निवासी मान सिंह की कुंआ के पानी में डुबने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस रतनी बाई, तहसील उदयपुर के ग्राम लक्ष्मणगढ़ के निवासी सीमा बरगाह की कुंआ के पानी में डुबने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस आस राम, तहसील उदयपुर के ग्राम झिरमिटी के निवासी आलम साय की आग में जलने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस राधा बाई,विमला दास, कुसुम बाई, को 4-4 लाख रूपये की राशि की मंजूरी दी है। इस राशि की मंजूरी राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत दी गई।

नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद सक्ती पहुंचे डा. महंत का स्वागत

सक्ती/नवप्रदेश। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद डा. चरणदास महंत 18 दिसंबर को पहली बार सक्ती पहुंचे जहां पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं सहित आम नागरिकों ने उनका अभूतपूर्व स्वागत किया। डा. चरणदास महंत का कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी ढोल ताशों से जोरदार स्वागत किया। डा. चरणदास महंत ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने के साथ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष के रूप में कांग्रेस पार्टी ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान की गई है।

विदित हो कि नेता प्रतिपक्ष के रूप में सक्ती नगर में आगमन के दौरान डा. चरण दास महंत पंचमुखी मंदिर दर्शन करने पहुंचे जिसके बाद ग्राम देवी मां महामाया के दर्शन करने पहुंचे। इससे पहले डा. महंत ने हटरी रोड़ सक्ती स्थित स्वर्गीय बिसाहू दास महंत उद्यान पहुंचकर अपने पिता को प्रणाम कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। चरण दास महंत को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि डा. चरण दास महंत को कांग्रेस विधायक दल का नेता नियुक्त किए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएँ।

संसदीय मामलों में आपका प्रदीर्घ अनुभव निश्चित ही हम सबके लिए लाभकारी सिद्ध होगा। इस दौरान महंत के साथ पूर्व नगर

पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल अग्रवाल सभा अध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता आनंद अग्रवाल जिला अध्यक्ष त्रिलोक चंद जयसवाल नगर अध्यक्ष पंडित दिगंबर चौबे नरेश गेवाडीन किसान नेता साधेवर गबेल पंडित दिगंबर चौबे गिरधर जायसवाल राहुल अग्रवाल मनीष कथूरिया उपस्थित रहे। डा. महंत ने कहा कि सक्ती जिला बनाया गया लेकिन मुझे लगता है कि सक्ती का जिला बनना नगरवासियों को रास नहीं आया है। उन्होंने कहा कि चाहे बुधवारी बाजार के टूटने का मामला हो या जिला कलेक्टर आफिस को सक्ती से 10 कि.मी. दूर बनाये जाने का मामला हो, सक्तीवासियों में नाराजगी रही है कांग्रेस सरकार के प्रति, हम सबको मिल जुलकर कांग्रेस को बेहतर बनाना होगा। मैं वादा करता हूं कि सक्ती जिले का ऐसा विकास करूंगा कि देखने वालों की आंखे चौंधिया जायेगी। डा. महंत ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि 25 दिसंबर को 18 लाख मकान देने की घोषणा भाजपा सरकार ने की है उसके अलावा और किसी घोषणा को पूरा करने के संबंध में बात नहीं की गयी है।

कोठार में पिकअप जली

मुंगेली/नवप्रदेश। कोठार में खड़ी पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 09 बी 1249 को आधी रात शरारती तत्वों ने आग लगा दी। वाहन मालिक गाड़ी का सामान लाने बिलासपुर गया हुआ था। घटना की जानकारी मिलने पर दूसरे दिन सिटी कोतवाली में वाहन में आगजनी की रिपोर्ट लिखाई।

ग्राम सोनपुरी निवासी सरजू साहू पिता बसंत साहू 17 दिसम्बर को अपने पिकअप सामान के लिए बिलासपुर गया हुआ था। रात में करीब 1 बजे फोन से पता चला कि पिकअप क्रमांक सीजी 09 बी 1249 को आग लगा दिया गया है। वह रात को ही बिलासपुर से घर पहुंचा। लगभग 3 बजे पिकअप

पूरा जला हुआ था। है। उसकी पत्नी सीता साहू ने बताया कि वह रात में जग रही थी तो उसे पता चला कि कुछ आवाज कोठार में आ रहा है। वह बाहर निकलकर देखी, तो पिकअप को जलते हुए देखी व गांव के कुछ लोग वही आसपास थे। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस धारा 435 के तहत जुर्म दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है।

मुस्लिम युथ विंग ने 15 बच्चों का सुन्नत कराया

मुंगेली/नवप्रदेश। मुस्लिम यूथ विंग के द्वारा इज्तेमाई सुन्नत कार्यक्रम रखा । कार्यक्रम में 15 बच्चो का सुन्नत कराया। मुस्लिम यूथ विंग कमेटी द्वारा दूसरे साल यह प्रोग्राम किया। जिसमें पहले साल में तकरीबन 22 बच्चों का सुन्नत कराया था और इस साल खलिफा असलम खान के द्वारा डॉक्टर की निगरानी में 15 बच्चों का सुन्नत कराया गया। आने वाले समय में कमेटी के जानिब से इस्तेमाई निकाह करने का भी प्रोग्राम रखा जाने वाला है। कमेटी की तरफ से लगातार शहर एवं समाज के विकास के लिए लगातार विभिन्न सामाजिक गतिविधियों को अंजाम देते रहे हैं। कमेटी की तरफ से जरूरतमंदों को रक्तदान समाज और शहर के विकास के लिए लगातार कार्य करते रहे हैं। मुस्लिम यूथ कमिटी के लोगों का उद्देश्य है कि शहर में आपसी भाईचारा को आगे बढ़ते हुए शहर एवं समाज के विकास के लिए उत्कृष्ट कार्य किया जाए। कार्यक्रम की शुरुआत कमेटी के जानिब से शहर में आम लंगर कर किया गया, जिसके बाद शहर के इमाम, मुआज्जम, मुस्लिम समाज के मुतवाली, सदर अध्यक्ष सहित शहर के हाजियों का इस्तिकबल कर, खलीफा असलम के द्वारा सुन्नत कराया गया। वही कमेटी के जानिब से सुन्नत किए जाने वाले बच्चे को गुलपोसी कर मोमेंटो से सम्मानित किया गया और तोहफों से भी नवाजा गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नवाब अली, असगर खान, रहमुद खान, रिंकू पठान, कलीम, इम्तियाज, इमरान, निजाम, फहीम, काकू पठान, राजू, मो. अलीम, नईम खान, मुकीम, अख्तर, हाफिज, बसीर, रिजवान, शकील, सहित समाज के लोग शामिल हुए।

25 से एक सप्ताह तक चलेगा स्वच्छता अभियान

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती 25 दिसंबर सुशासन दिवस के रूप में राज्य के सभी जिलों एवं ग्राम पंचायतों में मनाई जाएगी। राज्य शासन द्वारा सुशासन दिवस 25 दिसंबर 2023 के पूर्व ग्राम पंचायतों में पहले से निर्मित अटल स्तंभ की साफ-सफाई आवश्यक मरम्मत आदि कराने के निर्देश दिए गए हैं। सुशासन दिवस के दिन निर्वाचित जनप्रतिनिधि और आम नागरिक ग्राम तथा ग्राम पंचायत में सुशासन स्थापित करने का संकल्प भी लेंगे। इसी क्रम में ग्राम और ग्राम पंचायतों में 25 दिसंबर से आगामी एक सप्ताह तक स्वच्छता अभियान संचालित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने राज्य के सभी कलेक्टर और मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सुशासन दिवस के आयोजन के संबंध में दिशा-निर्देश दिए हैं।

मातृ-पितृ वंदन कार्यक्रम में प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

सक्ती/नवप्रदेश। गुरु घासीदास जयंती के पूर्व संध्या में ग्राम जाजंग के प्रतिष्ठित लहरे परिवार द्वारा आयोजित मंत्री पितृ चरण वंदन कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश यशवंत सारथी ने जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु घासीदास ने आजीवन शिक्षा का अलख जगाया क्योंकि शिक्षा रूपी ज्ञान ही समाज में सम्मान का आधार है जिसे अपनाकर आज सतनाम समाज के लोग विभिन्न उच्च पदों पर आसीन हैं जिसे देखकर प्रसन्नता होती है।इस अवसर पर उपस्थित मानव अधिकार एवं सामाजिक न्याय आयोग लीगल सेल के प्रदेश अध्यक्ष एवम् उच्च न्यायालय अधिवक्ता चित रंजय पटेल ने कहा कि आयोग के मेडिकल सेल के प्रदेश सचिव डा विजय लहरे के 90वर्षीय पिता श्री रतिराम लहरे के द्वारा अपने जीवन के इन पलों में प्रतिभाओं का शाल श्रीफल से सम्मान के साथ आसपास के

बुजुर्ग महिला पुरुष को इस ठिठुरती ठंड में कंबल व श्रीफल भेंट कर इंसानियत का मिसाल पेश किया गया जो प्रशंसनीय होने के साथ सर्व समाज के लिए अनुकरणीय है , क्योंकि इस ढलती उम्र अक्सर लोग स्वार्थ में लिप्त रहते है लेकिन रतिराम लहरे जीवन शतकीय दशक में भी परमार्थ भाव से आयोजन किया है जो तारीफ ए काबिल है । इन पलों जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष तपेश शर्मा, विशेष लोक अभियोजक राकेश महंत, मानव अधिकार संगठन के जिलाध्यक्ष महेंद्र बरेठ के साथ जिला पदाधिकारी, प्रगतिशील सतनाम समाज के पुरन भारद्वाज आदि के साथ अंचल के सतनामी समाज के प्रमुख लोगों की गरिमामय सहभागिता रही। उल्लेखनीय है कि आयोजक रतिराम भोजमति लहरे का परिवार के सदस्यों के साथ अभ्यागतों ने चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया तथा उनके सुखद व सुदीर्घ तथा समृद्ध जीवन की मंगल कामनाएं किया। आज के आयोजन में संत के पुजारी लोक कला मंच व मुस्कान पंथी पार्टी के कलाकारों ने बाबा के संदेशों के साथ भव्य गीत एवम नृत्य की प्रस्तुति देकर मन को मोह लिया।

कारोबार | **नगर में गरम कपड़ों का बाजार पूरे शबाब में है, शरीर को गरम रखने से लेकर फैशन परस्त युवाओं के लिए कई रेंज के परिधान**

ठंड से बचने के लिए स्वेटर और स्टाइलिश जैकेट

मुंगेली/नवप्रदेश। सर्दी यानी रंग-बिरंगे कपड़े पहनने का मौसम। ठंड का पारा बढ़ते ही युवाओं ने अपने पहनावें में बदलाव कर दिया है। ठंड से बचने के साथ स्टाइलिश कपड़ों का फैशन जोरों पर है। जिसके साथ लांग कोट या लेदर जैकेट युवाओं की पहली पसंद बनी हुई है, तो सतरंगी कार्डिगन युवतियों को लुभा रही है। कूल सीजन के कूल फैशन को भांपते हुए बाजार भी नई वैरायटियों के गर्म कपड़ों से सज गए है।

मौसम के साथ-साथ फैशन भी बदल गया है। ऊनी गर्म कपड़े अब पुराने दौर की बात हो गई है। आज कल बाजार लेदर जैकेट और फेब्रिक के गर्म कपड़ों से पटा हुआ है। बड़े शहरों के तर्ज पर छोटे शहर के युवा भी नई फैशन को अपना रहे है। इसे देख यहां के गारमेंट शोरूम नई वैरायटियां लेकर आए है। इसमें जींस के साथ लांग कोट तो अलग-अलग रंगों में लेदर जैकेट है। वहीं महिलाओं के लिए भी गर्म कपड़ों में अच्छी रेंज बनी हुई है। स्कार्फ और मफलर के साथ कार्डिगन चटक रंगों व आकर्षक डिजाइन में उपलब्ध है। सर्दी के मौसम में गर्म कपड़ों के साथ फैशनेबल जूते भी बाजार में आए है। लांग बूट हमेशा की तरह पहली पसंद बने हुए है। वहीं टी-शर्ट बूट और स्पोर्ट शू की आकर्षक डिजाइन युवाओं को भा

रही है। स्टाइलिश लुक के लिए युवतियां साफ्ट टॉय मटेरियल से बने कार्डिगन और लेदर जैकेट को अहमियत दे रहे है। साफ्ट टॉय मटेरियल के गर्म कपड़े बजट में होने के साथ आकर्षक भी दिखते है। मुरलीवाला के राजेश भोजवानी ने बताया 300 से 600 की रेंज में अच्छे कार्डिगन आए है। युवाओं ने अपने स्टाइल में लेदर जैकेट को अहमियत दी है, तो 35 से 40 आयु वर्ग के लोग ब्लेजर के साथ कोट मटेरियल को पसंद कर रहे है। शहर में लगे बाजारों में बच्चों और बुजुर्गों के लिए सॉल, दस्ताने, इनर, मोजे, स्वेटर, मंकी टोपा और डिजाइनर टोपों की वेरायटी मिल रही है। वहीं महिलाओं और पुरूषों के लिए भी गर्म कपड़ों का अच्छा कलेक्शन है। महिलाएं ज्यादातर फुल स्वेटर, स्कार्फ, नार्मल और गर्म मोजों के साथ सॉल की खरीददारी करती है वही पुरूषों में सबसे ज्यादा हाफ स्वेटर हाफ टोपा, मफलर फुल दस्ताने जर्सी की डिमांड ज्यादा रहती है।

राजा बघेल जांजगीर और दुर्गेश कवर्धा क्रिकेट संघ की सीनियर टीम में

मुंगेली/नवप्रदेश। सीनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट प्लेट ग्रुप में राजा बघेल जांजगीर चांपा और दुर्गेश सोनकर कवर्धा जिला क्रिकेट संघ की सीनियर टीम में चयनित हुए। क्रिकेट अकादमी सन राइस क्रिकेट सोसाइटी के खिलाड़ी छत्तीसगढ़ राज्य की टीम में चयनित हुए हैं। बालक खिलाड़ी भी लगातार अच्छे लेवल पर जा रहे है। छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट प्लेट ग्रुप के सीनियर क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए जांजगीर चांपा जिला क्रिकेट एसोसिएशन की टीम में मिडियम पेसर राजा बघेल चयनित हुए हैं। वही कवर्धा जिला क्रिकेट संघ की टीम में ऑल राउंडर क्रिकेट खिलाड़ी दुर्गेश सोनकर चयनित हुए हैं। सन राइस क्रिकेट अकादमी के

संचालक जलेश यादव ने बताया कि दोनो बहुत प्रतिभाशील खिलाड़ी हैं। राजा बघेल मीडियम पेसर है वह जबरदस्त फिल्डर के साथ अच्छी बल्लेबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन करता है वही दुर्गेश सोनकर एक अच्छा ऑल राउंडर क्रिकेट खिलाड़ी है अपनी एकेडमी की ओर से वह ओपनर बल्लेबाजी, गेंदबाजी करता है फिल्डिंग भी जबरदस्त है। उन दोनो ने अपने चयन होने का श्रेय अपने माता पिता, जांजगीर जिला क्रिकेट एसोसिएशन, कवर्धा जिला क्रिकेट संघ व उन सभी लोगों को दिया जो हमारी क्रिकेट अकादमी को सहयोग करते हैं।

न्यूज गैलरी

चन्द्रमणि साहू सम्मानित

किरंदुल/नवप्रदेश। लौह नगरी किरंदुल मे मितानिन का फर्ज निभाते हुये इस क्षेत्र की चन्द्रमणी साहू ने इन दिनों अपनी एक अलग ही पहचान मितानिन के क्षेत्र मे बना लिया हैं । बखूबी से वह अपनी ड्यूटी को निभाते हुये मरीज लोगो तक पहुँच उनकी समस्याओं को सम्बन्धित विभाग तक सही समय पर पहुँचा भी देती है जिससे उस व्यक्ति की सही समय पर उसकी इलाज भी हो जाती हैं। इनके द्वारा मितानिन के साथ साथ डायरेक्ट सेलिंग AWPL वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड भी जॉइन कर लिया है । जहाँ लाखो महिलाओं ने इस वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड मे जुड़कर घर की काम काज के साथ साथ लोगो के बीच पहुँचकर स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी देकर लोगो को जागरूक करने का काम कर रहे हैं ठीक लौह नगरी किरंदुल मे भी चन्द्रमणी साहू भी लोगो के बीच पहुँचकर स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी देकर जागरूक करने का काम कर रही है इनकी इस उपलब्धि के लिए AWPL वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा दंतेवाड़ा मे इन्हे फूलमाला से स्वागत कर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। चन्द्रमणि साहू ने बताया की मै ऐसे ही लोगो के जनकल्याण व बीमार से ग्रसित लोगो के लिए काम करती रहूँगी मुझे इस तरह से सम्मान करने लिए पूरी टीम का धन्यवाद।

जयंती पर गांव में निकली कलश रैली

नगरी/नवप्रदेश। संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जयंती बड़े हर्ष उल्लास के साथ समस्त सतनामी समाज देवपुर के द्वारा मनाया गया जिसमें गुरु के संदेश पंथी पार्टी के गायक तेज प्रकाश कोषरे की प्रस्तुति के साथ सतनामी समाज देवपुर के अध्यक्ष शिव कुमार गहने उपाध्यक्ष नेतराम गायकवाड राधेश्याम मल्होत्रा सचिव नंदलाल कश्यप रविशंकर चेलक कोषाध्यक्ष आश कुमार चतुर्वेदी पंडित पाहटूराम बंजारे संरक्षण बिरजू राम रतूराम चिंताराम हेमलाल संजय बीरबल धरमूराम जितेंद्र चंपालाल अनिल तेजप्रकाश मनोहर मोतीराम पीतम राकेश लक्ष्मण कोषरे एवं ग्राम देवपुर के समस्त गढ़मान्य नागरिक महिला एवं पुरुष एवं छोटे-छोटे बच्चों के सहयोग से भव्य रैली का आयोजन करते हुए बड़ी हरसोलश के साथ मनाया गया।

'जैवविविधता' पर व्याख्यान माला संपन्न

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्रभारी प्राचार्य प्रो.आर.आर.मेहरा के मार्गदर्शन एवं प्रो.कौषल नायक विभागाध्यक्ष वनस्पतिषास्त्र विभाग के संयोजन में को ''जैवविविधता'' विशय पर एक दिवसीय व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस व्याख्यानमाला में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. ओ.पी. चांदे, सहा. प्राध्यापक (वनस्पतिषास्त्र) षास. नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी थे। इस व्याख्यानमाला में प्रो. ओ.पी. चांदे सर द्वारा जैवविविधता का महत्व और आस-पास की वनस्पतियों को तथा जीवों को किस प्रकार बचाना चाहिये, इस बिन्दु पर प्रकाष डाला तथा विभागाध्यक्ष प्रो.कौशल नायक द्वारा उनके गुणों को बताया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएँ एवं अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

स्वयं सेवकों ने किया निर्माण कार्य में सहयोग

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्रभारी प्राचार्य एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो.आर.आर.मेहरा के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत सेमरा में रासेयो इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर से आयोजित की गई। जिसमें 18 दिसंबर को स्वयं सेवकों द्वारा परियोजना कार्य के अंतर्गत पीएम आवास योजना निर्माण कार्य में सहयोग प्रदान किया गया तथा ग्राम सेमरा के गलियों साफ-सफाई भी की गई।

किसान आत्महत्या : कांग्रेस की 5 सदस्यीय टीम पहुंची मृतक के घर, पीसीसी को सौंपेगी रिपोर्ट

नारायणपुर/नवप्रदेश। नारायणपुर जिले के कुकड़ाझोर गांव में 12 दिसंबर को एक किसान के आत्महत्या करने के मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा गठित 5 सदस्यीय जांच टीम सोमवार को मृत किसान हीरु बढ़ई के घर पहुंची और यहां उनके परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। साथ ही परिजनों के साथ-साथ गांव वाले के भी बयान दर्ज किए। कांग्रेस की जांच टीम ने अपने प्रारंभिक जांच में पाया कि किसान ने सवा लाख रुपये के कर्ज नही चुका पाने के चलते कीटनाशक दवाई खाकर आत्महत्या कर ली।

कुछ दिन बाद किसान के बड़े बेटे की शादी होनी थी ऐसे में उसके पास बैंक का कर्ज चुकाने के लिए पैसे नहीं थे। ऐसे में कुछ दिनों से वह परेशान चल रहा था। कर्ज नहीं चुका पाने के चलते किसान ने अपने खेत में कीटनाशक दवाई खाकर आत्महत्या कर ली। जांच समिति के सदस्यों का कहना है कि वह जल्द ही परिजनों और ग्रामीणों के बयान दर्ज करने के बाद एक रिपोर्ट बना कर पीसीसी को सौपेंगे।

कांग्रेस ने की बयान दर्ज

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने एक जांच समिति का गठन किया जिसमें बस्तर के विधायक लखेश्वर बघेल को जांच कमेटी का संयोजक बनाया गया और उनके नेतृत्व में 5 सदस्य टीम जिसमें पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, पूर्व विधायक चंदन कश्यप,पूर्व विधायक संतराम नेताम और नारायणपुर कांग्रेस जिला अध्यक्ष रजनु नेताम मृत किसान हीरू के गांव कुकड़ाझोर पहुंचे। यहां किसान के परिवार वालों से मुलाकात की, जांच कमेटी के संयोजक लखेश्वर बघेल ने बताया कि किसान ने कर्ज तले आत्महत्या करने कि कांग्रेस की प्रारंभिक जांच में पुष्टि हुई है। लखेश्वर बघेल ने बताया कि परिजनों के बयान के आधार पर पता चला है कि किसान हीरू अपने पूरे परिवार का पालन पोषण अकेले करता था।

पत्नी और दोनों बेटों के साथ वह अपनी सांस का भी पालन पोषण करता था, हीरु के पास 9 एकड़ खेत है और इस साल मौसम की बेरुखी के चलते उसके 9 एकड़ खेत में केवल 70 बोरी ही धान की पैदावार हुई.

पीसीसी को सौंपी जाएगी रिपोर्ट

कांग्रेस जांच कमेटी के सदस्यों का कहना है कि कांग्रेस की सरकार बनने से किसान को कर्ज माफी की उम्मीद थी। साथ ही भाजपा ने भी अपने वादे अनुसार प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर कैबिनेट की पहली बैठक में किसानों का 2 लाख रुपये तक का कर्ज माफ करने का वादा किया था। कर्ज माफी जैसी कोई पहल नहीं होने के चलते किसान ने आत्महत्या की। कांग्रेस की जांच कमेटी ने परिवारजनों मुआवजा दिए जाने के साथ ही किसान का पूरा कर्ज माफ करने की मांग की है। जांच कमेटी परिजनों और ग्रामीणों के बयान दर्ज किये जा रहे है। लखेश्वर बघेल का कहना है कि पूरी रिपोर्ट तैयार करने के बाद इसे पीसीसी को सौपा जाएगा।

कांग्रेस, भाजपा सरकार को घेरने की कर रही तैयारी

एक तरफ जहां कांग्रेस बैंक का कर्ज नहीं चुका पाने के चलते और कर्ज चुकाने के लिए दबाव बनाने के चलते किसान के द्वारा आत्महत्या करने के बात कह रही है। वहीं दूसरी तरफ भाजपा आत्महत्या की कोई और ही वजह बता रही है। हालांकि इस मामले में नारायणपुर जिला प्रशासन ने भी जांच के आदेश दिए हैं।

पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

बीजापुर/नवप्रदेश। प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से नक्सल घटनाएं बढ़ गई है. बीजापुर में सुरक्षा बल के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। चिन्नागेलुर के जंगलों में ये मुठभेड़ हुई।

एरिया डॉमिनेशन पर निकले जवानों पर हमलाः बीजापुर में सीआरपीएफ और एसटीएफ की टीम चिन्नागेलुर की तरफ एरिया डॉमिनेशन के लिए निकली हुई थी। इसी दौरान चिन्नागेलुर के जंगल में छिपे बैठे नक्सलियों ने जवानों पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने बीजीएल (बैरल ग्रेनड लॉचर) से जवानों पर हमला किया। जवानों ने भी नक्सलियों पर जवाबी कार्रवाई की। जिसके बाद नक्सली जंगल की आड़ लेकर जंगल में भाग गए।

जवान पूरे क्षेत्र में सघन सर्चिंग अभियान चला रहे हैं। छत्तीसगढ़ में बढ़ी नक्सली घटनाएंः छत्तीसगढ़ में लगातार नक्सली घटनाएं हो रही है. नई सरकार बनने के बाद सीएम के शपथ ग्रहण के दिन भी नक्सलियों ने ढ्ढश्वष्ठ ब्लास्ट किया जिसमें नारायणपुर में एक जवान शहीद हो गया। इसके दूसरे दिन कांकेर में बीएसएफ का जवान शहीद हो गया। जवानों के शहीद होने के बाद सीएम विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम ने नक्सलियों पर बड़ी कार्रवाई करने को लेकर निर्देश दिए। नक्सलियों पर लिया जाएगा बड़ा एक्शन। सीएम विष्णुदेव साय ने नक्सलियों को चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार है। बसे प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है। नक्सलियों की बौखलाहट बढ़ गई है। जिसके चलते माओवादी कायराना हरकत कर रहे हैं। जैसे पहले 15 वर्षों में हम नक्सलियों से लड़ाई लड़ी है। इस बार डबल इंजन की सरकार है। उससे भी ज्यादा मजबूती के साथ आने वाले समय में नक्सलियों से लड़ाई लड़ेंगे।

साहू समाज के विधायकों का सम्मान 25 को

नगरी/नवप्रदेश। तहसील साहू समाज नगरी सिहावा की बैठक सोमवार 18 दिसंबर को सुबह 10बजे हुई। इसकी शुरुआत माता कर्मा की पूजा अर्चना के साथ की गई। अध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी सिहावा ने समाज की एकता और संगठन के बारे में जानकारी दी। युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं नवनिर्वाचित विधायकों का सम्मान समारोह रविवार 25 दिसंबर को पुराना मंडी धमतरी में होने की जानकारी दी। 7 जनवरी को राजिम जयंती के कार्यक्रम के लिए अवगत कराया। इसके बाद सामाजिक प्रकरणों का समाधान किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष पुनीत राम, सचिव सुभाषचंद्र , उपाध्यक्ष अनराज, कोषाध्यक्ष सखाराम, सहसचिव पेमन लवकुमार आदि उपस्थित थे।

हादसे में दो युवकों की मौत

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले में सड़क हादसा थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार सड़क हादसे बस्तर की सड़कों पर हो रहा है। बीती रात जगदलपुर शहर में एक जबरदस्त सड़क हादसा हो गया। इस सड़क हादसे में 2 युवाओं की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं 2 युवक गंभीर रूप से घायल हैं. जिनका इलाज शहर के जिला अस्पताल में चल रहा है। सड़क हादसे का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि चार पहिया वाहन कार काफी तेज रफ्तार में थी।

सड़क पर टर्निंग के दौरान स्पीड से आ रही कार अनियंत्रित हो गई। जिसके बाद कार सिग्नल के खंभे में टकरा गई। इस हादसे में दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दोस्त की शादी से वापसी के दौरान हुआ हादसाः जगदलपुर सीएसपी विकास कुमार ने बताया कि जगदलपुर शहर के मेन रोड निवासी अपने 2 दोस्तों के साथ शादी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आड़ावाल गए हुए थे। रात के करीब 1 बजे शादी से वापस लौट रहे थे। इसी बीच जगदलपुर शहर के शहीद पार्क के सामने स्थित ट्रैफिक सिगनल के पास वाहन चालक से वाहन अनियंत्रित हो गया। जिसके कारण एक जबरदस्त सड़क हादसा हो गया। इस सड़क हादसे में 2 युवकों की मौत हो गई। वहीं 2 युवक घायल हैं। जगदलपुर के ही रहने वाले हैं मृतकः दोनों मृतक राहुल व वैभव जगदलपुर मेन रोड के निवासी हैं। सड़क हादसे में मौत के बाद पूरे जगदलपुर शहर में शोक का माहौल देखने को मिल रहा है। एक साथ दो मौत से शहर में मातम पसरा हुआ है। परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बाबा ने दिया भाईचारा और समरसता का संदेश: बलजीत

नगरी/नवप्रदेश। बाबा गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर सतनामी समाज द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 13 में बड़े ही धूमधाम से बाबा की जयंती मनाई गई । जैतखाम की पूजा अर्चना के पश्चात पंथी नित्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के पूर्व पार्षद बलजीत छाबड़ा शामिल हुए। उन्होंने जैतखाम की पूजा अर्चना कर नगर की समृद्धि व खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि 18 दिसंबर 1756 को गुरु घासीदास का जन्म ऐसे समय हुआ जब समाज में ऊंच नीच छुआछूत झूठ और कपट का बोलबाला था उनका जन्म स्थान छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में गिरौद नामक ग्राम में बताया जाता है पिता महलू दास तथा माता अमर्रोतीन के घर जन्मे गुरु घासीदास ने समाज को सत्य की राह में जीने की प्रेरणा दी। उनकी सत्य के प्रति अटूट आस्था थी इस कारण उन्हें बचपन में कई चमत्कार दिखाएं जिसका लोगों पर काफी प्रभाव रहा घासीदास ने जहां समाज में एकता बढ़ाने का कार्य किया। वहीं भाई चारे और समरसता का संदेश दिया। उन्होंने न सिर्फ सत्य की आराधना की बल्कि समाज में नई जागृति पैदा की। इस मौके पर शहर अध्यक्ष राजा पवार उप सरपंच नरसिंग मरकाम पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ओमी ठाकुर चंद्रहास मरकाम निकेश सोम सोम सोनू भोज आशीष कश्यप व सतनामी समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

पंथी नृत्य रहा आकर्षण का केन्द्र

नगरी/नवप्रदेश। सतनामी समाज द्वारा गुरूघासी दास जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही समाज के बच्चे नौजवान युवक युवती सुबह से नये कपड़े पहनकर पंथी नृत्य व शाम को ध्वजा रोहण कर आपस मे भाई-चारे का संदेश दिया। विधायक अंबिका मरकाम ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर समाजजनों को बाबा की जयंती की बधाई दी। विधायक अंबिका मरकाम ने ग्राम पाईक भाटा, सिरसिदा, खम्हरिया व साकरा सतनामी समाज के कार्यक्रम स्थल पहुच कर बाबा घासी दास के जैत खाम मे पूजा अर्चना कर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की बाबा का संदेश मनखे मनखे एक समान आज जितने भी मनुष्य है सभी समाज मे आपस मे भाईचारे के साथ रहे और जोस तरह समाज मे रूढी वादी ऊच नीच भेद भाव की परंपरा चली आ रही थी जिसे बाबा ने समाज को जगाकर ऊच नीच के भेद भाव को खत्म किया और सभी को एक साथ रह कर आपस मे जीवन बिताने का संदेश दिया और सतनामी समाज को एक नई पहचान बनाई जो आज बाबा की देन है। आज सतनामी समाज भी बराबरी के स्थान में खड़ी है और समाज में आज सतनामी समाज के लोग भी बडे- बड़े पदो पर बैठ कर समाज को नई दिशा दे रहे । बाबा के उपदेश को समाज मे आगे बढ़ रहे । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मीना बंजारे, भूषण साहू , भानेन्द ठाकुर, प्रमोद कुजाम, सचिन भंषाली, पिकी यदु, भरत लहरे, हिदेश सोनवानी,रोहित मल्होत्रा, चन्द्रप्रकाश चंदेनिया, बसंत मल्होत्रा, धनेश्वर जोगी, अशोक मल्होत्रा, प्रदीप चतुर्वेदी, दिनेश मल्होत्रा, दुष्यंत मल्होत्रा, विरेन्द्र चंदेनिया, पिकी मल्होत्रा, कृष्णा चंदेनिया, मधु मल्होत्रा, मोहित चंदेनिया,ओम प्रकाश चंदेनिया, कमलेश मल्होत्रा, राकेश कोसरे, नंदलाल जोगी, विष्णु मलेहोत्रा है। जिसमे पंथी नृत्य ने मोह लिया मन वही जिले के अंतिम छोर ग्राम पंचायत मैनपुर (बोरई) मे ऐस पास के ग्रामीणो के साथ समाज के लोगो को बाबा के जयंती का बेसब्री से इन्तजार रहता है जहा सुबह से ही गाव के युवक युवती तरह तरह के ड्रेस मे सजधज कर पंथी नृत्य करते है जो आकर्षक का केन्द्र रहता है जहा यह कार्यक्रम दिन चलता रहता है। शाम को पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण कार्यक्रम किया जाता है और रात में समस्त ग्रामवासियो के मनोरंजन के लिये सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाता है।

सतनाम शोभा यात्रा में शामिल हुईं भाजपा नेत्री मधु

नवागढ़/नवप्रदेश। बाबा गुरु घासीदास जयंती पर नवागढ़ नगर में आयोजित सतनाम शोभा यात्रा में भाजपा नेत्री व समाज की महिला संघ की कार्यकारी जिलाध्यक्ष मधु रॉय अपनी महिला सदस्यों के साथ शामिल हुई। उन्होंने मिनीमाता चौक पर पुष्प अर्पित कर सभी को बाबा की जयंती पर शुभकामनाएं दी।

25 वर्ष बाद मिले पूर्व छात्र तो यादें हुई ताजा

पूर्व छात्र सम्मेलन में शिक्षकों को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

नगरी/नवप्रदेश। सतरंगी छटाएं बिखेरता शासकीय श्रृंगी ऋषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी के परिसर में खूबसूरत मंच, पुरानी दोस्ती को जीने की तमन्ना लिए इधर-उधर तलाशती निगाहें, गुजरे वक्त की सुनहरी यादों को जिंदा करता विद्यालय परिसर, किस्सों में हंसी के ठहाके, इन सब लम्हों को समझते हुए रविवार को सन् 1998 में अध्यनरत् पूर्व छात्रों का सिल्वर जुबली एल्युमिनाई मीट 2023 कार्यक्रम संपन्न हुआ. पच्चीस वर्ष बाद मिल रहे छात्र एवं शिक्षक विद्यालय परिसर में बीते दिनों को याद कर रहे थे. आयोजित एल्युमिनाई मीट में बड़ी संख्या में पूर्व छात्राएं भी शामिल हुई. कुछ विद्यार्थियों ने अपने परिवार और बच्चों के साथ पहुंचकर मिलन समारोह की शोभा बढ़ाई।

कुछ ने अपने पुराने दिनों की याद करते हुए अपनी कामयाबी की कहानी सुनाई. सभी किसी न किसी क्षेत्र में अपनी सेवाएं देते हुए देश की सेवा कर रहे हैं. कार्यक्रम में सन् 1998 में अध्यापन कराने वाले शिक्षक ए.एल. बलपेला, एस.सी. पटेल, के.एस. ठाकुर, एम. श्रीवास्तव, कौशल, आर.के.गुप्ता, पी.एस. राय, एस.के. प्रजापति,डी.सी. खत्री, राजेश तिवारी, एन.एस. नेताम एवं ऋषि सोनी उपस्थित थे. पूर्व छात्र-छात्राओं की ओर से शिक्षकों के अमूल्य योगदान के लिए शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया मंच संचालन राजकुमार शील एवं भूपेश बनपेला ने किया.इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रवीण साहू, विनय नाग, अतुल ध्रुव, आनंद देवांगन, उत्तम सोनी एवं निकेश देवांगन का योगदान रहा।



व्याख्याता आप सभी ने इस विद्यालय में अपना काफी समय बिताया है. एवं कड़ी मेहनत की अच्छे अंक प्राप्त करके इस विद्यालय का नाम रोशन किया है. आप सभी में से कोई डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक एवं अन्य प्रोफेशन से जुड़े हैं. यह मुकाम आप सभी ने अपनी मेहनत से पाया है हम सभी गर्वित हैं

-डी.सी. खत्री

पूर्व छात्र 1998 बेच व्यस्तता बहुत अधिक होती है. जिसमें स्पेशल समय निकाल पाना मुश्किल होता है. पढ़ाई समाप्त होने के बाद नहीं सोचा था , फिर से मित्रों के साथ मिलन संभव होगा. लेकिन पच्चीसवे वर्ष ही सही मिलन नसीब था. यह अविश्वसनीय मिलन है.

-राज कुमार शील

गुरु घासीदास जयंती पर निकली शोभायात्रा

नगरी/नवप्रदेश। गुरु घासीदास बाबा की 267वीं जयंती पर सतनामी समाज ने सफेद ध्वज के साथ शोभायात्रा निकाली। इस दौरान जय सतनाम का कीर्तन करते व बाबा के बताएं आदर्श का संदेश दिया। इस सतनाम शोभायात्रा में नगरी के सभी धर्म समुदाय के लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत, सत्कार व अभिनंदन किया और शरबत पिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। संतोष कुमार बांधव ने बताया कि गुरु घासीदास बाबा के जयंती के अवसर पर शोभायात्रा में सतनाम संदेश में ÷मनखे मनखे एक समान÷ सत्य ही ईश्वर है, नशा करना समाज के लिए अहितकर है, शिक्षित बनो, सभी जीव समान, सभी मानव को भाईचारे आदि का संदेश दिए ।सतनाम शोभायात्रा में बच्चों एवं महिलाओं ने पंथी नृत्य, गीत व वाद्य यंत्रों ने सभी नगर वासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया ।

साथ ही सभी ने अपनी खुशी का इजहार गुरु घासीदास बाबा जी के आदर्श विचारों व मार्ग पर चलने का शुभकामनाएं संदेश दिए संध्याबेला में श्वेत ध्वज की पूजा अर्चना कर जैतखाम में ध्वजारोहण कर शांति की मनोकामना कियें ।रात्रि कालीन में मनमोहन पंथी नृत्य का आयोजन किया गया जिसमें सफूरा माता के जीवन दान, सत्य के प्रचार को अपने जीवन शैली में लाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सिहावा विधानसभा विधायिका श्रीमती अंबिका मरकाम विशिष्ट अतिथि मीना बंजारे,नागेंद्र शुक्ला,विमल गुप्ता,दुर्गेश साहू, बलजीत छाबड़ा रहे एवं समाज प्रमुख अध्यक्ष रूप बसंत चतुर्वेद ने गुरु घासीदास के बताएं आदर्श सत्य मार्गो पर चलने का आह्वान कर श्रद्धा एवं हर्षोउल्लास के साथ मनाए जाने की शुभकामनाएं दी।

ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम का ऐलान

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न में पाकिस्तान के खिलाफ आगामी बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए अपनी 13 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा कर दी है, जिसमें अनकैप्ड पेसर लांस मॉरिस घरेलू टी20 के लिए घर लौटने के लिए बाहर हो गए हैं।बॉक्सिंग टेस्ट 26 से 30 दिसंबर तक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में होने वाला है।मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप विजेताओं ने प्रतिष्ठित एमसीजी टेस्ट मैच के लिए अपने प्लेइंग ग्रुप को 14 से घटाकर 13 करने का विकल्प चुना, जिसमें मॉरिस को बाहर करना पर्थ में पाकिस्तान पर उनकी जीत के बाद टीम में एकमात्र बदलाव था।मॉरिस को पर्थ में पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के बाद बीबीएल में खेलने के लिए टेस्ट टीम से रिलीज कर दिया गया है।

पर्थ में शुरुआती मैच में पाकिस्तान पर 360 रनों की जीत से ऑस्ट्रेलिया के फ्रंट-लाइन आक्रमण ने अच्छी तरह से सुधार किया है, जिससे संभावना बढ़ गई है कि वे एमसीजी टेस्ट के लिए उसी प्लेइंग-11 के साथ मैदान में उतरे। मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, लांस मॉरिस को मेलबर्न मैच के लिए रिलीज कर दिया गया है, लेकिन वह टेस्ट क्रिकेट के लिए तैयार रहेंगे, क्योंकि मौका मिलने पर वह गर्मियों के लिए हमारी योजनाओं में मजबूती से शामिल रहेंगे।इसका मतलब है कि मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और कप्तान पैट कमिंस की अनुभवी तिकड़ी मेलबर्न में नई गेंद की जिम्मेदारी साझा कर सकती है, जबकि स्थानीय तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड 13-खिलाड़ियों के समूह में एकमात्र अन्य सीम विकल्प बचे हैं।

ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन टीम में अपनी जगह बनाए रखने की दौड़ में बने हुए हैं, लेकिन कमिंस का मानना है कि पर्थ में इतना प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाली टीम में कोई भी बदलाव करना मुश्किल होगा। स्टार बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को पाकिस्तान के खिलाफ शुरुआती टेस्ट के दौरान चोट लगी उंगली में किसी भी गंभीर क्षति से मुक्त कर दिया गया है और उम्मीद है कि मेलबर्न में टीम में उनकी जगह बरकरार रहेगी।

ऑस्ट्रेलिया टीम- पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, स्टीव स्मिथ, मिच स्टार्क, डेविड वार्नर।

मानसी जोशी ने जीता गोल्ड, प्रमोद भगत को 2 सिल्वर

दुबई। विश्व पैरा-बैडमिंटन नंबर 2 रैंक वाली मानसी जोशी और थुलासिमथी मुरुगेसन की जोड़ी ने महिला युगल एसएल3-एसयू5 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि पैरा एशियाई स्वर्ण पदक विजेता प्रमोद भगत ने हाल में संपन्न 5वें दुबई पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2023 में दो रजत पदक हासिल किए। जोशी और मुरुगेसन की जोड़ी ने इंडोनेशिया की लीनी रात्रि ओक्टिला और खलीमातुस सादिया की जोड़ी को 15-21, 21-14 और 21-6 से हराया। भारत द्वारा रविवार को खेले गए छह फाइनल में से यह जोड़ी एकमात्र विजेता बनकर उभरी। पुरुष एकल एसएल 3 वर्ग में प्रमोद फाइनल में इंग्लैंड के डैनियल बेथेल से हार गए। डेनियल ने दोनों गेम के अंत में 21-17, 21-18 के स्कोर के साथ फिनिश लाइन को पार करने के लिए धैर्य बनाए रखा।

देश की सबसे बड़ी ग्रामीण क्रिकेट कॉस्को टूर्नामेंट की ट्रॉफी लांच

सिरसा। पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की स्मृति में आगामी दो जनवरी से कॉस्को बॉल ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता के आगाज का होने जा रहा है। यह प्रतियोगिता देश की सबसे बड़ी ग्रामीण क्रिकेट कॉस्को प्रतियोगिता होगी। सोमवार को जेजेपी के प्रदेश प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने इस टूर्नामेंट की ट्रॉफी को लॉन्च किया है।

जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला इस क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। इस टूर्नामेंट में विजेता टीमों को लाखों रुपए के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। सैकड़ों टीमें इस खेल प्रतियोगिता में भाग लेगी। जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने कहा कि जेजेपी राजनीतिक क्षेत्र के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में भी अपना दायित्व बखूबी से निभा रही है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने के लिए जेजेपी क्रिकेट की बड़ी प्रतियोगिता सिरसा जिले के गांव चौटाला, रिसालियाखेड़ा, खारियां और माधोसिंघाना में करवाने जा रही है। इससे पहले इतनी बड़ी कभी भी ग्रामीण स्तर पर क्रिकेट कॉस्को टूर्नामेंट नहीं हुई। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि प्रतियोगिता में न केवल ग्रामीण आंचल से बल्कि शहरों के प्रत्येक वार्डों से भी बड़े पैमाने पर टीमों के पंजीकरण किए जाने के लिए अभी से आवेदन आने लगे हैं।

प्रतियोगिता के आगाज के दौरान अनेक दिग्गज पंजाबी कलाकार भी खिलाड़ियों के मनोरंजन के लिए अपना कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। आगामी 21 से 23 दिसंबर तक इच्छुक टीमें सिरसा चौटाला हाऊस पर पंजीकरण करवा सकते हैं। इस विशाल क्रिकेट प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार तीन लाख रुपए का दिया जाएगा। जबकि दूसरे व तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों को क्रमशः दो लाख और 51 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता में चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को भी 51 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

एसए-20 के जरिए भारतीय फैंस के साथ रिश्ता मजबूत करना है: ग्रीम स्मिथ

नई दिल्ली। एसए 20 लीग कमिश्नर और पूर्व प्रोटियाज कप्तान ग्रीम स्मिथ ने भारतीय क्रिकेट दर्शकों से जुड़ने के लिए लीग की आकांक्षाओं और इस रिश्ते में डिजिटल जुड़ाव के रणनीतिक जोर पर अपने विचार साझा किए।ग्रीम स्मिथ ने भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के खेल के प्रति जुनून की सराहना की।स्मिथ ने कहा, भारतीय प्रशंसक हमेशा क्रिकेट के प्रति जुनूनी रहे हैं। एसए-20 शाम के मनोरंजन के लिए बेस्ट होगा, जहां हर कोई अपने परिवार के साथ इस खेल का लुत्फ उठा सकता है। ऐसे कई भारतीय प्रशंसक हैं, जो अभी भी दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के सुनहरे दिनों को याद करते हैं और हम चाहते हैं कि प्रशंसक उस पुरानी यादों को पुनर्जीवित करें।उन्होंने एसए20 के लिए एक रणनीतिक उद्देश्य के बारे में भी बात की।स्मिथ ने कहा, हमारा उद्देश्य एसए20 को नए क्षेत्रों में विकसित करना है। उन क्रिकेट प्रशंसकों का दिल जीतना है, जो एक रोमांचक टी20 अनुभव की प्रतीक्षा कर रहे हैं। लीग अपनी डिजिटल उपस्थिति पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित करने के लिए तैयार है।लीग का दूसरा सीजन 20 जनवरी को सनराइजर्स ईस्टर्न केप और जॉबर्ग सुपर किंग्स के बीच गकेबरहा के सेंट जॉर्ज पार्क में भिड़ंत के साथ शुरू होगा।

नवीन उल हक पर आईएलटी 20 से 20 माह के लिए बैन

दुबई। अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज नवीन उल हक को शारजाह वॉरियर्स के साथ अपने प्लेयर एग्रीमेंट का उल्लंघन करने के लिए यूएई की इंटरनेशनल लीग टी20 से 20 महीने के लिए बैन कर दिया गया है।

दूसरे सीज़न से पहले नवीन को नौ मैचों में 24.36 की औसत से 11 विकेट लेने के बाद टीम द्वारा रिटेंशन नोटिस दिया गया था।

हालांकि, नवीन ने इस पर साइन करने से इनकार कर दिया। समस्या हल करने का प्रयास करने के लिए शारजाह वारियर्स इंटरनेशनल लीग टी20 तक गए।नवीन ने जब नोटिस पर साइन करने से मना कर दिया, तब टीम ने लीग के अधिकारियों से संपर्क किया। इंटरनेशनल लीग टी20 ने नवीन से बातचीत करने की कोशिश की लेकिन दोनों के बीच कोई हल नहीं निकला।लीग की डिसिप्लीनरी कमेटी में चीफ एक्जिक्यूटीव डेविड व्हाइट, सिक्योरिटी और एन्टी-करप्शन प्रमुख कर्नल आजम और एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड के सदस्य जायद अब्बास शामिल थे। इस कमेटी ने वॉरियर्स और नवीन दोनों की बात सुनी और सबूतों की जांच की।फिर, लीग की तीन सदस्यीय अनुशासन समिति जिसमें लीग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेविड व्हाइट, सुरक्षा प्रमुख और भ्रष्टाचार विरोधी आजम और सदस्य अमीरात क्रिकेट बोर्ड जायद अब्बास शामिल थे, ने दोनों पक्षों यानी नवीन और शारजाह वारियर्स को अलग से सुना। सबूतों की जांच के बाद पैनल ने नवीन पर 20 महीने के प्रतिबंध का फैसला सुनाया।लीग के चीफ एक्जिक्यूटीव डेविड व्हाइट ने कहा, हमें यह घोषणा करने में गर्व नहीं है लेकिन सभी पक्षों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी अनुबंध संबंधी प्रतिबद्धताओं का पालन करें और यह पहचानें कि गैर-अनुपालन से दूसरे पक्ष को नुकसान हो सकता है। दुर्भाग्य से नवीन शारजाह वॉरियर्स के साथ अपने अनुबंध संबंधी दायित्वों का पालन करने में विफल रहे और ऐसे में लीग के पास उन पर 20 महीने का प्रतिबंध लगाने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।नवीन का प्रतिबंध अगस्त 2025 तक रहेगा, जिसके कारण वह लीग के अगले दो सीज़न से चूक जाएंगे। प्रतियोगिता का दूसरा सीज़न संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में 2024 जनवरी-फरवरी विंडो में होने वाला है।इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जाइंट्स ने आईपीएल 2024 मिनी-नीलामी से पहले नवीन को बरकरार रखा। नवीन के जनवरी 2024 में अफगानिस्तान के भारत दौरे में शामिल होने की संभावना है,

भारत के लिए ड्रीम डेब्यू से खुश हैं साई सुदर्शन

जोहान्सबर्ग। आईपीएल 2023 और इमर्जिंग मेन्स एशिया कप जैसी प्रतियोगिताओं में अपने प्रदर्शन के दम पर साई सुदर्शन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा। इस बांए हाथ के बल्लेबाज ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे डेब्यू किया और 55 रन बनाकर नाबाद रहे।बीसीसीआई.टीवी पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में साई सुदर्शन ने कहा, यह बेहद शानदार था क्योंकि एक युवा खिलाड़ी के रूप में हर कोई देश के लिए खेलना चाहता है। टीम की जीत में अपना योगदान देना और देश के लिए ट्रॉफियां जीतना हर किसी का सपना है। इसलिए, मैं अपने प्रदर्शन से खुश था और यह एक बहुत ही खूबसूरत एहसास है।एक संस्कृति जो मुझे पसंद है, वह है डेब्यू कैप मिलना जिसे मैं तमिलनाडु के दिनों से देखना पसंद करता हूं। राष्ट्गान के दौरान मैं थोड़ा भावुक था। यह एक शानदार एहसास है और मैंने इसका आनंद लिया।117 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए, साईं सुदर्शन ने एक बेहतरीन कवर ड्राइव के साथ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी छाप छोड़ी और अपने पहले वनडे मैच में चौके के साथ अपना खाता खोला।इतना ही नहीं सुदर्शन ने स्पिनरों के खिलाफ अपने फुटवर्क का इस्तेमाल करने के तरीके से प्रभावित करना जारी रखा। उन्होंने 41 गेंदों पर नाबाद 55 रन बनाए, जबकि श्रेयस अय्यर के साथ 88 रन की साझेदारी की, जिन्होंने 52 रन बनाए।

बिजनेस

भारत की विकास दर मजबूत रहेगी, चालू खाता घाटा होगा कम : आईएमएफ

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की मंगलवार को जारी आकलन रिपोर्ट के अनुसार, व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता के समर्थन से भारत की आर्थिक विकास दर मजबूत रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि,आगे बढ़ते हुए देश का मूलभूत डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा और एक मजबूत सरकारी बुनियादी ढांचा कार्यक्रम विकास को बनाए रखना जारी रखेगा। यदि व्यापक सुधार लागू किए जाते हैं, तो श्रम और मानव पूंजी के अधिक योगदान के साथ, भारत में और भी अधिक विकास की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लचीली सेवाओं के निर्यात और कुछ हद तक कम तेल आयात लागत के परिणामस्वरूप देश का चालू खाता घाटा वित्त वर्ष 2023/24 में सकल घरेलू उत्पाद का 1.8 प्रतिशत तक सुधरने की उम्मीद है। यह वित्तीय वर्ष 2023/24 और वित्तीय वर्ष 2024/25 में 6.3 प्रतिशत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान लगाता है और कहता है कि मुख्य मुद्रास्फीति धीरे-धीरे लक्ष्य तक कम होने की उम्मीद है, हालांकि खाद्य कीमतों के झटके के कारण यह अस्थिर बनी हुई है। भारत की अर्थव्यवस्था ने पिछले वर्ष में मजबूत वृद्धि दिखाई। हेडलाइन मुद्रास्फीति औसतन कम हुई है, हालांकि यह अस्थिर बनी हुई है। रोज़गार महामारी से पहले के स्तर को पार कर गया है और अनौपचारिक क्षेत्र का दबदबा कायम है, औपचारिकीकरण में प्रगति हुई है। रिपोर्ट बताती है कि वित्तीय क्षेत्र लचीला रहा है। कई वर्षों में सबसे मजबूत और 2023 की शुरुआत में वैश्विक वित्तीय तनाव से काफी हद तक अप्रभावित रहा है। बजट घाटा कम हो गया है। सार्वजनिक ऋण ऊंचा बना हुआ है और राजकोषीय बफ़र्स को फिर से बनाने की आवश्यकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर, भारत की 2023 जी20 अध्यक्षता ने बहुपक्षीय नीति प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने में देश की महत्वपूर्ण भूमिका का प्रदर्शन किया है।

दृष्टिकोण के जोखिम संतुलित हैं। निकट भविष्य में वैश्विक विकास में तीव्र मंदी व्यापार और वित्तीय चैनलों के माध्यम से भारत को प्रभावित करेगी। इसके अलावा वैश्विक आपूर्ति में व्यवधान के कारण कमोडिटी की कीमत में बार-बार अस्थिरता हो सकती है, इससे भारत पर राजकोषीय दबाव बढ़ सकता है।

मायावन में मुख्य अभिनेत्री की भूमिका निभाएंगी आकांशा

हीरो संदीप किशन, जो क्रिएटिव डायरेक्टर वी आनंद के साथ बहुप्रतीक्षित ऊरु पेरू भैरवकोना की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं, बैनर के प्रोडक्शन नंबर 26 के लिए एक बार फिर एके एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर काम करेंगे। सीवी कुमार इस प्रोजेक्ट का नेतृत्व कर रहे हैं और संदीप के साथ यह उनकी दूसरी फिल्म है। किशन, सनसनीखेज हिट प्रोजेक्टजेड/मायावन के बाद। दिलचस्प बात यह है कि प्रोजेक्टजेड/मायावन की दुनिया पर आधारित यह साइंस-फाई एक्शन थ्रिलर उसी की अगली कड़ी है और इसका नाम मायावन एडवेंचर्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड है, जो रामब्रह्मम सुनकारा द्वारा निर्मित इस हाई-बजट फिल्म को प्रस्तुत करता है। किशोर गैरीकिपति (जीके) कार्यकारी निर्माता हैं। आकांशा रंजन कपूर जिन्होंने धर्मा प्रोडक्शंस की पहली ओटीटी फिल्म गिल्टी से अभिनय की शुरुआत की और बाद में समीक्षकों द्वारा प्रशंसित एंथोलॉजी श्रृंखला रे और स्ट्रीमिंग श्रृंखला मोनिका ओ माय डार्लिंग का हिस्सा बनीं, जो संदीप किशन के साथ प्रमुख महिला की भूमिका निभाने के लिए बोर्ड पर आई हैं। .

फॉक्सवैगन जनवरी से कारों की बढ़ाएगी कीमतें

मुंबई। वोक्सवैगन पैसेंजर कार्स इंडिया ने मंगलवार को बढ़ते इनपुट और मटेरियल लागत के चलते अपने मॉडल रेंज में कार की कीमतों में 2 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की है।

वोक्सवैगन के प्रवक्ता ने कहा- ब्रांड इनपुट लागत में वृद्धि का अधिकांश हिस्सा वहन कर रहा है, हालांकि, कुछ प्रभाव अंतिम उपभोक्ताओं पर डालना होगा। वोक्सवैगन का यह फैसला मारुति सुजुकी के साथ-साथ महिंद्रा एंड महिंद्रा द्वारा वाहन की कीमतें बढ़ाने की घोषणा के बाद आया है।घरेलू ऑटो प्रमुख महिंद्रा एंड महिंद्रा ने 6 दिसंबर को घोषणा की थी कि वह अगले महीने से अपने यात्री और वाणिज्यिक वाहनों की कीमतें बढ़ाएगी।कंपनी ने कहा कि लागत बढ़ने के कारण वह कीमतें बढ़ा रही है।ऑटो प्रमुख ने कहा कि उन्होंने इन अतिरिक्त लागतों को यथासंभव अवशोषित करने का प्रयास किया है।हालांकि, इस बढ़ोतरी का एक हिस्सा ग्राहकों को दिया जाएगा। मारुति सुजुकी ने 27 नवंबर को घोषणा की थी कि वह जनवरी 2024 से अपनी कारों की कीमतें बढ़ाएगी।देश की अग्रणी कार निर्माता कंपनी ने कहा कि उसने बढ़ती इनपुट लागत के कारण कार की कीमतें बढ़ाने का फैसला किया है।मारुति सुजुकी ने कहा, कंपनी लागत कम करने और बढ़ोतरी की भरपाई करने के लिए अधिकतम प्रयास कर रही है, लेकिन उसे कुछ बढ़ोतरी का भार बाजार को देना पड़ सकता है।

हेलिकल पंप असेंबली के लिए शक्ति पंप्स को मिला पेटेंट

पीथमपुर। एनर्जी एफिशिएंट पंप्स और मोटर्स निर्माण की अग्रणी कंपनी शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड को 'हेलिकल पंप असेंबली' के लिए पेटेंट प्राप्त हुआ है। पेटेंट कार्यालय, भारत सरकार ने, 1970 के पेटेंट अधिनियम में निर्धारित प्रावधानों का पूरी तरह से पालन करते हुए, शक्ति पंप्स को यह पेटेंट प्रदान किया है। यह पेटेंट 20 वर्षो की अवधि के वैध है यह और यह शक्ति पम्पस् का आठवा पेटेंट है। पेटेंटे किया गया यह बेहतरीन पॉजिटिव डिस्प्लेसमेंट पंप, पीने के पानी के लिए प्रयोग किए जाने वाले उपकरणों के लिए सोलर पैनल की आवश्यकताओं में 50त्न की कटौती का वादा कर सोलर एप्लीकेशन में क्रांति ला रहा है। यह इनोवेशन न केवल लागत बचाता है बल्कि कम जगह घेरता है, जो रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में एक महत्वपूर्ण फ्ायदेमंद बदलाव है। ज्यादा से ज्यादा समय धूप में रहने के लिए बनाई गई ओपरेशनल फंक्शन की विशेषता के साथ, यह पंप एफिशिएंसी को बढ़ाता है।

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
e-Procurement Tender Notice
Mail Portal : http://eproc.cgstate.gov.on
(3rd Call)

NIT NO: 88/ZONE 08/2023 RAIPUR DATED 14.12.2023

Online bids are invited for the follwing works up to 26.12.2023 at 17.30 hours.

Sr. No.	System Tender No.	Name of work/Desception of work	Probable amount of contract (in Lacs)
1	150079	संत रविदास वार्ड अंतर्गत सरोना वालफोर्ट बीएसयूपी कालोनी में सीवरेज, पेयजल, मरम्मत एवं अन्य कार्य (संधारण मद)	54.23

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procuremant Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 14.12.2023, 17.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal NIT Details and other documents.

NOTE :-

1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdask eproc@cgswan.gov.in

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

ZONE COMMISSIONER
ZONE 08
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

केनरा बैंक Canara Bank

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी दिनांक : 05.01.2024

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है। निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक 05.01.2024 को 12.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है।

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा का नाम / खाता संख्या व आईएफएससी कोड
मेसर्स हार्दिक एंटरप्राइजेज, फ्लैट नं. 101, ब्लॉक-बी, एम्प्रेसिया अपार्टमेंट न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर, छ.ग. भागीदार- 1. श्री सुरेश निहिचलानी पिता- श्री इन्दनदास निहिचलानी, निहिचलानी भवन वार्ड नंबर 10, बसंत राइस मिल के सामने, तिल्दा, रायपुर, छ.ग., 2. श्री विजय कुमार निहिचलानी पिता- श्री इन्दनदास निहिचलानी, फ्लैट नं. 103, ब्लॉक-ए, एम्प्रेसिया अपार्टमेंट, न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर, छ.ग., जमानतदार- 1. श्रीमती कंचन निहिचलानी पति- श्री सुरेश निहिचलानी, फ्लैट नं. 101, ब्लॉक-बी, एम्प्रेसिया अपार्टमेंट, न्यू राजेंद्र नगर, 2. श्रीमती संध्या निहिचलानी पति- श्री विजय कुमार निहिचलानी, फ्लैट नं. 103, ब्लॉक-ए, एम्प्रेसिया अपार्टमेंट, न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर, छ.ग.	1. खसरा नं. 550/3 (भाग), प.ह.नं. 109/39, कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड नं. 26, आरआईसी-1, तहसील व जिला- रायपुर छ.ग., क्षेत्रफल की सीमा 1650 वर्गफीट में स्थित प्लॉट नं. 93। संपत्ति की चौहद्दीः पूर्व- प्लॉट नं. 80, पश्चिम- सड़क, उत्तर- प्लॉट नं. 92, दक्षिण- प्लॉट नं. 94. 2. खसरा नं. 405/3 उपविभाजन के बाद खसरा नं. 405/5 में बदला गया, प.ह.नं. 109/39/41, दलदल सिवनी (4407238), कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड नं. 26, आरआईसी-1, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.), क्षेत्रफल की सीमा 9150 वर्गफीट में स्थित भूमि। संपत्ति की चौहद्दीः पूर्व- खोरबहरा की भूमि, पश्चिम- श्रीमती लता कुराद एवं श्रीमती मधुता जैन की भूमि, उत्तर- अनिल दुबे की भूमि ख.नं. 405/1, दक्षिण- विक्रेता की बाकी भूमि ख.नं. 405/3.	21.08.2023 / 23.10.2023 / ₹ 1,67,85,137.37 17.08.2023 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	1: ₹ 16,83,000/- / ₹ 1,68,300/- / ₹ 10,000/-; 2: ₹ 97,21,000/- / ₹ 9,72,100/- / ₹ 10,000/-	Mr. Ritesh Kumar Kawale (Mo. 9326911967) GE Road, Raipur Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0002555 Email: cb2555@canarabank.com
मेसर्स प्रेशिका मल्टीट्रेड एण्ड इन्फ्रा प्रा.लि., दुकान नं. 30, भूतल, मैग्नेटो मॉल, एनएच 6, लाभांडी, रायपुर (छ.ग.) निदेशक सह जमानतदार- 1. श्री सुरेश निहिचलानी पिता- श्री इन्दनदास निहिचलानी, फ्लैट नं. 101, ब्लॉक-बी, इंप्रेसिया अपार्टमेंट, महाराणा प्रताप कॉलेज के पीछे, न्यू राजेन्द्र नगर, अमलीडीह, रवि ग्राम, वृंदावनगढ़, रायपुर (छ.ग.) 2. श्री विजय कुमार निहिचलानी पिता- श्री इन्दनदास निहिचलानी, फ्लैट नं. 103, ब्लॉक-ए, इंप्रेसिया अपार्टमेंट, महाराणा प्रताप कॉलेज के पीछे, न्यू राजेन्द्र नगर, अमलीडीह, रवि ग्राम, वृंदावनगढ़, रायपुर (छ.ग.) बंधककर्ता सह जमानतदार- 1. श्रीमती कंचन निहिचलानी पति- श्री सुरेश निहिचलानी, फ्लैट नं. 101, ब्लॉक-बी, इंप्रेसिया अपार्टमेंट, महाराणा प्रताप कॉलेज के पीछे, न्यू राजेन्द्र नगर, अमलीडीह, रवि ग्राम, वृंदावनगढ़, रायपुर (छ.ग.) 2. श्रीमती संध्या निहिचलानी पति- विजय कुमार निहिचलानी, फ्लैट नं. 103, ब्लॉक-ए, इंप्रेसिया अपार्टमेंट, महाराणा प्रताप कॉलेज के पीछे, न्यू राजेन्द्र नगर, अमलीडीह, रवि ग्राम, वृंदावनगढ़, रायपुर छ.ग.	1. श्रीमती कंचन निहिचलानी के नाम पर खसरा नं. 409/3, 409/11, 409/26, प.ह.नं. 114, टिकरापारा, रायपुर, क्षेत्रफल- 750 वर्गफीट द इम्प्रेसिया, प्रथम तल, फ्लैट नं 101 में स्थित आवासीय फ्लैट के समस्त भाग व अंश। चौहद्दीः दक्षिण की ओर- फ्लैट नं. 102, उत्तर की ओर- गली, पश्चिम की ओर- फ्लैट नं. 104, पूर्व की ओर- फ्लैट नं. 103. 2. श्रीमती संध्या निहिचलानी के नाम पर खसरा नं. 409/3, 409/11, 409/26, प.ह.नं. 114, टिकरापारा, रायपुर, क्षेत्रफल- 750 वर्गफीट द इम्प्रेसिया, प्रथम तल, फ्लैट नं 103 में स्थित आवासीय फ्लैट के समस्त भाग व अंश। चौहद्दीः दक्षिण की ओर - गली, उत्तर की ओर - फ्लैट नं. 104, पश्चिम की ओर- फ्लैट नं. 102, पूर्व की ओर- फ्लैट नं. 102.	13.04.2023 / 11.07.2023 / ₹ 63,44,209.77/- 31.04.2023 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	Property-1: ₹ 27,72,000/- / ₹ 2,77,200/- / ₹ 10,000/-; Property-2: ₹ 27,72,000/- / ₹ 2,77,200/- / ₹ 10,000/-	Mr. Ritesh Kawale (Mo. 9326911967) Smriti Nagar Bhilai A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0002555 Email: cb2555@canarabank.com

ई-नीलामी की शर्तें- (1) नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट www.indianbankseauction.com के माध्यम से ऑन लाईन ई-नीलामी की जावेगी। (3) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक 04.01.2024, सुबह 10.30 से सायं 4.30 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है। (4) इच्छुक निविदाकर्ता धरोहर राशि (EMD) आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत का भुगतान डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से, जो कि प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक के उपरोक्त संबंधित शाखा के पक्ष में देय हो। दिनांक 04.01.2024 को सायं 5.00 बजे तक जमा करें अथवा ऑन लाईन भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी/फण्ड ट्रांसफर के माध्यम से उपरोक्त वर्णित खातों में किया जा सकता है। (8) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे। (11) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा के प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें अथवा सर्विस प्रदाता M/s Canbank Computer Service Ltd., E-mail ID: - eauction@ccsl.co.in अथवा www.canarabank.com पर संपर्क करें।

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'सेन्ट्रल क्रोनिकल' दिनांक 20.12.2023 रायपुर संस्करण में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा।

दिनांक : 19.12.2023 स्थानः रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

कृषि विभाग में 80 लाख का घोटाला, जांच के बाद होगी कार्रवाई

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले के कृषि विभाग में 80 लाख रुपए घोटाले का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता ने लिखित में रायपुर संचालनालय में शिकायत की है। इसमें कृषि विभाग में 79.44 लाख रुपए घोटाला किए जाने की खबर निकल कर सामने आ रही है। शिकायत पर छत्तीसगढ़ राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था रायपुर, संचालनालय कृषि छत्तीसगढ़ ने संज्ञान लेते हुए प्रभारी उपसंचालक राकेश शर्मा को पत्र जारी कर शिकायत की जांच के लिए 12 बिंदु में जानकारी उपलब्ध कराने का उल्लेख किया है।

कृषि विभाग को पत्र मिलने के बाद विभाग में खलबली मच गई है। ये पत्र विभाग में चर्चा का विषय बना हुआ है। कई और भी घोटाले का पोल खुलने और विभाग के कई अन्य अधिकारी कर्मचारी पर कार्यवाही होने की बात कही जा रही है।

कबीरधाम के प्रभारी उपसंचालक कृषि राकेश शर्मा पर 80 लाख रुपए का फर्जी भुगतान कर राशि गबन करने का आरोप है। शिकायतकर्ता ने प्रमाणित दस्तावेज के साथ अपने शिकायत में आरोप लगाया है कि राष्ट्रीय खाद्यान्न सुरक्षा मिशन योजना में निंदानाशक दवाई वितरण की आड़ में एक निजी फर्म के साथ सांठ-गांठ कर फर्जी बिल लगाकर 79.44 लाख का भुगतान कर रकम की बंदरबाट की गई।

शिकायतकर्ता ने प्रभारी उपसंचालक राकेश शर्मा पर गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कृषि उत्पादन आयुक्त एवं सचिव, छत्तीसगढ़ शासन कृषि विभाग को शिकायत की है। उन्होंने राष्ट्रीय खाद्यान सुरक्षा मिशन योजना के तहत निंदानाशक



दवाई वितरण के लिए 50% का कृषक अंश बीज निगम में जमा कराकर दवा का वितरण बीज निगम से भी कराया जा सकता था। बीज निगम में दवा उपलब्ध होने के बावजूद निगम को बगैर अनुमति निजी फर्म से क्रय कर भुगतान करना संदेह पैदा करता है।

निजी फर्म से दवा लेने नहीं ली एनओसी

प्रभारी कृषि अधिकारी ने निजी फर्म से दवा क्रय करने के लिए बीज निगम से एनओसी नहीं ली गई। निम्न गुणवत्ता का दवा क्रय तो किया गया पर किसी किसान को वितरण नहीं किया गया। अधिकारी द्वारा दवा क्रय करने के लिए कोई भी टेंडर जारी नहीं किया गया है।

क्षेत्र विशेष के किसानों को दिया लाभ

इस योजना के तहत पूरे कबीरधाम जिले के कृषकों को योजना का लाभ दिया जाना था किंतु अधिकारी द्वारा मनमानी करते हुए केवल स.लोहारा विकासखंड के कृषकों को लाभ दिया गया। प्राप्त बिल में दवा क्रय की तिथि 01 जून 2023 बताई गई है जबकि सभी भुगतान 15 जून 2023 को ही कर दिया गया है। योजनांतर्गत दवा वितरण के 25-30 दिन बाद कृषकों से दवा के संबंध में फीडबैक लेने का प्रावधान है कि दवा की गुणवत्ता कैसी है उसके बाद भुगतान करने का प्रावधान है। किंतु अधिकारी द्वारा कृषकों से बिना फीडबैक लिए ही भुगतान किया जाना संदेह की श्रेणी में आता है।

अधिकारी के द्वारा 200% का अनुदान भुगतान किया गया है। जबकि योजना के तहत शासन और कृषक का 50%-50% का अंश सम्मिलित रहता है। योजना के तहत कृषकों से 39.72 लाख रुपए कृषक अंश के रूप में जमा कराकर शासन को कुल 79.44 लाख रुपए की दवा क्रय का भुगतान बीज निगम माध्यम से किया जाना था।

प्राप्त बिल में दवा क्रेता कृषक को बताया गया है और दवाई की डिलीवरी SADO स.लोहारा को किया जाना बताया गया है। योजना के तहत कृषक द्वारा दवा क्रय कर बिल स्वयं विभाग को प्रस्तुत कर भुगतान संबंधित फर्म को किए जाने के लिए विभाग को निवेदन करने या नगद क्रय कर अनुदान की राशि का भुगतान कृषक के खाते में करने का प्रावधान है। उक्त प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया सीधे अधिकारी द्वारा फर्म से बिल लेकर भुगतान कर दिया गया।

उपसंचालक कृषि राकेश शर्मा कुछ समय पूर्व शासकीय वाहन का दुरुपयोग मामले में सुर्खियों में थे। मीडिया में शासकीय वाहन का निजी उपयोग करने का मामला उजागर हुआ था।

कवर्धा के फायर ब्रांड नेता विजय शर्मा के जीत के बाद उन्होंने भ्रष्ट अधिकारियों को सचेत किया था और प्रदेश में सुशासन की सरकार आने की बात कही थी। उनके उपमुख्यमंत्री बनने की घोषणा होने के बाद जिले के लोक निर्माण विभाग ने गड़बड़ी की भेंट चढ़ी सड़क के संबंध में सोशल मीडिया के पोस्ट पर संज्ञान लेते हुए कार्यवाही की।

स्कूल जाने निकली कटघोरा की दो नाबालिग छात्राएं लापता

कोरबा/नवप्रदेश। कटघोरा क्षेत्र की दो नाबालिग छात्राएं एकाएक गायब हो गई। इससे स्वजन समेत क्षेत्र के लोगों में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि कटघोरा थाना अंतर्गत मोहलाइन भाठा क्षेत्र में रहने वाली एक छात्रा घर से स्कूल जाने का नाम पर 10 दिसंबर को निकली थी, पर वह न तो स्कूल पहुंची और वापस घर लौटी। शाम को छात्रा के घर नहीं आने पर स्वजनों ने तलाश शुरू की। सहेलियों के अलावा अन्य परिचितों से उसके संबंध में जानकारी ली, लेकिन कहीं पता नहीं चला।

इसी तरह कटघोरा थाना अंतर्गत ही खुंटरी गढ़ की रहने वाली व एक निजी स्कूल में अध्ययनरत कक्षा नौवीं की छात्रा भी 10 दिसंबर को घर से स्कूल जाने निकली थी। वह भी वापस नहीं लौटी। स्वजनों ने सोचा कि किसी परिचित सहेली के घर चली गई होगी, इसलिए सभी सहेलियों से पूछताछ की गई, पर पता नहीं चला। बाद में स्वजनों ने अपने रिश्तेदारों व अन्य परिचितों से भी उसके संबंध में पूछताछ किया। कहीं पता नहीं चलने पर आखिरकार दोनों छात्रा के स्वजनों ने घटना की सूचना कटघोरा थाना में दी। पुलिस ने गुम इंसान कर मामले को गंभीरता से लेते हुए छात्राओं के संबंध में पतासाजी कर रही हैं। इसमें साइबर सेल की भी मदद ली जा रही है, ताकि उनके संबंध में जानकारी हासिल की जा सके। हालांकि अभी तक छात्राओं के संबंध में पुलिस को जानकारी नहीं मिल सकी है।

बंधक बनाए गए पहाड़ी कोरवा युवकों की सुरक्षित वापसी

सरगुजा/नवप्रदेश। मैनपाट ब्लॉक के 10 से ज्यादा पहाड़ी कोरवा युवकों को दिल्ली में बंधक बनाने का मामला सामने आया है. ज्यादा मजदूरी का झांसा देकर दिल्ली में सभी पहाड़ी कोरवा युवकों को बंधक बनाया गया है.

बंधकों में एक युवक ने अपना वीडियो बनाकर वायरल किया है. उन्होंने परिजनों सहित प्रशासन से अपनी घर वापसी के लिए मदद की गुहार लगाई है. वीडियो वायरल होने के बाद सभी बंधक बने मजदूरों की घर वापसी को लेकर परिवार परेशान है. दिल्ली में बंधक बने मजदूर सरगुजा के मैनपाट ब्लॉक के ग्राम सुपलगा सहित अन्य गांव के रहने वाले बताए जा रहे.

हत्या का आरोपी गिरफ्तार

भिलाई/नवप्रदेश। कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम बघेरा में हुए हत्याकांड के आरोपियों को पुलिस ने चंद घंटों के भीतर ही धरदबोचा। सिगरेट पीने के नाम पर उपजे विवाद में एक युवक को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा है।

हत्या में शामिल 5 आरोपियों और 1 अपचारी बालक की गिरफ्तारी हुई है. मृतक प्रेम उर्फ रॉकी मंडल दो वर्ष पूर्व हत्या के मामले में जेल गया था. वारदात में प्रयुक्त डण्डा, लाठी एवं पत्थर बरामद की गई है. पुलिस ने सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

अगरबत्ती से लगी खेत में आग, फायर बिग्रेड ने बुझाया

दुर्ग/नवप्रदेश। खेत में काम के दौरान अगरबत्ती से आग लग गई। आग पूरे इलाके में फैल गई। घटना पाटन ब्लॉक के गांव कानाकोट की है। मचांदूर पुलिस को सूचना मिली और उन्होंने फायर बिग्रेड दुर्ग की टीम को मौके पर बुलाया। फायर ब्रिगेड की टीम आने के पहले गांव की श्रमिक महिलाएं अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास कर रही थीं। फायर ब्रिगेड की टीम में मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और आग पर नियंत्रण पाया । आग की चपेट में करीब 10 एकड़ का इलाका आया है । खेत में धान की कटाई हो चुकी है। उसके घास बाकी थे। खेत की मेढ़ में लगे घास के जरिए आग एक खेत से दूसरे खेत होते हुए दूर तक जा फैली थी।

श्रमिक महिलाओं ने बताया कि खेत में मनरेगा के तहत कार्य होना था। कार्य शुरू करने के पहले पूजा अर्चना कर अगरबत्ती जलाई गई थी, जो आग में बदल गई। इस घटना का पराली जलाने से संबंध नहीं है।

बस्तर के स्कूलों में पढ़ाया जाएगा आयुर्वेद

बस्तर/नवप्रदेश। बस्तर संभाग में स्कूली बच्चों को अब आयुर्वेद की पढ़ाई कराई जाएगी। ताकि स्कूली बच्चों में स्वस्थ जीवन शैली विकसित हो सके। राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत बस्तर जिले में आयुर्विद्या कार्यक्रम का संचालन शुरू होने जा रहा है। इस कार्यक्रम का फायदा आने वाले दिनों में बस्तर जिले के सभी 2500 स्कूलों में होगा। करीब एक लाख से भी ज्यादा बच्चे इससे लाभान्वित होंगे।

आयुर्वेद के साथ योग की दी जाएगी जानकारी

इस कार्यक्रम के तहत बच्चों को आर्युवेद के साथ साथ योग की भी शिक्षा दी जाएगी। योग और प्राणायाम के माध्यम से अपने मानसिक स्तर को कैसे अच्छा बना सकते हैं इसके बारे में बच्चों को बताया जाएगा। स्कूली बच्चों को नीम, तुलसी, एलोवेरा, पीपल, बरगद, मूंगा, जामुन औषधि गुणों की भी जानकारी दी जाएगी। यह कार्यक्रम जिले में सही ढंग से संचालित हो और स्कूली बच्चों को इसका लाभ मिले इसके लिए 7 डाक्टर्स की टीम तैयार की गई है। यह सात डॉक्टर पहले केरल में इससे संबंधित ट्रेनिंग हासिल कर चुके हैं। अब यह स्कूली बच्चों को आयुर्वेद की पढ़ाई कराएंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारी की जा चुकी है।

आयुर्वेदिक डॉक्टर बच्चों की कराएंगे पढ़ाई

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक इस योजना के तहत आयुर्वेदिक डॉक्टर अपने इलाके के किसी स्कूल में जाएंगे और बच्चों को पढ़ाने का काम करेंगे। वे बच्चों को आयुर्वेद का महत्व बताने के साथ ही उनके निरोग होने की जानकारी देंगे। ताकि बच्चे तंदरुस्त रह सकें।

> इस समय स्कूली बच्चे पढ़ाई के दबाव से होने वाले मानसिक तनाव, शारीरिक समस्या से जूझ रहे हैं। शिक्षा के दबाव की वजह से वे नशे एवं गलत आदतों के चक्कर पड़ रहे हैं। इस तरह की जानकारी से वह गलत आदतों से मुक्ति पा सकेंगे। अच्छी आदत सीख सकेंगे.
>
> **डॉक्टर जे आर नेताम,**
> जिला आयुर्वेदिक अधिकारी

एम्स में ब्रेन डैड की किडनी 20 वर्षीय युवक को प्रत्यारोपित

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में मंगलवार को 20 वर्षीय युवक को ब्रेन डैड रोगी की किडनी प्रत्यारोपित की गई। युवक की गंभीर स्थिति थी मगर परिजनों की किडनी मैच न हो पाने की वजह से किडनी ट्रांसप्लांट संभव नहीं हो पा रहा था। किडनी को एम्स तक पहुंचाने के लिए रायपुर में ग्रीन कॉरिडोर भी बनाया गया।

जांजगीर चांपा निवासी 20 वर्षीय युवक को दो वर्ष से किडनी संबंधी दिक्कत थी। एक साल से डायलिसिस चल रही थी। पिछले एक सप्ताह से युवक का गंभीर स्थिति में एम्स में उपचार चल रहा था। परिजन किडनी देने को तैयार थे परंतु मैच न हो पाने की वजह से प्रत्यारोपण संभव नहीं हो पा रहा था। एक निजी अस्पताल में 52 वर्षीय ब्रेन डैड रोगी की किडनी के बारे में जानकारी मिलने पर तुरंत ग्रीन कॉरिडोर बनाकर किडनी को एम्स पहुंचाया गया जहां देर शाम तक सर्जरी कर युवक को किडनी प्रत्यारोपित की गई।

ब्रेन डैड रोगी की किडनी को अन्य अस्पताल प्रत्यारोपित करने के लिए तैयार नहीं थे मगर एम्स के चिकित्सकों ने इस चुनौती को स्वीकार करते हुए युवक को किडनी का प्रत्यारोपण किया। किडनी ट्रांसप्लांट में अस्सिटेंट नर्सिंग ऑफिसर विशोक, विनीता और अंबे का योगदान रहा। किडनी प्रत्यारोपण में यूरोलॉजी विभाग के डॉ. अमित शर्मा, डॉ. सत्यदेव शर्मा, डॉ. दीपक बिस्वाल, नेफ्रोलॉजी विभाग के डॉ. विनय राठौड़, डॉ. रोहित और एनेस्थिसिया विभाग के डॉ. सुभ्रत सिंघा और डॉ. महेंद्र शामिल थे।

डॉ. रमन सिंह से बोले सीएम साय-ये गौरव के पल

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए डॉ. रमन सिंह। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने नव निर्वाचत विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को आसंदी तक लेकर पहुंचे। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने क्या कहा नव निर्वाचित विधानसभा अध्यक्ष के लिए। नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा नव निर्वाचित विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने 15 साल प्रदेश की बागडोर संभाली है, राजनीतिक का गहरा अनुभव है। वे मध्यप्रदेश के समय से विधायक बनते रहे हैं। उन्हें केन्द्र में मंत्री रहने का भी अनुभव है। मैंने स्वयं उनके साथ काम किया है। मुझे उनके मार्गदर्शन में ही विधायक और सांसद रहने का मौका मिला है। ये गौरव के पल है।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बोले : नव निर्वाचित विधानसभा अध्यक्ष बने डॉ. रमन सिंह से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बोले- अब हमारी भूमिकाएं बदल गई है और इसी के साथ हिसाब किताब बराबर हो गया। वहीं पूर्व सीएम ने कहा आपकी राजनीतिक यात्रा बहुत लंबी है। लोकसभा सदस्य, राज्यमंत्री और छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री के रूप में आपका कार्यकाल 15 साल रहा है। बहुत सारी नई परंपराएं स्थापित की है।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बोले- मेरा अतीत

विधानसभा नेता प्रतिपक्ष बने डॉ. चरण दास महंत ने नव निर्वाचित अध्यक्ष बने डॉ. रमन सिंह से कहा आप जहां बैठे हो वो मेरा अतीत है। यहां बैठे सभी लोग आपके स्वभाव को जानते है। आप एक बेहतर इंसान, बेहतर राजनीतिज्ञ हो। आप ने इस नवगठित राज्य छत्तीसगढ़ की 15 साल सेवा की है। हमारे साथ-साथ प्रदेश की जनता ने देखा है। आप जनता के बीच आज भी प्रशंसनीय है आपका प्रभाव लोगों के बीच आज भी देखा जा सकता है। आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

इन विधायकों ने ली छत्तीसगढ़ी में शपथ

सीएम विष्णुदेव साय और नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के साथ डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा ने भूपेश बघेल, विक्रम उसेंडी, धरमजीत सिंह, लखेश्वर बघेल, दलेश्वर साहू छत्तीसगढ़ी में शपथ ली। लैलूंगा से कांग्रेस की विधायक विद्यावती सिदार ने संस्कृत में शपथ ली। लता उसेंडी ने भी संस्कृत में शपथ ग्रहण की।

तेंदुए की खाल बेचने की फिराक में घूम रहा युवक गिरफ्तार

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की एंटी पोचिंग टीम ने एक बार फिर तेंदुए की खाल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वन परिक्षेत्र तौरेंगा (बफर) सर्कल गाजीमुड़ा के अंतर्गत ग्राम कोचेंगा पेट्रोलिंग कैंप के नीचे कोचेंगा गाजीमुड़ा मार्ग के बीच में कार्यवाही की गई है। बताया जाता है कि तस्कर तेंदुए की खाल को बेचने की फ़िराक में थे, इससे पहले वन विभाग की टीम ने तेंदुए की खाल को कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुट गई है। वहीं न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी गरियाबंद के समक्ष पेश कर आरोपी को न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया है। 18 दिसंबर सोमवार को गुप्त सूचना मिली कि वन परिक्षेत्र तौरेंगा (बफर), सर्कल गाजीमुड़ा के अंतर्गत ग्राम कोचेंगा पेट्रोलिंग कैंप के नीचे कोचेंगा गाजीमुड़ा मार्ग के बीच में 1 नग तेंदुआ खाल की खरीदी/बिक्री करने वाले हैं कि सूचना मिलते ही एण्टी पोचिंग टीम उदंती सीतानदी टायगर गरियाबंद के सदस्य तत्काल मौके पर पहुंच कर एक व्यक्ति बुध्दू राम पिता घांसीराम, जाति गोंड़, उम्र 47 वर्ष, ग्राम गाजीमुड़ा, थाना शोभा, तहसील मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) को 1 नग तेन्दुआ खाल के साथ पकड़ा गया।